संस्करण : नई दिल्ली, पानीपत (हरियाणा), चंडीगढ़, लखनऊ, भोपाल (मध्य प्रदेश), हल्द्वानी, नैनीताल, देहरादून (उत्तराखंड) से एक साथ प्रकाशित

पब्लिक की सुनें, पब्लिक की कहें...

पब्लिक एशिया

खोजी पत्रकारिता का नया आयाम

'हैट्रिक की बारी है हर कार्यकर्ता मनोज ... पृष्ठ नं: 3

@publicasia1989 @publicasiaofficial @publicasia

वर्ष : 35 | अंक : 141 | नई दिल्ली, बुधवार, 10 अप्रैल, 2024 | पृष्ठ : 12

मूल्य ₹ 3.00

RNI No-49329/89
website: www.publicasia.in
email:- publicasia1989@gmail.com

पृष्ठ नं: 12 कांग्रेस प्रवक्ता राजू वाघमारे शिंदे की ...

मौसम

दिल्ली/एनसीआर

अधिकतम ता. 35.0°C | न्यूनतम ता. 22.0°C

संक्षिप्त समाचार

अरविंद केजरीवाल ने रची थी साजिश

- CM की गिरफ्तारी के खिलाफ याचिका पर HC की बड़ी टिप्पणी

नई दिल्ली, एजेंसी। शराब घोटाले में अरविंद केजरीवाल की ईडी द्वारा गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर हाई कोर्ट ने मंगलवार को बड़ी टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा कि ईडी द्वारा इकट्ठा की गई सामग्री से पता चलता है कि अरविंद केजरीवाल ने साजिश रची थी।हाई कोर्ट ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर अपने फैसले में कहा कि अरविंद केजरीवाल अपराध की आय के उपयोग और छिपाने में सक्रिय रूप से शामिल थे। ईडी के मामले से यह भी पता चलता है कि वह निजी तौर पर आम आदमी पार्टी के संयोजक के तौर पर भी शामिल थे। अदालत ने कहा कि सरकारी गवाह संबंधी कानून एक साल से नहीं बल्कि 100 साल से भी ज्यादा पुराना है। यह नहीं कहा जा सकता कि इसे वर्तमान याचिकाकर्ता (केजरीवाल) को फंसाने के लिए बनाया गया था। साथ ही हाई कोर्ट ने दस्तावेज की आपूर्ति नहीं करने के बिंदु पर कहा कि केजरीवाल कानून के मुताबिक दस्तावेज पाने के हकदार होंगे।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार को मिली जेड कैटेगरी की सुरक्षा

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्र सरकार ने मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार को पूरे देश में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान करने का निर्णय लिया है।केंद्र सरकार ने मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार को पूरे देश में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान करने का निर्णय लिया है। केंद्र सरकार ने संभावित खतरों के मद्देनजर यह फैसला लिया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल को लगभग 40-45 कर्मियों की एक टुकड़ी उपलब्ध कराने का काम सौंपा है। केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों ने अपनी रिपोर्ट में मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के लिए मजबूत सुरक्षा की सिफारिश की थी। देशभर में सशस्त्र कमांडो का दस्ता मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के साथ तैनात रहेगा।

नानकमत्ता डेरा प्रमुख हत्याकांड का शूटर एनकाउंटर में मारा गया

- उत्तराखंड से UP आ रहा था बिट्टू, STF ने घेरा तो फायरिंग की; मुठभेड़ में लगी गोली

हरिद्वार, एजेंसी। उत्तराखंड के नानकमत्ता डेरा के प्रमुख जत्थेदार बाबा तरसेम सिंह की हत्या का मुख्य आरोपी शार्प शूटर अमरजीत उर्फ बिट्टू एनकाउंटर में मारा गया। 28 मार्च की सुबह डेरे में तरसेम सिंह की हत्या कर दी गई थी। DGP उत्तराखंड अभिनव कुमार ने बताया कि सोमवार देर रात उत्तराखंड पुलिस और STF को सूचना मिली थी कि बिट्टू अपने साथी के साथ उत्तराखंड से UP भागने की फिराक में है। वह सहारनपुर की तरफ जा रहा है। इस इनपुट पर STF-पुलिस ने भगवानपुर क्षेत्र में उसकी घेराबंदी की। मगर, आरोपी ने पुलिसकर्मियों पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में बिट्टू को गोली लगी। पुलिस उसे सिविल अस्पताल रुड़की ले गई। वहां उसकी मौत हो गई। बिट्टू का एक साथी मौके से फरार हो गया। उसकी तलाश की जा रही है।

एक दिन पहले 50 हजार बढ़ाई गई थी इनाम राशि

रविवार को SSP उधमसिंह नगर मंजूनाथ टीसी ने तरसेम सिंह हत्याकांड के दोनों आरोपी बिट्टू और सरबजीत सिंह पर इनाम की राशि 50 हजार से बढ़ाकर 1 लाख कर दी थी। इससे पहले पुलिस ने हत्याकांड की साजिश में शामिल 3 आरोपियों को रविवार को गिरफ्तार किया था। आरोपियों की पहचान यूपी के पीलीभीत निवासी परगट सिंह और उत्तराखंड के बाजपुर निवासी जसपाल सिंह भट्टी और सुखदेव सिंह गिल उर्फ सोनू के रूप में हुई थी।

विपक्ष पर किया हमला, बोले- कांग्रेस के घोषणापत्र पर मुस्लिम लीग की छाप

पीलीभीत में पीएम मोदी ने भरी हुंकार

- वरुण गांधी नहीं आए, मोदी बोले-इंडी गठबंधन को राम मंदिर से कल भी नफरत थी, आज भी है
- पीलीभीत में मंच पर PM मोदी को CM योगी आदित्यनाथ ने बांसुरी गिफ्ट की।

पीलीभीत, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को पहली बार वढ के पीलीभीत में रैली को संबोधित किया। इस दौरान PM ने कहा, इंडी गठबंधन को राम मंदिर से कल भी नफरत थी, आज भी है। कांग्रेस ने लाख कोशिश की, लेकिन जब देश की जनता ने पाई-पाई देकर इतना भव्य मंदिर बना दिया। जब मंदिर वालों ने आपके सारे गुनाह माफ करके प्राण प्रतिष्ठा में आमंत्रित किया, मगर आपने आमंत्रण को ठुकरा कर भगवान राम का अपमान किया, जो नेता प्राण प्रतिष्ठा में गए, उन्हें 6 साल के लिए पार्टी से निकाल दिया। यह कैसी पार्टी है ? यह पाप करने वाले को कभी भूलिएगा मत। रैली में पीलीभीत से मौजूदा सांसद वरुण गांधी नहीं पहुंचे। भाजपा ने वरुण का टिकट काटकर यहां से UP सरकार में PWD मंत्री जितिन प्रसाद को मैदान में उतारा है। प्रधानमंत्री मोदी ने 10 दिन में चौथी बार UP में रैली की। इससे पहले PM ने 31 मार्च को मेरठ में और 6 अप्रैल को सहारनपुर में रैली की थी। 6 अप्रैल को ही गाजियाबाद में रोड शो भी किया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और उसके इंडी गठबंधन को, देश की महान विभूतियों का अपमान करने में भी संकोच नहीं होता। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के बड़े नेता आज तक कभी स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर नहीं गए है। ये लोग विदेश घूम आते हैं, लेकिन अपने ही देश में सरदार पटेल की प्रतिमा का दर्शन नहीं करते।

PM बोले-कांग्रेस तुष्टिकरण के दलदल में डूब चुकी है

मोदी ने कहा कि तुष्टिकरण के दलदल में कांग्रेस इतना डूब चुकी है कि उससे बाहर नहीं निकल सकती है। कांग्रेस ने जो घोषणा पत्र बनाया है, वह कांग्रेस का नहीं, बल्कि मुस्लिम लीग का घोषणा पत्र दिखता है। कांग्रेस-सपा CAA का भी विरोध कर रही है। पाकिस्तान से अत्याचार की वजह से भागे मेरे हिंदू और सिख भाई को अगर भारत नागरिकता नहीं देगा, तो कोई और देगा क्या ?

मोदी ने कहा- कल्याण सिंह ने राम मंदिर के लिए जीवन समर्पित कर दिया

मोदी ने कहा कि कल्याण सिंह ने राम मंदिर के जीवन और सरकार समर्पित कर दी। हर परिवार ने योगदान दिया। पीलीभीत ने भी बांसुरी दी। देश की जनता ने पाई-पाई देकर भव्य मंदिर बना दिया। आपके गुनाह माफ करके प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में आमंत्रित किया, लेकिन उसको ठुकरा दिया। मैं आज भी नहीं समझ पाता हूं कि इनके मन में इतना जहर भरा है कि इनकी पार्टी में, जो प्राण प्रतिष्ठा में गए, उसे पार्टी से निकाल दिया। यह कैसी पार्टी है ? ये पाप करने वाले को कभी भूलिएगा मत। मोदी ने कहा कि जिस शक्ति की आज पूजा हो रही है। उसका कांग्रेस ने घोर अपमान किया है। जिस शक्ति के आगे हम शीश झुकाते हैं, उसे वह उखाड़ फेंकने की मांग कर रहे हैं। शक्ति का उपासक इंडी गठबंधन को इसके लिए माफ नहीं करेगा। कांग्रेस और सपा के राज में गन्ना किसानों को कैसे अपने ही पैसे के लिए तरसाया जाता था।

(संबंधित खबरें 11 व 12 पर पढ़ें...)

पुरानी सरकारों ने जो उद्योग बंद किए, हमने शुरू किया

प्रधानमंत्री ने कहा कि किसान और नौजवानों के लिए अवसर लेकर आ रही है। पुरानी सरकारों के दौरान जो उद्योग बंद थे, उनको शुरू किया गया है। हमारी सरकार पीलीभीत टाइगर रिजर्व की ख्याति को भी देश और दुनिया के कोने-कोने में ले जाने का काम कर रही है। यहां के नौजवानों के लिए रोजगार के अवसर बन रहे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी बोले- भारत किसी से कम नहीं

आपके एक वोट से मजबूत सरकार बनी। निर्णायक सरकार बनी। सशक्त सरकार बनी। काम करने वाली सरकार बनी। बीजेपी सरकार ने दुनिया को दिखा दिया कि भारत किसी से कम नहीं है। जब नीयत सही होती है, तो हौसले बुलंद होते हैं तो उन्नति भी होती है। आज चारों तरफ विकसित भारत का निर्माण होते हुए देख रहे हैं। कहीं फोर लेन, कहीं सिक्सलेन बन रहे हैं। कहीं वंदे भारत चल रही है।

पीएम बोले- हमारी माताएं-बहनें ड्रोन पायलट बनेंगी

प्रधानमंत्री ने कहा कि अनाज भंडारण की सबसे बड़ी योजना भी शुरू हो चुकी है। गोदाम बनाए जा रहे हैं। आने वाले 5 साल में हम ड्रोन से खेती का नया विस्तार देखेंगे। हमारे युवा ड्रोन बनाएंगे। गांव की हमारी माताएं-बहनें ड्रोन पायलट बनेंगी। गांव-गांव में 3 करोड़ महिलाएं लखपति दीदी बनेंगी। यह मोदी की गारंटी है।

रामनवमी पर होगा रामलला का सूर्य तिलक

- तीसरी मंजिल पर लगाए उपकरणों का ट्रायल पूरा; 100 LED स्क्रीन से अयोध्या में होगा प्रसारण
- 17 अप्रैल को ठीक दोपहर 12 बजे सूर्य की किरणों से रामलला का तिलक किया जाएगा।

अयोध्या, एजेंसी। इस बार रामनवमी पर सूरज की किरणें राम मंदिर में विराजमान भगवान श्री रामलला का अभिषेक करेंगी। किरणें 17 अप्रैल को ठीक दोपहर 12 बजे मंदिर की तीसरी मंजिल पर लगाए गए ऑप्टोमैकेनिकल सिस्टम के जरिए गर्भगृह तक आएंगी। यहां किरणें दर्पण से परावर्तित होकर सीधे रामलला के मस्तक पर 4 मिनट तक 75 मिमी आकार के गोल तिलक के रूप में दिखेंगी। इस सूर्य तिलक को देश के दो वैज्ञानिक संस्थानों की मेहनत से साकार किया जा रहा है। मंदिर के पुजारी अशोक उपाध्याय के मुताबिक कुछ दिन पहले सूर्य तिलक के लिए वैज्ञानिक उपकरण गर्भगृह के ठीक ऊपर तीसरी मंजिल पर लगाए गए हैं। रविवार को दोपहर की आरती के बाद पहला ट्रायल हुआ तो किरणें रामलला के होठों पर पड़ीं। फिर लैंस को दोबारा सेट कर सोमवार को ट्रायल हुआ तो किरणें मस्तक पर पड़ीं। इससे रामनवमी पर सूर्य तिलक का आयोजन अब तय माना जा रहा है। तीन दिन पहले श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने कहा था कि रामनवमी पर सूर्य तिलक की तैयारी है। इसका प्रसारण 100 छएऊस्क्रीन्स से पूरे अयोध्या में होगा। इससे पूर्व ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा था कि इस बार सूर्य तिलक संभव हो पाना मुश्किल है।

असम में अमित शाह का रोड शो

- आने वाले चुनाव में आपके सामने दो विकल्प, असम में रैली कर अमित शाह ने कांग्रेस पर बोला हमला
- लखीमपुर में किया एक मेगा रैली को संबोधित

असम, एजेंसी। अमित शाह ने असम के उत्तरी लखीमपुर में सार्वजनिक बैठक को संबोधित किया। अमित शाह ने अपने संबोधन में कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने इस मौके पर कहा कि आने वाले चुनाव में आपके सामने दो विकल्प हैं। शाह ने दो विकल्प देते हुए कहा कि एक विकल्प राहुल बाबा के नेतृत्व में INDI अलायंस हैं और दूसरी और नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा है। आपको ये तय करने के लिए वोटिंग करनी है कि आने वाले 5 साल के लिए पीएम मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे और 400 पार के लक्ष्य के साथ फिर एक बार भाजपा की सरकार बनेगी। अमित शाह ने इस मौके पर कहा, 19 जून को आप सभी को यह तय करना होगा कि आप किसे संसद सदस्य के रूप में चाहते हैं, किस पार्टी को सत्तारूढ़ सरकार बनानी चाहिए और आपका प्रधानमंत्री कौन होगा।

असम में पीएम मोदी के 10 साल विकास के रहे

अमित शाह ने कहा, असम में पीएम मोदी के 10 साल विकास के 10 साल रहे हैं। असम में पिछले 10 वर्षों में अनेक शांति समझौते हुए, विकास का काम हुआ। आने वाले दिनों में असम देश के बाकी राज्यों की तरह एक विकसित राज्य बनेगा, इसका मुझे पूरा भरोसा है। 2004 से 2014 तक 10 साल तक देश में वढअ और कांग्रेस की सरकार थी।

कांग्रेस के 'न्याय पत्र' पर राजनाथ सिंह का निशाना

'देश को पीछे ले जाएगा ये घोषणापत्र'

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कांग्रेस के घोषणा पत्र को लेकर जमकर निशाना साधा है।

मदुरै, एजेंसी। लोकसभा चुनाव को लेकर देश की तमाम पार्टियों का प्रचार-प्रसार चरम पर है। इस बीच, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हाल ही में जारी कांग्रेस पार्टी के घोषणा पत्र को लेकर देश की सबसे पुरानी पार्टी पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाला एनडीए वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना चाहता है, लेकिन इसके प्रमुख विपक्षी दल का घोषणापत्र भारत को पीछे ले जाता हुआ प्रतीत होता है।रक्षा मंत्री ने मदुरै में एएनआई के साथ विशेष बातचीत के दौरान कहा, एनडीए सरकार का विजन 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना है। यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगी कि कांग्रेस का घोषणापत्र भारत को पीछे ले जाएगा। रक्षा के क्षेत्र में भारत की ताकत के बारे में बताते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा, भारत डिफेंस सेक्टर में एक मजबूत खिलाड़ी के रूप में उभरा है। सभी हथियार, मिसाइल, टैंक और गोला-बारूद जो हम आयात करते थे, अब निर्यात किए जा रहे हैं। 2014 में हम 600 करोड़ रुपये की रक्षा सामग्री निर्यात करते थे, आज हम 31000 करोड़ रुपये से अधिक का निर्यात कर रहे हैं, कुछ महीनों में लोगों को पता चल जाएगा कि हम आने वाले समय में कितना निर्यात करने की योजना बना रहे हैं।

नवरात्र के पहले दिन मां वैष्णो देवी मंदिर में शुरू हुई पूजा

रामनवमी पर पिण्डी रूप के होंगे दर्शन

पौड़ी, एजेंसी। विकासखंड कोट क्षेत्र के अंतर्गत मां भुवनेश्वरी सिद्धपीठ में मंगलवार से राम कथा शुरू हो गई। प्रातः मुख्य पजारी द्वारा मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश के बाद कलश यात्रा निकली। मंदिर में दैनिक पूजन, ध्येल के उपरांत आचार्य हरीश ममगांई द्वारा राम कथा का श्रवण किया गया।कथा का श्रवण के अलावा मंदिर परिसर में भजन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न क्षेत्रों की कीर्तन मंडलियों ने अपनी भजनों की आस्थामय प्रस्तुतियां दी। इस मौके पर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दिगम्बर जुयाल, सचिव सतीश जुयाल, अनुसूया प्रसाद सुंद्रियाल, नवीन ममगाई, अनूप कुकरेती आदि शामिल रहे। दूसरी ओर पौड़ी देवप्रयाग मोटर मार्ग पर अछरीखाल के समीप स्थित मां वैष्णो देवी मंदिर में नवरात्र पूजन के तहत नित्य पाठ, चंडी पाठ, रुद्री पाठ, महाविद्या पाठ शुरू हो गया। मंदिर समिति के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि 17 अप्रैल को रामनवमी के दिन मां वैष्णो देवी के पिण्डी रूप में दर्शन के साथ ही भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

पूर्व रक्षा मंत्री अपने बेटे के खिलाफ ही कर रहे चुनाव प्रचार

अनिल एंटनी जीतना नहीं चाहिए...

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी। कांग्रेस के दिग्गज नेता ए के एंटनी ने मंगलवार को अपने बेटे के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। दरअसल, कुछ महीने पहले पूर्व केंद्रीय मंत्री के बेटे अनिल एंटनी ने भाजपा का दामन थाम लिया था। अनिल एंटनी को भाजपा ने केरल की पथानामथिट्टा लोकसभा सीट से अपना उम्मीदवार बनाया है।

कांग्रेस ही उनका धर्म है: ए के एंटनी

ए के एंटनी ने अपने बेटे के खिलाफ निशाना साधते हुए कहा कि मेरे बेटे को चुनाव में हराना जरूरी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के खिलाफ चुनाव लड़ने वाली भाजपा पार्टी को हराना होगा। वहीं, उन्होंने आगे कहा कि दक्षिण केरल लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले एंटो एंटनी को जीतना चाहिए। उन्होंने ये भी कहा कि उनके बेटे ने भाजपा में शामिल होकर गलती की। ए के एंटनी ने कहा की कांग्रेस की उनका धर्म है।

पिछले साल कांग्रेस से दिया था इस्तीफा

बताते चलें कि पिछले साल अनिल एंटनी ने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था। साल 2002 के गुजरात दंगों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री पर विवाद के बाद उन्होंने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था। अनिल एंटनी टेक एंटरप्रेन्योर हैं। उन्होंने इंजीनियरिंग की पढ़ाई की है। अनिल एंटनी ने 2007 में तिरुवनंतपुरम के एक इंजीनियरिंग कॉलेज से इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग में ग्रेजुएशन किया और उसके बाद मास्टर्स करने के लिए अमेरिका चले गए।

केजरीवाल और सोरेन से अलग हैं ममता

अधीर रंजन का टीएमसी प्रमुख पर निशाना

कोलकाता, एजेंसी। लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने एक बार फिर ममता बनर्जी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि ममत बनर्जी अपनी तुलना अरविंद केजरीवाल और हेमंत सोरेन से न करें क्योंकि बंगाल में घोटाले हुए हैं। उन्होंने कहा कि बंगाल में घोटाले हुए हैं और उसकी जांच कोर्ट की निगरानी में हो रही है।उन्होंने आगे कहा कि बंगाल में जो मुद्दा है, जो घोटाले हुए हैं। ये कोर्ट के फैसले की बदौलत आम लोगों के सामने उजागर हुए हैं। ममता अपनी तुलना केजरीवाल और सोरेन से न करें क्योंकि आम लोगों को पता है कि केजरीवाल और हेमंत के खिलाफ क्या हुआ और ममता बनर्जी और उनके खोखा बाबू(भतीजे) अभिषेक बनर्जी के खिलाफ क्या हुआ। कोर्ट की निगरानी में सारे घोटाले की जांच हो रही है।अधीर रंजन चौधरी ने आगे ममता बनर्जी पर भ्श्चार्चर को लेकर तंज कसते हुए कहा,ह्वदीदी हमारी बहुत चालाकी करती हैं। दीदी दो को चार कर देती हैं। दीदी आम लोगों को गुमराह कर रही हैं।

महाराष्ट्र में एमवीपी के बीच सीट शेयरिंग फाइनल | मुंबई में MVA की जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूर्व मुख्यमंत्री शरद पवार और पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे मौजूद थे...

21 सीटों पर शिवसेना उद्धव गुट चुनाव लड़ेगा, कांग्रेस को 17, NCP शरद गुट को 10 सीटें मिलीं

मुंबई, एजेंसी। महाराष्ट्र के विपक्षी गठबंधन महा विकास अघाड़ी (MVA) के बीच लोकसभा चुनाव के लिए सीट शेयरिंग का फॉमूर्ला तय हो गया है। महाराष्ट्र की 48 में से 21 सीटों पर शिवसेना (उद्धव गुट), 17 सीटों पर कांग्रेस और 10 सीटों पर NCP शरद गुट अपने उम्मीदवार उतारेगी। मुंबई में मंगलवार (9 अप्रैल) को तीनों दलों की जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस सीट शेयरिंग के फॉमूर्ले का ऐलान किया गया है। MVA नेताओं के बीच मुंबई साउथ सेंट्रल, भिवंडी, सांगली और सतारा सीट को लेकर भी सहमति बन गई है। इन सीटों पर तीनों के बीच विवाद की स्थिति बन गई थी। MVA में सीट शेयरिंग बड़ा मुद्दा रहा है। कई बैठक होने के बाद भी पार्टियां यह तय नहीं कर पाईं कि किसके पास कितनी सीट जाएगीं। इसी बीच 27 मार्च को शिवसेना ने 17 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी की थी। इसमें मुंबई उत्तर पश्चिम से अमोल कीर्तिकर को टिकट दिया गया। अमोल को संजय राउत का करीबी बताया जाता है। इसके बाद 3 अप्रैल को 4 और प्रत्याशियों के नाम तय किए थे। अमोल के टिकट का कांग्रेस पार्टी छोड़ने वाले संजय निरुपम ने विरोध किया था। उन्होंने शिवसेना और कांग्रेस नेताओं को भी नसीहत दी थी। इस सीट से संजय चुनाव लड़ने की तैयारी में थे। ऐसे में कांग्रेस की सीट पर शिवसेना उम्मीदवार के ऐलान पर विरोध हुआ। संजय के विरोध पर कांग्रेस ने उन्हें पार्टी से 6 साल के निष्कासित कर दिया। अब संजय कांग्रेस नेताओं पर घोटाले के आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने कहा है कि संजय राउत ने 6.37 करोड़ का खिचड़ी घोटाला किया है। 1 करोड़ की रिश्वत खाई है।

NCP (शरद चंद्र पवार) की दो लिस्ट में 7 प्रत्याशी के नाम

30 मार्च को NCP (शरद चंद्र पवार) ने 5 उम्मीदवारों की लिस्ट जारी। इसमें शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले का भी नाम था। उन्हें बारामती से टिकट दिया गया है। इसके बाद 7 मार्च को 2 और नाम की लिस्ट जारी की गई थी। सुप्रिया के खिलाफ महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार चुनाव लड़ेंगी अजित और सुप्रिया चचेरे भाई-बहन हैं। इस रिश्ते से सुप्रिया और सुनेत्रा ननद-भाभी हैं। बारामती सीट 57 सालों से पवार परिवार का गढ़ माना जाता है। शरद पवार ने 1967 में पहली बार बारामती से विधानसभा चुनाव जीता था। वे 1972, 1978, 1980, 1985 और 1990 के विधानसभा चुनाव में यहां से लगातार जीते।

कांग्रेस ने अब तक 16 कैंडिडेट के नाम तय किए

कांग्रेस महाराष्ट्र में 16 प्रत्याशियों के नाम का ऐलान कर चुकी है। दूसरी तरफ कांग्रेस की लोकसभा चुनाव के लिए 13 लिस्ट सामने आ चुकी हैं, जिसमें 240 प्रत्याशियों के नाम तय किए जा चुके हैं। बची हुई सीटों पर जल्द ही प्रत्याशियों के नाम घोषित होने की उम्मीद है।

वंचित विकास अघाड़ी (VBA) के 17 कैंडिडेट के नाम क्लियर

वंचित विकास अघाड़ी के प्रकाश अंबेडकर को लेकर सामने आया था कि वे टश्अ में शामिल हो रहे हैं। MVA की पार्टियों ने भी प्रकाश के गठबंधन में होने की पुष्टी की थी। सीट शेयरिंग को लेकर हुई MVA की बैठक में पार्टियों की पटरी नहीं बैठी। इसके बाद प्रकाश ने MVA से अपनी राहें जुदा कर लीं। पार्टी अब तक 17 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर चुकी है। प्रकाश अंबेडकर खुद अकोला से चुनाव लड़ रहे हैं। MVA से उनकी नाराजगी इसी बात से ही थी MVA अकोला से उम्मीदवार उतारने जा रही है। ऐसा ही हुआ है। कांग्रेस ने अकोला से अभय काशीनाथ पाटिल को टिकट दिया है।

पब्लिक एशिया
नई दिल्ली, बुधवार, 10 अप्रैल, 2024

चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने के लिए अदाणी टोटलएनर्जीज ई-मोबिलिटी लिमिटेड और एमजी मोटर इंडिया के बीच सहयोग एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह भारत के ऊर्जा परिवर्तन को तेज करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इससे कार्बन उत्सर्जन को कम करने और पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। चार्जिंग नेटवर्क को मजबूत करने और ग्राहक पहुंच बढ़ाने के लिए एटीईएल एमजी डीलरशिप पर सीसी2 60 किलोवाट डीसी चार्जर स्थापित करेगा।

-अदाणी टोटल गैस लिमिटेड (एटीजीएल) के ईडी और सीईओ सुरेश पी. मंगलानी



वर्तमान में, अंतर्राष्ट्रीय और क्षेत्रीय स्थिति गहन और जटिल परिवर्तनों से गुजर रही है, समाजवादी व्यवस्था की रक्षा करना, राष्ट्रीय स्थिरता और विकास की रक्षा करना चीन और वियतनाम का साझा हित है। चीन वियतनाम के साथ मिलकर पार्टी और राज्य के शासन में अनुभव के आदान-प्रदान को मजबूत करना चाहता है, चीन-वियतनाम द्विपक्षीय सहयोग संचालन समिति की समन्वय भूमिका को अच्छी तरह से निभाते हुए बेल्ट एंड रोड पहल के संयुक्त निर्माण और दो आर्थिक गलियारे और एक आर्थिक वृत्त के रणनीतिक जुड़ाव में तेजी लाने के लिए तैयार है।

चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग

नरेंद्र मोदी जी ने अपने भाषणों में कांग्रेस के घोषणा पत्र को झूठ का पुलिंदा कहा है, यह काफी दुखद है। आप किसी भी पार्टी से मतभेद रख सकते हैं, लेकिन एक राष्ट्रीय स्तर की पार्टी के घोषणा पत्र के बारे में ऐसा कहना दुखी करने वाली बात है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह भी कहा कि यह उन पार्टियों का घोषणा पत्र लगता है, जो हमारे धर्मनिरपेक्ष समाज की आजादी का विरोध कर रहे हैं। हम समझते हैं कि श्री मोदी को ऐसी बात कहने का कोई अधिकार नहीं है।

कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल में वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद

अब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) कहां है। इसको लेकर उन्होंने कितने मुकदमें दर्ज किए हैं। फर्जी कंपनियां कागज पर बनाकर सैकड़ों करोड़ रुपये की मनी ट्रेल साफ दिख रही है। कंपनियां घाटे में होने के बावजूद भाजपा को चंदा दे रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि ना खाऊंगा और ना खाने दूंगा, लेकिन इस घोटाले को देखकर लगता है कि उनका नारा है नियम बनाऊंगा और खाऊंगा। पूरे देश से अपनी पार्टी के लिए भ्रष्टाचारी चंदा इकट्ठा करूंगा।

आप के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सदस्य संजय सिंह

आवश्यक है मुफ्तखोरी की घोषणाओं पर आय की समीक्षा

यह मुफ्तखोरी की आदत, उस पर खर्च होने वाला धन और उस धन की आमद के स्रोतों के संबंध में विचार करने की किसी को फुर्सत नहीं है। सरकारों के पास टैक्स के माध्यम से ही धन आता है। यही धन विकास कार्यों, सुविधाओं के संसाधनों, मुफ्तखोरी, निजी संतुष्टि जैसे कारकों पर लुटाया जा रहा है। अच्छी सडकों का उपयोग करने के लिए आम आदमी से टैक्स वसूला जाता है परन्तु भारी भरकम तनख्वाय पाने वाले जनप्रतिनिधियों, सरकारी अधिकारियों-कर्मचारियों के वाहनों के फरार्टे मुफ्त हैं। यात्राओं में सशुल्क भुगतान करके आरक्षण करवाने की कसरत में लगे लोगों को जहां भारी मसक्कत करना पड रही है वहीं जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों के लिए नि :शुल्क कोटा आरक्षित है।

-डा. रवीन्द्र अरजरिया-
(स्वतंत्र लेखक)

देश की दलगत राजनीति ने आदर्शों, सिध्दान्तों और मान्यताओं को तिलांजलि देना शुरू कर दी है। व्यक्तियों की सोच अब स्वार्थपरिता के साथ कदमताल करने लगी है। निजी हित सर्वोपरि होते जा रहे हैं। राष्ट्रवादिता को नारे के रूप में प्रयुक्त करने वाले प्रत्यक्ष में भले ही सामाजिक समरसता का संकल्प दोहरा रहे हों परन्तु वे अप्रत्यक्ष में जातिगत खाई को ही गहरी करने में जुटे हैं। नागरिकों के मतों पर कब्जा करने की नियत से लुभावने लालच परोसे जा रहे हैं। कहीं क्षेत्रवाद को आधार बनाकर देश को टुकडों में बांटने का प्रयास हो रहा है तो कहीं भाषावाद का सहारा लेकर विभेद पैदा किया जा रहा है। कहीं वैभवशाली अतीत की दुहाई पर वर्तमान को सजाने की बानगी दी जा रही है तो कहीं सम्प्रदायवाद को हवा देकर खुलेआम चुनौतियां परोसी जा रहीं हैं। संविधान, कानून और सामाजिक ढांचा तार-तार हो रहा है। निर्दोष को दण्ड न मिलने की व्यवस्था ने अपराधियों के हौसले बुलंद कर दिये हैं। अराजकता फैलाने वालों के मंसूबे नित नये रूप में सामने आ रहे हैं। स्वयंभू बुध्दिजीवियों की जमात सकारात्मकता की भी नकारात्मकता भरी व्याख्यायें करने में जुटी है। संचार के अनगिनत साधनों का उपयोग करने वाले विशेषज्ञों ने भ्रामक सामग्रियां प्रकाशित करके समाज में मानसिक व्दन्द की स्थिति पैदा कर दी है। कहीं अतिउत्साह में शब्द मयार्दाहीन हो रहे हैं तो कहीं उत्तेजनात्मक वाक्यों को प्रयोग हो रहा है। मंचीय उद्बोधन, रैलियों के नारे और तख्तियों की भाषा के साथ-साथ झंडों, डंडों और पंडों का गणित बैठाया जा रहा है। मुफ्त सुविधाओं के डंके पर घोषणाओं की चोट हो रही है। यह मुफ्तखोरी की आदत, उस पर खर्च होने वाला धन और उस धन की आमद के स्रोतों के संबंध में विचार करने की किसी को फुर्सत नहीं है। सरकारों के पास टैक्स के माध्यम से ही धन आता है। यही धन विकास कार्यों, सुविधाओं के संसाधनों, मुफ्तखोरी, निजी संतुष्टि जैसे कारकों पर लुटाया जा रहा है। अच्छी सडकों का उपयोग करने के लिए आम आदमी से टैक्स वसूला जाता है परन्तु भारी भरकम तनख्वाय पाने वाले जनप्रतिनिधियों, सरकारी अधिकारियों-कर्मचारियों के वाहनों के फरार्टे मुफ्त हैं। यात्राओं में सशुल्क भुगतान करके आरक्षण करवाने की कसरत में लगे लोगों को जहां भारी मसक्कत करना पड रही है वहीं जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों के लिए निःशुल्क कोटा आरक्षित है। जनसामान्य को अपनी सुरक्षा के लिए सरकारी सुरक्षाकर्मी लेने पर एक बडी राशि का भुगतान करना पडता है जबकि राजनेताओं, अधिकारियों के आगे-पीछे सशस्त्र बल का फ्री में घेरा होता है। समाज के अनेक पक्षों के सजाने-संवारने हेतु सरकारी योजनाओं की भरमार है तिस पर भी जनप्रतिनिधियों को अपनी मर्जी से विकास कार्यों के नाम पर खर्च करने हेतु एक बडी धनराशि आवंटित की जाती है। लोकसभा के वर्तमान चुनावों में लिंग, जाति और विशेष आधारों पर धनराशि, सुविधायें और छूट देने की घोषणायें निरंतर की जा रहीं है। आश्चर्य होता है कि खुलेमंच से घोषणा-पत्रों का विमोचन, उस पर अमल करने की कसम उठाने तथा समाज को बांटने जैसे जुमलों पर निर्वाचन आयोग चुप क्यों है। लालच देने वाले इन कृत्यों को कानूनी दायरे से बाहर कैसे रखा गया है जबकि शराब बांटने, पैसा देने, भेंट पहुंचाने जैसे कार्यों को गैरकानूनी करार दिया जाता है। तत्काल लाभ परोसने वालों पर कार्यवाही और दूरगामी घातक परिणाम देने वाली घोषणाओं को अनदेखा करना किसी भी दशा में सुखद नहीं कहा जा सकता। समाज को बांटने वाले दलों ने लोगों को मुफ्तखोर बनाने की दिशा में तेजी से बढना शुरू कर दिया है। मंहगाई का हल्ला मचाने वाले लोग ही मुफ्तखोरी की घोषणाओं पर घोषणायें कर रहे हैं। सीमित आय पर असीमित खर्जों का बोझ की मंहगाई का आधार होता है। मुफ्त में सुविधायें देने के वायदे पूरे करने वाले राज्यों को कर्ज के दलदल में डूबने की स्थिति का सामना करना पड रहा है। इन सुविधाओं के लिए राज्यों ने अतिरिक्त टैक्स की व्यवस्था करना शुरू कर दी है। ईमानदार करदाताओं के खून-पसीने की कमाई को मुफ्तखोरों पर लुटाने की मंशा को, राष्ट्र के सीने में खंजर भौंपने की तरह लिया जाना चाहिए। निर्वाचन आयोग सहित देश के नागरिकों को मुफ्तखोरी की घोषणा करने वाले दलों से सरकारी खजाने में धन की आमद बढाने की योजनाओं के बारे में भी पूछना चाहिए ताकि आय बढाने पर ही फ्री फंड जनरेट होने की संभावना पर तार्किक बहस हो सके। आवश्यक है मुफ्तखोरी की घोषणाओं पर आय की समीक्षा। मगर ऐसा कुछ भी नहीं हो रहा है। मृगमारीचिका के पीछे लोगों को दौडाने वालों ने आम आवाम की आंखों पर पट्टियां बांध रखीं है ताकि वे भविष्य की वास्तविक छवि निहार ही न सकें। विकास के मायने परियोजनाओं का भारी भरकम होना नहीं होता बल्कि उसकी गुणवत्ता का शीर्ष पर पहुंचना होता है। सदन में पारित होने वाली परियोजनायें धरातल पर पहंचते ही दम तोड देतीं हैं। नौकरशाही के शिकंजे में फंसी व्यवस्था के अनेक उत्तरदायी अधिकारी अपने निजी स्वार्थ की पूर्ति हेतु कार्यों की गुणवत्ता में फलीदा लगा रहे हैं। ऐसे में अमानक सामग्री से पूरी होने वाली परियोजनायें अपने लक्ष्य भेदन के पहले ही धराशायी हो जाती है। शिकायतों पर जांच समिति का गठन और फिर मामले को ठंडे बस्ते में पहुंचाने के प्रयास युध्दस्तर पर शुरू हो जाते हैं। कार्यपालिका की संवैधानिक कार्य प्रणाली से हटकर अनेक स्थानों पर उत्तरदायी अधिकारियों की निजी कार्यशैली का ही बोलबाला रहता है। ऐसे में अधिकारी से नेता बने दिग्गज ही ज्यादा सफल हो रहे हैं। उनके पास धनबल, जनबल और बाहुबल के साथ-साथ कार्यपालिका का समर्थनबल भी मौजूद रहता है। यह अलग बात है कि वे अपने अनुभवों, सम्पर्कों और संसाधनों का उपयोग राष्ट्रहित में करते हैं या फिर व्यक्तिगत हित में। देश को विश्वगुरु के सिंहासन तक पहुंचाने के लिए विचारों का परिवर्तन नितांत आवश्यक है। लिंग, जाति, वर्ग, भाषा, क्षेत्र, सम्प्रदाय से ऊपर उठकर राष्ट्र हित का चिन्तन ही देश के विकास का प्रकाश स्तम्भ बन सकता है अन्यथा वर्तमान की विभेदकारी सोच के साथ व्यक्तिगत विलासता के संसाधनों का झूठा संसार, समाज को मदहोशी की खुमारी का उपहार ही भेंट करता रहेगा। इस बार बस इतना ही।

मोदी की गारंटी बनाम कांग्रेस का न्याय

-सुरेश हिंदुस्तानी-

लोकतंत्र

लोकसभा चुनाव की तैयारी के बीच सभी राजनीतिक दल अपने अस्तित्व को प्रभावी बनाने के उद्देश्य को लेकर बयानबाजी कर रहे हैं। इतना ही नहीं विपक्षी राजनीतिक दल केवल वर्तमान सत्ताधारी दल के विरोध पर ही अपना पूरा फोकस करते हुए चुनावी मैदान में हैं। इसके अलावा एक बड़ी बात यह भी है कि भाजपा ने जहां मोदी की गारंटी को प्रमुख हथियार बनाकर अपने मन में विश्वास बनाया है, वहीं अब कांग्रेस भी इसका अनुसरण करने की नीति अपना रही है। भाजपा की ओर से मोदी की गारंटी के बाद कांग्रेस के राहुल गांधी अपनी पार्टी की 25 गारंटी जनता के सामने लाए हैं। इसके साथ ही कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र को न्याय पत्र का नाम देकर एक नई राह बनाने का काम किया है। हालांकि पिछले लोकसभा चुनाव भी कांग्रेस ने न्याय देने के वादे पर ही लड़ा था, लेकिन अपेक्षित परिणाम प्राप्त नहीं हुए। हम जानते हैं कि भाजपा ने 2014 के चुनाव में भारत के चाय वालों के साथ गहरा संबंध स्थापित किया था, इसी प्रकार 2019 के चुनाव में कांग्रेस के चौकीदार चोर है के जवाब में ह्लमैं भी चौकीदारह्व का नारा देकर गरीब तबके को अपने साथ जोड़ा था। इस चुनाव में मोदी की गारंटी भाजपा का नारा है। कांग्रेस ने भी गारंटी देने का वादा किया है, लेकिन जनता किसकी गारंटी को स्वीकार करती है, यह समय बताएगा। मैं इस लेख को किसी राजनीतिक दल के समर्थन या विरोध के लिए नहीं लिख रहा हूँ, लेकिन जो सच है उसको लिखने से कोई आशय निकलता है तो भले ही निकले, लेकिन उसे परिवर्तित नहीं किया जा सकता। उल्लेखनीय है कि एक बार पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी ने कांग्रेस की योजनाओं की नाकामी को स्वीकार करते हुए सार्वजनिक रूप से व्यक्त किया था कि सरकार गरीब जनता तक जो लाभ पहुंचाती है, उसका मात्र 15 प्रतिशत ही पहुँच पाता था। इसका आशय यह भी है कि 85 प्रतिशत राशि या तो कमीशन खोरी में जाता था या प्रशासनिक अव्यवस्था की भेंट चढ़ जाता था। इसका एक अर्थ यह भी निकाला जा सकता है कि कांग्रेस के शासन काल में हर शासकीय योजना भ्रष्टाचार का शिकार हुई। इसके विपरीत वर्तमान केंद्र सरकार में कम से कम इतना तो हुआ ही है कि गरीब तक पहुँचने वाला लाभ बिना किसी बिचौलिए के पात्र व्यक्ति को ही शत प्रतिशत मिल रहा है। यानी अब योजनाएं बिना किसी भ्रष्टाचार के पूरी हो रही हैं। कांग्रेस पार्टी की और से दी जाने वाली गारंटी निश्चित ही कांग्रेस कार्यकताओं के मनोबल में बढ़ोत्तरी करेगी। क्योंकि अब उनके पास भी जनता के बीच अपनी योजनाएं रखने के लिए मौका है। कांग्रेस के यह बात भी एक संजीवनी का कार्य कर रही है कि उसके नेता राहुल गांधी जनता के बीच जाने के लिए बहुत तेजी से सक्रिय होते जा रहे हैं। लेकिन महत्वपूर्ण तथ्य यह भी है कि कांग्रेस को केवल मोदी विरोध की राजनीति से तौबा करना चाहिए, उसे केवल जनता के बीच जाकर अपने वादे बताकर जनता से संबंध बनाने की दिशा में कदम बढ़ाना चाहिए, क्योंकि हर व्यक्ति की अपनी शैली होती है। मोदी की शैली यही है कि वह जनता की भावना के अनुसार ही अपना भाषण देते हैं। इसके अलावा राहुल गांधी कभी कभी पटरी से उतरते दिखाई देते हैं। कांग्रेस की ओर से जारी किए गए घोषणा पत्र में न्याय देने की बात कही गई है। साथ ही जातिगत जनगणना करने का भी वादा किया गया है। हो सकता है जातिगत जनगणना का वादा कांग्रेस के लिए लाभकारी साबित हो, लेकिन इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि इस मुद्दे पर भारत की पूरी जनता आँख बंद करके समर्थन करने के लिए आगे आ जाए। क्योंकि जो संस्थान या व्यक्ति समाज को एक करने के लिए प्रयास कर रहीं हैं, उनको कांग्रेस का यह वादा न्यायसंगत नहीं लग रहा होगा। यह बात सही है कि आज समाज बदल रहा है। वह जातिगत समाज के बाहर आकर भारतीय समाज यानी एकत्रित समाज होने की दिशा में बढ़ रहा है। ऐसे में यह भी कहा जा सकता है कि कांग्रेस का यह कदम समाज में विभाजन की लकीर खींचने का काम कर सकता है। इस देश के अनेक चुनावों में यह देखने को मिला है कि विपक्षी दल मेहंगाई और भ्रष्टाचार के मुद्दे पर सरकार को घेरने का अभियान सा चलाते थे। इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्रित्व काल में मेहंगाई के मुद्दे को उछालकर कांग्रेस की नींद हराम कर दी थी, इसी प्रकार बोफोर्स मामले को मुद्दा बनाकर विपक्ष ने चुनाव लड़ा, जिसमें राजीव गांधी की सरकार को सत्ता से हाथ धोना पड़ा। आज विपक्ष के पास सरकार के विरोध में ऐसा कोई मुद्दा नहीं है, जिस पर सरकार को घेरा जा सके। इसके विपरीत सत्ता पक्ष की ओर से विपक्ष पर ही भ्रष्टाचार के आरोप लगाए जा रहे हैं।

टूटना मतलब दल का पतन

इस प्रकार उनके नेतृत्व उभार से स्थापित होने में स्पष्टवादिता एक रोचक पक्ष रही है। उनकी भूमिका मंडल आयोग रिपोर्ट को लागू कराना हो या आडवाणी को गिरफ्तार कर बिहार में रथयात्रा से संभावित दंगों को रोकने में हो, दोनों परिघटनाओं ने लालू प्रसाद यादव को पिछड़ों-अकलियतों के बीच बेहद लोकप्रिय बना दिया था। अपनी करिश्माई एवं जनवादी नीतियों के मद्देनजर वे समाजवाद, सामाजिक न्याय और सौहार्द के मुखर प्रवक्ता बन चुके थे। अपनी वाकपटुता और जन-संपर्क से राष्ट्रीय राजनीति में भी वे सदैव अग्रणी भूमिका में रहते थे। लगभग एक दशक (2005-15) तक विपक्ष में रहने के बाद जब राजद सत्ता में वापस राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने संघ प्रमुख मोहन भागवत आरक्षण समीक्षा की बात को चुनाव प्रचार में भाजपा विरोध अस्त्र बनाने सफल रहे।

-प्रो. नवल किशोर-
(स्वतंत्र लेखक)

किसी भी राजनीतिक दल के उदय, स्थापना और विस्तार में जन समर्थन ही मुख्य तत्व है। प्रायः चुनावी दंगल में किसी भी दल को हासिल जनादेश को तीन खंड में देखने की कोशिश की जाती है जिसे कोर वोट, समर्थन वोट और तिरती वोट की संज्ञा दी गई है। इन तीनों में कोर वोट किसी भी दल की रीढ़ होती है। इसका टूटना मतलब उस दल का पतन। बाकी दोनों प्रकार के वोटों का ऊपर-नीचे होना स्वाभाविक है क्योंकि वह समसामयिक मुद्दों और अभियान पर निर्भर करता है। राष्ट्रीय जनता दल की स्थापना 25 जुलाई 1997 को हुई जो लालू प्रसाद के लिए एक विपरीत कालखंड में हुआ करता था। एक तरफ वह अपनी लोकप्रियता की पराकाष्ठा पर थे वहीं दूसरी तरफ पशुपालन घोटाले के आरोप में उनकी राजनीतिक जीवन बिल्कुल संक्रमण काल से गुजर रही थी। ऐसी परिस्थिति में उन्होंने दो महत्त्वपूर्ण राजनीतिक फैसले लिए थे। पहला, जनता दल से अलग होकर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की गठन की घोषणा करना और दूसरी अपनी गिरफ्तारी से पूर्व राज्य सरकार के नेतृत्व परिवर्तन को अंतिम रूप देकर राबड़ी देवी को मुख्यमंत्री बनाना। उनके नेतृत्व में राजद की सरकार लगभग आठ साल (1997-2005) तक रही थी। उन्नीस सौ नब्बे के दशक में लालू प्रसाद यादव अपनी चुनावी सभाओं में कहा करते थे कि जब तक मायइ का आशीर्वाद रहेगा तब तक कोई माई का लाल उन्हें सत्ता से बेदखल नहीं कर सकता। उन्होंने जेपी आंदोलन (1974), जनता पार्टी (1977) और जनता दल (1989) के रास्ते बिहार की राजनीति में करिश्माई नेतृत्व, स्वीकार्यता और लोकप्रियता अर्जित की। फिर एक खास परिस्थिति में राजद (1997) का गठन किया। यह उनके सक्रिय राजनीतिक हस्तक्षेप से अर्जित आत्मविश्वास की एक झलक थी। उसी दौर में केंद्र-राज्य के मद्देनजर झटकते हुए उन्होंने एलान किया कि वे घुटनना टेक नहीं बल्कि सीनातान मुख्यमंत्री हैं। इस प्रकार उनके नेतृत्व उभार से स्थापित होने में स्पष्टवादिता एक रोचक पक्ष रही है। उनकी भूमिका मंडल आयोग रिपोर्ट को लागू कराना हो या आडवाणी को गिरफ्तार कर बिहार में रथयात्रा से संभावित दंगों को रोकने में हो, दोनों परिघटनाओं ने लालू प्रसाद यादव को पिछड़ों-अकलियतों के बीच बेहद लोकप्रिय बना दिया था। अपनी करिश्माई एवं जनवादी नीतियों के मद्देनजर वे समाजवाद, सामाजिक न्याय और सौहार्द के मुखर प्रवक्ता बन चुके थे। अपनी वाकपटुता और जन-संपर्क से राष्ट्रीय राजनीति में भी वे सदैव अग्रणी भूमिका में रहते थे। लगभग एक दशक (2005-15) तक विपक्ष में रहने के बाद जब राजद सत्ता में वापस राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने संघ प्रमुख मोहन भागवत आरक्षण समीक्षा की बात को चुनाव प्रचार में भाजपा विरोध अस्त्र बनाने सफल रहे। परिणामस्वरूप भाजपा को करारी शिकस्त मिली। राजद सबसे बड़े दल रूप में जीत हासिल की और तेजस्वी प्रसाद यादव विधायक दल के नेता निर्वाचित हुए। महागठबंधन सरकार में उपमुख्यमंत्री भी बने। लालू प्रसाद यादव की अनुपस्थिति उन्होंने एनडीए के खिलाफ बिहार विधानसभा (2020) चुनाव पढ़ाई, कमाई, दवाई, सिंचाई और कारवाई को अभियान का मुख्य बिंदु बनाने में सफल रहे। लगभग सत्रह महीने के कार्यकाल में नौकरी, जाति गणना और आबादी के हिसाब से हिस्सेदारी को तय करने में तेजस्वी ने अहम भूमिका निभाया। जनवरी 2024 में नीतीश कुमार ने एक बार फिर महागठबंधन से नाता तोड़ा और राजद सरकार से बाहर हुए, लेकिन अल्पकालिक कार्यकाल में पांच लाख नौकरी देने के मुद्दे पर सभी जातियों के युवाओं के बीच तेजस्वी की स्वीकार्यता ज्यादा बढ़ती दिखी। उन्होंने कहा कि राजद सिर्फ माय की पार्टी नहीं बल्कि बाप (बीएएपी) की भी पार्टी है, जिसका तात्पर्य बहुजन, अगड़ा, आधी आबादी (महिला) और पुअर (गरीब) है। मूल आशय था कि यह पार्टी सभी जाति/धर्म के सदस्यों के लिए एक समान है। अपने सीमित कार्यकाल में दिए पांच लाख नौकरी की चर्चा एनडीए के सत्रह साल बनाम सत्रह महीनेइ को सक्रिय अभियान का हिस्सा बनाया। दरअसल ए टू जेडइ की राजनीति से तेजस्वी प्रसाद ने समाज के सभी धर्म/वर्ग/जातियों को जोड की शुरूआत की है। इटली के सुविख्यात राजनीतिक विचारक निकोलो मैकियावेली ने की उक्ति यहां समुचित प्रतीत होता है -प्रत्येक राजनेता अपने समय-देशकाल का शिशु होता है। उसके समक्ष अपनी प्राथमिकताएं एवं चुनौतियां होती हैं। इ दूसरे शब्दों में, कहा जा सकता है कि लालू प्रसाद यादव के मायइ समीकरण की राजनीति आज व्यापक फलक को प्राप्त करता हुआ बीएएपइ अर्थात समावेशी एवं समदर्शी राजनीति को प्राप्त कर चुका है।

भारतीय राजनीति को लगे ग्रहण को पहचानिये....

-राकेश अचल-

राजनीति

भारत में सोमवार को सूर्यग्रहण दिखाई नहीं दिया लेकिन सूर्यग्रहण था। यही हाल भारतीय राजनीति का है। भारतीय राजनीति को एक अदृश्य/दृश्य ग्रहण लगा हुआ है लेकिन न उसके सूतक का पता चला और न उसके विमोचित की कोई सूचना है। दरअसल ये ग्रहण है ही ऐसा कि जिसके बारे में कोई ज्योतिषी काल गणना कर ही नहीं सकता। इस अनूठे ग्रहण से भारतीय राजनीति को केवल जनता ही मुक्ति दिला सकती है, बाशर्त की जनता जागे।

मुझे राजनीति और नेताओं पर लिखते -लिखते अब अजीर्ण होने लगा है, लेकिन मै लगातार इन दोनों पर लिख रहा हूँ ताकि भारतीय राजनीति पर लगा ग्रहण समाप्त हो सके। लेकिन ये कोशिश ठीक वैसी ही है जैसे कोई कांजी की एक बूँद से समुद्र का जल दोफाड़ करना चाहे। किन्तु कोशिश तो कोशिश है, की जाती है। हमारे गुरुजन तो कहते थे कि- हवा में अपनी तर्जनी घुमाना भी एक तरह का हस्तक्षेप है। जनता को भी ये हस्तक्षेप करना चाहिए, क्योंकि अब समय आ चुका है हस्तक्षेप करने का। अब भारत की राजनीति बेपटरी हो चुकी है। भारत की राजनीति और राजनेता उस सांड की तरह हैं जो लाल रंग का कपड़ा देखते ही भड़क उठते हैं।

मुश्किल ये है कि आप इस ग्रहण लगी सियासत से अपने आपको बचा भी नहीं सकते। आपको इसमें लिप्त होना ही पड़ता है। चाहे भी और अनचाहे भी। यूपी जाइये तो वहां माफिया डॉन मुख्तार अंसारी की जेल में संदिग्ध मौत के बाद समाजवादी पार्टी मातमपुर्सी के लिए अपने सुप्रीमो को अंसारी के घर भेजती है। दिल्ली में भाजपा को शराब से शीश महल अभियान चलकर आप के सुप्रीमो का आभामंडल धूमिल करने का जतन करना पड़ता है। बिहार में पप्पू यादव और लालू यादव के परिवार के बीच जुबानी जंग शुरू हो जाती है। मप्र में टिनोपाल मंत्री रहे भाजपा के हारे नेता दावा करते हैं कि मप्र कांग्रेस के ढाई लाख कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हो चुके हैं। हिमाचल में कांग्रेस को भाजपा की रानी लक्ष्मी बाई के खिलाफ मुहीम चलने के लिए उनके खानपान पर उँगली उठाना पड़ती है। लेकिन देश की जनता के असल मुद्दों पर कोई नहीं बोलना चाहता। राजनीति में चल रही जगलरी को कोई रेखांकित करने के लिए राजी ही नहीं है, क्योंकि सबहि नचावत गुजराती भाई। गुजरातियों के प्रति मेरे मन में कोई घृणा नहीं है, क्योंकि आखिर गुजरात भी तो हमारे देश का ही अभिन्न अंग है। गुजरात के ही मोहनदास करमचंद गांधी ने आजादी की लड़ाई का नेतृत्व किया था। लेकिन दुर्भाग्य ये है कि आज देश गुजरात के गांधी मॉडल पर नहीं बल्कि गुजरात के मोदी-शाह मॉडल पर चल रहा है। ये मॉडल भी अस्पृश्य नहीं है। लेकिन दोषपूर्ण अवश्य है। इसी मॉडल की वजह से देश की राजनीति को ग्रहण लगा है। इस ग्रहण को आप न सूर्य ग्रहण कह सकते हैं और न चंद्र ग्रहण। ये ग्रहण लोटस ग्रहण है। कीचड़ से सना लोटस। लोटस यानि कमल, यानि पंकज। इस ग्रहण ने न सिर्फ देश के सामाजिक ताने -बाने को तार-तार कर दिया है बल्कि देश की एक बड़ी आबादी को रतौंधी का रोग भी लगा दिया है।

रतौंधी एक नेत्र व्याधि है। इसमें या तो सब कुछ धुंधला दिखाई देता है या फिर मरीज को सब कुछ भगवा रंग का दिखाई देने लगता है। ठीक वैसे ही जैसे सावन के अंधे को हरा-हरा दिखाई देता है। देश की जनता इस मामले में बेकसूर है। जनता को एक दशक के लम्बे भ्रष्ट कांग्रेसी शासन से मुक्ति चाहिए थी। उसने बदलाव के लिए, अच्छे दिनों के लिए भाजपा को नहीं बल्कि मोदी जी को वोट दिया और यही उसके साथ चोट हो गयी। मोदी जी ने जनता कि उदारता को ऐसे दुहा कि बस पूछिए मत !! जनता बेसब्री नहीं थी, उसने पांच साल जुमलों के सहारे काटे और एक बार फिर पांच साल के लिए देश की कमान भाजपा कि मोदी -शाह जोड़ी को सौंप दी, लेकिन जनता के साथ दोबारा से ठगी हो गयी। इन दस सालों में देश ज्यादा मजबूत हुआ या भाजपा ? देश बना या मंदिर ? आप सोच सकते हैं कि जब मंदिर बन गया तो मस्जिद क्यों नहीं बनी ? इसका विश्लेषण करने के लिए अब वक्त आ चुका है।

भारतीय राजनीति को सचमुच भाजपा का ग्रहण लग चुका है। पहले ग्रहण कांग्रेस का लगा था। कुछ समय के लिए आंशिक ग्रहण गठबंधन की सरकारों का भी लगा था, लेकिन सबसे मुक्ति मिल। सब ग्रहणों के विमोचन का एक वक्त मुकर्रर होता है। भाजपा का भी वक्त अब आ चुका है, लेकिन जनता को इस वक्त का सही इस्तेमाल करना होगा।

पब्लिक एशिया : पत्र पंजीकरण संख्या : 49329/1989, स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, मुकेश वत्स ने पब्लिक एशिया E-33, सेक्टर-7 नोएडा, गौतमबुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित कराया व 302, III फ्लोर नेशनल आर्केट बिल्डिंग एल.एस.सी. गाजीपुर दिल्ली 96 से प्रकाशित किया है। संपादकीय कार्यालय : 302 III फ्लोर नेशनल आर्केट बिल्डिंग एल.एस.सी. गाजीपुर दिल्ली-96। मुख्य कार्यालय पब्लिक एशिया हाउस 686 जी, न्याय खंड-2, इन्दरापुरम, गाजियाबाद (उ.प्र.), Mob. 9891945513, Web-www.publicasia.in, E-mail ID: publicasia1989@gmail.com

घरेलू बैंक अंतिम ग्राहकों के बजाय वैश्विक बाजारों में बाजार-निमार्ताओं के साथ काम कर रहे हैं और वैश्विक स्तर पर रुपये डेरिवेटिव के बाजार-निमार्ताओं के रूप में उभरे हैं। हमारा ध्यान विवेकपूर्ण रहते हुए घरेलू और विदेशी दोनों तरह के रुपया डेरिवेटिव बाजारों में भारतीय बैंकों की भागीदारी को बढ़ाने और व्यापक बनाने पर होना चाहिए। खुदरा ग्राहकों को अब भी बड़े ग्राहकों के बराबर सौदा नहीं मिलता है। एनडीएस-ओएम पर छोटे सौदों के लिए प्रभावी बाजार-निर्माण और बेहतर मूल्य निर्धारण की जरूरत है।

-भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकान्त दास

संक्षिप्त समाचार

आदि शक्ति मां दुर्गा की आराधना का महापर्व प्रारंभ, देशभर की शक्तिपीठों में दर्शन के लिए लंबी कतारें

नई दिल्ली। चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिवस के साथ आज से आदि शक्ति मां दुर्गा की आराधना का महापर्व प्रारंभ हो गया। देशभर की शक्तिपीठों में मां के दर्शन के लिए सुबह से लंबी कतारें लगी हुई हैं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के छतरपुर मंदिर, झंडेवालान मंदिर और कालकाजी मंदिर में सुबह की आरती के साथ मां के दर्शन शुरू हो गए। असम में मां कामाख्या, मुंबई में मुंबा देवी मंदिर, हिमाचल प्रदेश में ज्वालाजी, नयनादेवी, मध्य प्रदेश के मैहर में मां शारदा पीठ और उत्तर प्रदेश के चित्रकूट में रामगिरी शक्तिपीठ और विंध्याचल शक्तिपीठ में उपासक पवित्र नदियों में स्नान के बाद दर्शनों के लिए पहुंच रहे हैं। देश के सभी देवालयों में भी आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा है। इस वर्ष चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिवस सर्वार्थ सिद्धि और अमृत योग है। वैदिक ज्योतिष में इन इन दोनों योग में की गई पूजा को बहुत ही शुभ फलदायी माना जाता है। प्रयागराज में श्रद्धालुओं ने गंगा और यमुना नदी में पवित्र डुबकी लगाकर जलदेवियों की पूजा-अर्चना की। प्रसिद्ध गायक जुबिन नौटियाल ने चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिवस उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना की।

दूषित पानी बिगाड़ रहा शहरवासियों की सेहत

तीन महीने में पानी के 59 सेंपल फेल, सेंपल फेल होने पर नहीं होती कार्रवाई

गाजियाबाद। स्वास्थ्य विभाग की ओर से लगातार अभियान चलाने के बावजूद जिले में पानी की गुणवत्ता में सुधार नहीं हो रहा है। हालात ऐसे हैं कि पिछले तीन महीनों के दौरान ही विभाग द्वारा किए गए पानी के 59 सैंपल फेल पाए जा चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से सभी को नोटिस जारी करने के साथ ही प्रशासन को भी कार्रवाई के लिए रिपोर्ट भेजी है। मार्च महीने में पानी के 14 सैंपल फेल पाए गए हैं। मौसम में हुए बदलाव के कारण मरीजों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। मरीजों में 40 प्रतिशत संख्या पेट संबंधी रोगियों की है। इसके अलावा वायरल और अन्य बीमारियों के मरीज भी अस्पतालों में पहुंच रहे हैं। डॉक्टरों के अनुसार दूषित पानी पीने के कारण पेट संबंधी इंफेक्शन तेजी से बढ़ रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से की जा रही पानी की जांच में भी लगातार सैंपल फेल हो रहे हैं। गंभीर बात यह है कि पानी के प्लांटों से सप्लाई होने वाले पानी में बैक्टीरिया मिल रहा है। इसके अलावा भी पानी में अन्य दूषित तत्व भी पाए जा रहे हैं जिससे लोगों की सेहत खराब हो रही है। पानी में टीडीएस की मात्रा मानक से कहीं ज्यादा मिल रही है। टीडीएस ज्यादा होने से भी पेट में संक्रमण की परेशानी होती है, लेकिन मरीज को अस्पताल में भर्ती करने की जरूरत बहुत कम ही पड़ती है। जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. आरके गुप्ता का कहना है कि विभाग की ओर से लगातार नोटिस जारी किए जा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से पानी के सेंपलों की जांच रिपोर्ट संबंधित विभागों को कार्रवाई की मांग के साथ भेजी जाती है, लेकिन कार्रवाई नहीं होती। जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. गुप्ता कहते हैं कि स्वास्थ्य विभाग पानी के सेंपल फेल होने पर केवल नोटिस जारी कर सकता है और दोबारा जांच कर सकता है। कार्रवाई करने का आधिकार संबंधित विभाग का होता है। नगर निगम, आवास-विकास, जीडीए समेत प्रशासन को भी कार्रवाई की संस्तुति के साथ रिपोर्ट भेजी जाती है, लेकिन कार्रवाई नहीं होती। उन्होंने कहा कि स्कूलों और पानी के प्लांटों के सेंपल जांच में फेल पाया जाना गंभीर मामला है। इसके अलावा कई कॉलोनियों में सप्लाई होने वाले पानी की गुणवत्ता भी खराब मिलती है।

घर से नगदी लेकर निकले सोच समझकर

-चुनावी हलचल तेज होते ही फलाइंग स्कवायड की टीमें हुई सक्रिय

-प्रोपर्टी खरीद फरोख्त का कारोबार हुआ धडाम

न्वरात्रि में प्रोपर्टी कारोबार में इजाफे की उम्मीद पर फिरा पानी

गाजियाबाद ।सावधान! यदि आप किसी प्रोपर्टी का सौदा करने की सोच रहे है तथा पार्टी को एडवांस देने जा रहे है तो सोच समझकर नगदी लेकर घर से निकले,हो सकता है कि बीच रास्ते में फलाइंग स्कवायड की टीम मिल जाए और जो नगदी लेकर निकले है,वह बीच रास्ते में ही जब्त कर ली जाए। एक बार पैसा जब्त होने के बाद उसे मुक्त कराना आसान नहीं है। जी हां इन दिनों निर्वाचन विभाग के द्वारा गठित टीमें सक्रिय हो गई है। टीम में शामिल अधिकारियों के द्वारा वाहनों की पडताल तेज कर दी है। जी हा निश्पक्ष चुनाव की कडी में जिला निर्वाचन विभाग के द्वारा बाकायदा फलाइग टीमों का गठन किया है। इन टीमों में पुलिस के साथ ही विभिन्न विभाग के अधिकारियों को रखा गया है। ऐसे में देखा जाए तो प्रोपर्टी का कारोबार पूरी तरह से धडाम हो गया है। टीमों को गाजियाबाद लोकसभा के अंतर्गत आने वाली विधानसभा सीटों के एरिया में अलग टीमों का गठन किया गया है। टीमों के द्वारा राह चलते वाहनों की तलाशी लेने काम तेज कर दिया गया है। टीमों को एरिया में चरण बद तरीके जिम्मेदारी दी गई है। सुबह छह से दोपहर बजे एवं इसके अलावा 2 बजे से शाम आठ बजे इस तरीके से टीमों का सडकों पर 24 घंटे अलर्ट रहने के दिशा निर्देश दिए गए है। बाकायदा चार पहिया वाहनां की सघन तालाशी ली जी है। जानकार बताते है कि ऐसे में प्रोपर्टी खरीद फरोख्त के काम में गिरावट आ गई है। लोग किसी प्रोपर्टी के खरीद फरोख्त से फिलहाल कतरा रहे है। प्रोपर्टी कारोबार से जुडे नवीन कुमार बताते है कि प्रोपर्टी का कारोबार पूरी तरह से ठप होकर रह गया है। उम्मीद थीं कि मंगलवार से आरंभ हो रहे चेत्र नवरात्र के दौरान प्रोपर्टी के कारोबार में उछाल आएगा,लेकिन दूर तक भी ऐसा नहीं दिखाई दे रहा है।

नेताओं में झंडे,बैनर का क्रेज हुआ शून्य

-निगम से नही ली किसी के द्वारा अनुमति

-निगम अधिकारियों ने कहा बगैर अनुमति के सरकारी संपत्ति पर नजर आए झंडे तो होगी एफआई आर

गाजियाबाद। एक वक्त ऐसा होता था कि चुनाव सिर पर आते ही क्षेत्र को होर्डिग,बैनर तथा पोस्टर आदि से पाट दिया जाता था,हर तरफ रंग बिरंगे बेनर आदि दिखाई पडते थे,गाजियाबाद लोकसभा सीट पर दूसरे चरण अर्थात 26 तारीख को मतदान होना है,लेकिन देखा जाए तो किसी भी राजनैतिक दल के द्वारा नगर निगम से अभी तक होर्डिग,बेनर,झंडे आदि लगाने की अनुमति हासिल नहीं की गई है। निगम अधिकारियों का तर्क है कि यदि किसी सरकारी संपति पर किसी प्रत्याशी के होर्डिग आदि दिखाई दिए तो संबंधित के होर्डिग आदि जब्त करते हुए एपफआईआर दर्ज करायी जाएगी। नगर निगम के द्वारा प्रत्याशियों के पक्ष में एनओसी जारी करने की प्रक्रिया समाप्त होने के बाद चुनाव मैदान मे उतरे प्रत्याशियों के पक्ष में होर्डिंग,बैनर,झंडे आदि की अनुमति के लिए अलग से स्टाफ की तैनाती की है। बाकायदा रेट तय किए गए है। निगम के स्टाफ की मानें तो अभी तक किसी भी प्रत्याशी के द्वारा होर्डिग आदि की अनुमति के लिए आवेदन नहीं किया है। होर्डिग आदि के कारोबार से जुडे लोगों की मानें तो सोशल मीडिया का दौर आरंभ होने का नतीजा ये है कि पिछले कुछ सालों से होर्डिंग,झंडे आदि के कारोबार में गिरावट आयी है। एक वक्त ऐसा था कि इन दिनो फुर्सत ही नहीं मिलती थीं,जबकि इस बार दूर तक ऐसा कुछ भी नहीं है। अधिकांश हीर्डिंग के कारोबार से जुडे लोग निराश दिखाई पड रहे है।

राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह ने किया उत्तर पूर्वी लोकसभा कार्यालय का उद्धघाटन

'हैट्रिक की बारी है हर कार्यकर्ता मनोज तिवारी है'

अरुण सिंह ने किया उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा प्रत्याशी मनोज तिवारी के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

नीरज अवस्थी

उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा से भारतीय जनता पार्टी के लगातार तीसरी बार प्रत्याशी मनोज तिवारी के चुनाव कार्यालय का यमुना विहार में उद्घाटन किया गया उद्घाटन भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह ने कया कार्यालय के उद्घाटन से पहले वेद मंत्रोचार के साथ हवन पूजन किया गया इस अवसर पर आयोजित एक विशाल कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष वीरेंदर सचदेवा विजेंद्र गुप्ता लोकसभा चुनाव में प्रभारी विष्णु मित्तल लोकसभा संयोजक राजा इकबाल सिंह जिला अध्यक्ष पूनम चौहान मनोज त्यागी विधायक जितेंद्र महाजन मोहन सिंह बिष्ट अजय महावर निगम पार्षद प्रमोद गुप्ता कौशल मिश्रा गौरव खारी नीलकांत बक्शी आनंद त्रिवेदी मीडिया प्रभारी दीपक चौहान सहित हजारों कार्यकर्ता क्षेत्रीय निवासी सामाजिक संस्थाओं के प्रमुख गणमान्य लोग मौजूद रहे।

अरुण सिंह ने कहा कि विश्वस्तरीय शिक्षा व्यवस्था देने का दावा करने वाली केजरीवाल सरकार के राज में दिल्ली के बच्चे पेड़ की छांव में शिक्षा लेने को मजबूर हैं ऐसा तो देश में कहीं नहीं देखा गया है। जर्जर भवनों में क्षमता से अधिक बच्चों को शिक्षा दी जा रही है कवि पंखा टूटकर छात्र-छात्राओं के ऊपर गिर जाता है तो कभी छत का प्लास्टर। करोड़ों रुपए खर्च कर मोहल्ला क्लिनिको का प्रचार किया गया लेकिन उनमें लोगों का इलाज नहीं होता यह मोहल्ला क्लीनिक असामाजिक तत्वों जानवरों और नशाखोरी करने वाले लोगों का अड्डा बन गए हैं। अगर विश्व स्तरीय मोहल्ला क्लीनिक थे तो केजरीवाल या उनके परिवार के लोग कभी इलाज के लिए इन क्लिनिको के बजाय बैंगलोर इलाज करने क्यों जाते हैं। अरुण सिंह ने आगे बोलते हुए कहा कि पीने के पानी की व्यवस्था की जिम्मेदारी मुख्यमंत्री केजरीवाल की होती है लेकिन प्रदूषित पानी पीकर लोग बीमार हो रहे हैं और गंगाजल केजरीवाल के शीश महल के स्विमिंग पूल में पहुंचाया जा रहा है। पानी निकासी की व्यवस्था न होने के कारण घरों से निकलने वाला पानी खाली प्लाटों और गलियों में भरा है भूजल जहरीला हो रहा है लोगों को कैंसर हो रहा है दिल्ली के लोग दम तोड़ रहे हैं लेकिन केजरीवाल के कान पर जून नहीं रेंग रही है।

प्रदेश अध्यक्ष वीरेंदर सचदेवा ने कहा कि लाचार परिवहन व्यवस्था का हाल यह है गारंटी पीरियड खत्म होने के बाद भी दिल्ली परिवहन निगम की बसें चलते-चलते धू धू कर जल उठती हैं या यूं कहें दिल्ली वासियों को सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था के नाम पर चलाई जा रही बसें दिल्ली वासियों के लिए जानलेवा साबित हो रही है।

जन लोकपाल के नारे से जन्मी केजरीवाल की पार्टी का आलम यह है की खुद केजरीवाल भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में हैं स्वराज से शुरू हुई उनकी राजनीतिक यात्रा शराब के घोटाले पर खत्म होती है। आधे से ज्यादा मंत्री जेल में है जो बचे हुए नेता हैं वह बेल पर है। भारत के सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बावजूद दिल्ली की अनधिकृत कालोनियां जन सुविधाओं के लिए मोहताज हैं सोनिया विहार सीमापुरी बुराड़ी मुस्तफाबाद के लोग नाली और सड़क की सुविधा के मोहताज हैं और नारकीय जीवन जीने को मजबूर है। समझ में नहीं आता कि केजरीवाल सरकार में भ्रष्टाचार है या दिल्ली में केजरीवाल के नेतृत्व में भ्रष्टाचारियों की सरकार है।

उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए मनोज तिवारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी होने के साथ-साथ भारत को विश्व गुरु बनाने के मुकाम तक पहुंचाने वाली नरेंद्र मोदी सरकार को जन समर्पित करने वाली पार्टी है और जन सेवा का पर्याय भारतीय जनता पार्टी का तीसरी बार प्रत्याशी बनना मेरे लिए गौरव की बात है मैं ऐसी पार्टी के प्रत्याशी के रूप में आपके समक्ष प्रस्तुत हूं जिसके करोड़ो कार्यकर्ता कोरोनाकाल में अपनी जान दांव पर लगाकर दूसरों की जान बचाते हैं भूखे लोगों तक राशन और खाना पहुंचाते हैं उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी की सरकार ने लगातार दो बार सबको साथ लेकर सबके विकास के लिए काम किया और इसी सरकार के नेतृत्व में हमने उत्तर पूर्वी दिल्ली में राष्ट्रीय राजमार्ग 709 बी मेट्रो फेस 4 केंद्रीय विद्यालय रेलवे स्टेशन पार्क स्ट्रीट लाइट सुंदर सडके पासपोर्ट केंद्र जैसे कई बड़े विकास कार्य करवाए और तीसरी बार आप जैसे देव तुल्य कार्यकताओं और क्षेत्र के सम्मानित नागरिकों के सहयोग से हम पुनः नरेंद्र मोदी की सरकार स्थापित कर अपने संसदीय क्षेत्र को आदर्श बनाएंगे।

अब्बास अंसारी को मिली बड़ी राहत, सुप्रीम कोर्ट ने पिता मुख्तार अंसारी की फातिहा में शामिल होने की दी इजाजत

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने अब्बास अंसारी को उनके पिता मुख्तार अंसारी की कब्र पर फातिहा पढ़ने की इजाजत दे दी है। जानकारी के अनुसार आज शाम 5 बजे से पहले अब्बास को कासगंज से गाजीपुर ले जाया जाएगा। वहीं अब्बास 10 अप्रैल को अपने पिता की कब्र पर फातिहा पढ़ेगा। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया कि अब्बास अंसारी को पर्याप्त सुरक्षा के साथ पुलिस हिरासत में कासगंज जेल से उनके गृहनगर गाजीपुर ले जाया जाए। बता दें जेल में बंद अब्बास अंसारी ने पिता मुख्तार अंसारी की कब्र पर फातिहा पढ़ने की इजाजत मांगी थी। जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने ये मामला उठाया। फैसला सुनाते हुए जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस के वी विश्वानाथन ने कहा हमने नोट में दिए गए कथनों पर ध्यान दिया है। तथ्य कि याचिकाकर्ता ने 28 मार्च को अपने पिता को खो दिया है, विवाद में नहीं है।

गुरूग्राम प्रशासन ने चिंटेल्स पाराडाइसो के असुरक्षित टावरों को गिराने का आदेश दिया

गुरूग्राम, एजेंसी। गुरूग्राम के जिला प्रशासन ने यहां सेक्टर 109 में चिंटेल्स पाराडाइसो परिसर में रहने के लिए असुरक्षित घोषित कर दिये गये पांच टावर को गिराने का आदेश जारी किया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गुरूग्राम के उपायुक्त निशांत कुमार यादव द्वारा सोमवार को जारी किये गये आदेश में इस आवासीय सोसायटी में डी, ई, एफ, जी और एच टावर को गिराने की अनुमति दी गयी है। यह आदेश बिल्डर द्वारा उपायुक्त को भेजे गये ई-मेल के जवाब में आया है। बिल्डर ने ई-मेल में उपायुक्त से इन टावर को गिराने के वास्ते वहां से लोगों को तत्काल हटाने एवं टावर खाली कराने की अनुमति मांगी थी। ये टावर ऑडिट रिपोर्ट के आधार पर रहने के लिए असुरक्षित घोषित कर दिये गये थे। आईआईटी दिल्ली की एक टीम ने प्रशासन को यह ऑडिट रिपोर्ट सौंपी थी। चिंटेल्स पाराडाइसो सोसायटी के टावर डी के छह तल 10 फरवरी, 2022 को आंशिक रूप से गिर गये थे जिससे दो महिलाओं की मौत हो गयी थी। तब से यह स्थान बिल्डर और इस सोसायटी के बाशिंदों के बीच विवाद का विषय बना हुआ है। आदेश में कहा गया है, गुरूग्राम के सेक्टर 109 में मैसर्स चिंटेल पाराडाइसो प्राइवेट लिमिटेड नामक ग्रुप हाउसिंग सोसायटी के टावर डी, ई, एफ, जी और एच को गिराने की अनुमति दी जाती है। इसपर संबंधित विभागों की नीति/दिशानिर्देश लागू होंगे। यादव ने बिल्डर के ई-मेल के जवाब में कहा कि इस मामले पर अतिरिक्त उपायुक्त हितेश कुमार मीणा की अगुवाई तथा संबंधित विभागों के प्रतिनिधियों वाली समिति ने चर्चा की। आदेश में कहा गया है, ह्यह्ययहां यह उल्लेख करना मुनासिब होगा कि यह इस अनुमति में उल्लेखित कार्य को संबंधित मान्य राज्य/ केंद्रीय कानून/ अधिनियम/ नीति से कोई छूट नहीं दी गयी है। इसके अलावा, संबंधित स्थल पर किसी भी चूक/ अनहोनी/ लापरवाही की स्थिति में आप पूरी तरह जिम्मेदार होंगे और उसके अनुसार प्रासंगिक कार्रवाई की जाएगी।

हाईकोर्ट से मिली हार तो शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को कर डाला ध्वस्त, एफआईआर

गाजियाबाद, संवाददाता

शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को डिस्टर्ब करने वालों को नगर निगम ने सबक सिखाने की ठान ली है। इलाहाबाद हाईकोर्ट में मिली हार और नगर निगम द्वारा चेतावनी के बावजूद ट्रैफिक सिग्नल का कंट्रोल सिस्टम हैंडओवर नहीं करने के मामले में बीओटी फर्म मैसर्स शिव शक्ति ड्रीम होम्स पर शिकंजा कस दिया गया है। मैसर्स शिव शक्ति ड्रीम होम्स के डायरेक्टर सहित 4 लोगों के खिलाफ सोमवार को सिहानी गेट थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई। आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 341, 420, 338, 186 और सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम 1984 की धारा- 2 और 3 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक का सख्त निर्देश है कि शहर के ट्रैफिक सिग्नल को ध्वस्त कर शहरवासियों को परेशानी में डालने वालों के साथ किसी भी प्रकार की मुरव्वत ना की जाये। शहरवासियों की जरूरतें एवं नगर निगम का हित सर्वोपरि रहेगा। नगर निगम द्वारा जल्द ही सभी ट्रैफिक सिग्नल का संचालन सुचारू कर दिया जाएगा।

पिछले दो दिनों से गाजियाबाद शहर के बंद पड़े ट्रैफिक सिग्नल का मामला सुर्खियों में है। ट्रैफिक सिग्नल का संचालन बंद करने और कंट्रोल सिस्टम नगर निगम को हैंडओवर नहीं किये जाने के कारण शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को पुलिस द्वारा मैनुअली ऑपरेट किया जा रहा है। पूर्व में ट्रैफिक सिग्नल का काम देखने वाली फर्म मैसर्स शिव शक्ति ड्रीम होम्स द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के शहर के 58 चौराहों का ट्रैफिक सिग्नल बंद कर दिया गया। ट्रैफिक पुलिस और गाजियाबाद नगर निगम द्वारा प्रभावित चौराहों पर पुलिसकर्मियों और वॉलंटियर्स की तैनाती कर ट्रैफिक सिस्टम को मैनेज किया जा रहा है। लेकिन पीक ऑवर में सड़कों पर ट्रैफिक लोड अधिक होने के कारण कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और कुछ स्थानों पर लोगों को जाम की समस्या से भी जूझना पड़ रहा है। हालांकि नगर निगम द्वारा जल्द ही वैकल्पिक व्यवस्था के तहत सभी ट्रैफिक सिग्नल को ऑपरेशनलकर दिया जाएगा। लेकिन फिलवक्त लोगों की समस्याएं बरकरार है। ट्रैफिक सिग्नल का काम देख रही बीओटी फर्म मैसर्स शिव शक्ति ड्रीम होम्स के गैरजिम्मेदाराना रवैया और ट्रैफिक सिग्नल का कंट्रोल सिस्टम हैंडओवर नहीं करने के मामले में नगर निगम के विज्ञापन प्रभारी पल्लवी सिंह ने मैसर्स शिव शक्ति ड्रीम होम्स के डायरेक्टर हरीश शर्मा, पार्टनर गुंजन शर्मा, कपिल मोहन गुप्ता और तरूण शर्मा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

शहर के 58 ट्रैफिक सिग्नल का संचालन मैसर्स शिव शक्ति ड्रीम होम्स द्वारा किया जा रहा था। इन 58 स्थानों में से चौधरी मोड़, हापुड़ चुंगी, मोहन नगर चौराहा, ठाकुरद्वारा तिराहा, नवयुग मार्केट चौराहा, पुराना बस अड्डा, मालीवाड़ा सहित करीब ढ़ाई दर्जन ऐसे स्थान हैं जिन चौराहों पर ट्रैफिक दवाब काफी अधिक होता है। विगत दो दिनों से इन सभी 58 स्थानों पर ट्रैफिक सिग्नल बंद पड़े हुए हैं।

शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू करने के लिए ट्रैफिक सिग्नल के संचालन को लेकर गाजियाबाद नगर निगम व मैसर्स शिव शक्ति ड्रीम होम्स प्राइवेट लिमिटेड फर्म के बीच अनुबंध हुआ था। अनुबंध की शर्तों के अनुसार 23 मई 2017 को ट्रैफिक सिग्नल का अनुरक्षण एवं संचालन की जिम्मेदारी मैसर्स शिव शक्ति ड्रीम होम्स प्राइवेट लिमिटेड को सौंपी गई। अनुबंध की शर्तों के अनुसार फर्म को विज्ञापन करने का अधिकार दिया गया। नगर निगम और फर्म के बीच अनुबंध 6 वर्षों के लिए हुआ था। 6 साल की अवधि पूरी होने के बाद फर्म का अनुबंध रिन्यूवल नहीं किया गया और कॉन्ट्रैक्ट खत्म कर दिया गया।

नगर निगम द्वारा कॉन्ट्रैक्ट रिन्यूवल नहीं किये जाने के बाद मैसर्स शिव शक्ति ड्रीम होम्स प्राइवेट लिमिटेड ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की। याचिका में कॉन्ट्रैक्ट रिन्यूवल नहीं करने के मामलों को चुनौती दी गई। हाईकोर्ट में नगर निगम ने मजबूती से अपना पक्ष रखा। नगर निगम द्वारा नये नियम शर्तों के साथ अन्य विज्ञापन कंपनी से करार करने पर पांच गुणा अधिक लाभ मिल रहा था। यह नगर निगम के आर्थिक हित में है। मैसर्स शिव शक्ति ड्रीम होम्स प्राइवेट लिमिटेड का टेंडर अन्य पार्टिसिपेट से पांच गुणा कम था। कोर्ट ने नगर निगम की दलीलों को सही मानते हुए मैसर्स शिव शक्ति ड्रीम होम्स की याचिका को खारिज कर दिया। मैसर्स शिव शक्ति द्वारा किये जा रहे विज्ञापन की वजह से नगर निगम को आर्थिक क्षति पहुंच रही थी।

इलाहाबाद हाईकोर्ट से याचिका खारिज होने के बाद नगर निगम ने मैसर्स शिव शक्ति ड्रीम होम्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा शहर में अवैध रूप से लगाये गये यूनिपोल को काटना शुरू कर दिया। दर्जनों अवैध यूनिपोल काट दिये गये। यूनिपोल काटे जाने से बीओटी फर्म बौखला गई और उसने ट्रैफिक सिग्नल का संचालन बंद कर दिया।

हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी बीओटी फर्म द्वारा ट्रैफिक सिग्नल का संचालन करते हुए यूनीपोल पर विज्ञापन प्रचारित करने का कार्य किया जाता रहा। फर्म के अनुबंध की समयावधि समाप्त होने पर ट्रैफिक सिग्नल का कंट्रोल सिस्टम हस्तांतरण के लिए नगर निगम द्वारा 24 घंटे का समय देते हुए नोटिस जारी किया गया। बीओटी फर्म ने सहयोग करने के बजाय ट्रैफिक सिग्नल बंद कर शहरवासियों के लिए परेशानी खड़ी कर दी।

बीओटी फर्म का अनुबंध पूर्व में समाप्त हो चुका है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भी गाजियाबाद नगर निगम के पक्ष में फैसला सुनाया और बीओटी फर्म की याचिका को खारिज कर दिया। ट्रैफिक सिग्नल बंद करके और कट्रोल सिस्टम नगर निगम को हैंडओवर नहीं करके शहरवासियों को जानबूझकर परेशान किया गया। बीओटी फर्म को नोटिस भेजकर 24 घंटे के अंदर ट्रैफिक सिग्नल का कंट्रोल सिस्टम हैंडओवर करने के निर्देश दिए गए थे, मगर हैंडओवर नहीं किया गया। ऐसे में अब फर्म के डायरेक्टर व पार्टनर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है।

लोकसभा चुनावः दूसरे चरण में 26 अप्रैल को होगा मतदान, 12 राज्यों में 1206 उम्मीदवार

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा चुनाव-2024 के दूसरे चरण में 12 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के 1206 उम्मीदवारों के साथ-साथ बाहरी मणिपुर पीसी से 4 उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे। लोकसभा चुनाव 2024 के दूसरे चरण के मतदान के लिए 12 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों के 88 संसदीय क्षेत्रों के लिए कुल 2633 नामांकन दाखिल किए गए थे। दूसरे चरण के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 4 अप्रैल थी। दाखिल 2633 नामांकनों की जांच में 1428 नामांकन वैध पाए गए। सभी 12 राज्यों/ केंद्रशासित प्रदेशों के लिए उम्मीदवारी वापस लेने की अंतिम तिथि सोमवार 08 अप्रैल थी।

दूसरे चरण में केरल में 20 संसदीय क्षेत्रों के लिए अधिकतम 500 नामांकन किए गए हैं। इसके बाद कर्नाटक में 14 संसदीय क्षेत्रों से 491 नामांकन हैं। महाराष्ट्र की नांदेड़ संसदीय क्षेत्र से सबसे अधिक 92 नामांकन प्राप्त हुए।

आयोग के अनुसार दूसरे चरण में 88 संसदीय क्षेत्रों के लिए 2633 नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे। इनमें से 1428 सही पाए गए। नाम वापसी के बाद संख्या 1206 रह गई। राज्यवार आंकड़ों के अनुसार इस चरण में असम 61, बिहार 50, छत्तीसगढ़ 41, जम्मू-कश्मीर 22, कर्नाटक 247, केरल 194, मध्य प्रदेश 88, महाराष्ट्र 204, राजस्थान 152, त्रिपुरा 9, उत्तर प्रदेश 91 और पश्चिम बंगाल 47 उम्मीदवार चुनाव मैदान में है।

उल्लेखनीय है कि पहले चरण में 21 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में 1625 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। इनमें 1491 पुरुष उम्मीदवार और 134 महिला उम्मीदवार हैं। पहले चरण के लिए 19 अप्रैल को मतदान होगा। वहीं दूसरे चरण के लिए 26 अप्रैल को मतदान होगा।

हरियाणा के दिग्गज नेता चौधरी बीरेंद्र सिंह ने की घर वापसी, सपत्नीक कांग्रेस में हुए शामिल

हरियाणा से सांसद और केंद्र में मंत्री रहे चौधरी बीरेंद्र सिंह आज कांग्रेस में शामिल हो गए। मंगलवार को चौधरी बीरेंद्र सिंह पत्नी प्रेमलता के साथ कांग्रेस में शामिल हुए। इन्होंने एक दिन पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्राथमिक सदस्यता से त्याग पत्र दिया था। चौधरी बीरेंद्र सिंह के बेटे और पूर्व भाजपा नेता बृजेंद्र सिंह हाल ही में कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए थे।

मंगलवार को चौधरी बीरेंद्र सिंह के कांग्रेस मुख्यालय पहुंचने पर कांग्रेस के नेताओं ने उनका स्वागत किया। इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा और रणदीप सुरजेवाला ने कांग्रेस की सदस्यता दिलाई और स्वागत किया। बीरेंद्र सिंह कांग्रेस के साथ चार दशक से अधिक समय पुराने रिश्ते को तोड़कर लगभग 10 साल पहले भाजपा में शामिल हुए थे।

बीरेंद्र सिंह उचाना से पांच बार जीतकर हरियाणा विधानसभा में विधायक बने और तीन बार हरियाणा में कैबिनेट मंत्री के रूप में कार्य किया। उन्होंने तीन बार सांसद के रूप में भी देश की सेवा की है। 28 अगस्त, 2014 को राज्यसभा की सदस्यता से अपना इस्तीफा देने के बाद बीरेंद्र सिंह 29 अगस्त, 2014 को भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए थे। उन्हें ग्रामीण विकास मंत्रालय, पंचायती राज मंत्रालय और पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय का प्रभार दिया गया था। 11 जून, 2016 को छह साल के कार्यकाल (2016-2022) के लिए तीसरी बार राज्यसभा के लिए फिर से चुने गए। जुलाई 2016 में नरेन्द्र मोदी मंत्रालय के दूसरे कैबिनेट फेरबदल के दौरान चौधरी बीरेंद्र सिंह ने इस्पात मंत्री के रूप में नरेंद्र सिंह तोमर की जगह ली थी।

गिरफ्तारी | **थाना सेक्टर 126 पुलिस ने नकली तंबाकू बनाने वाले गिरोह के छह लोगों को गिरफ्तार किया है, लेकिन मुख्य आरोपी फरार है....**

कर्नाटक व केरल ले जाया जा रहा करीब 8500 किलोग्राम नकली तंबाकू नोएडा में जब्त

नोएडा, संवाददाता

उत्तर प्रदेश में गौतमबुद्धनगर जिला पुलिस ने करीब 8500 किलोग्राम नकली तंबाकू जब्त किया है जिसे बेचने के लिए कर्नाटक और केरल ले जाया जा रहा था। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि थाना सेक्टर 126 पुलिस ने नकली तंबाकू बनाने वाले गिरोह के छह लोगों को गिरफ्तार किया है, लेकिन मुख्य आरोपी फरार है।

पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) विद्यासागर मिश्रा ने बताया कि थाना सेक्टर 126 पुलिस को सूचना मिली कि एक गिरोह के सदस्य नकली तंबाकू को एक ट्रक से दिल्ली से कर्नाटक और केरल ले जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि सूचना के आधार पर थाना पुलिस ने जेपी कट के पास से एक ट्रक को रोका और उसमें कुल 138 बोरियों में रखा 8418 किलोग्राम नकली तंबाकू बरामद किया।

मिश्रा ने मुताबिक, पुलिस ने ट्रक चालक मनोज सरोज और उसके सहायक रमेश भाटी को हिरासत में ले लिया जिन्होंने पूछताछ में बताया कि ट्रक से आगे चल रही एक कार में सवार लोग उन्हें पुलिस और जीएसटी विभाग की गतिविधि के बारे में जानकारी दे रहे थे।

अधिकारी ने बताया कि इसके बाद पुलिस ने उस कार को पकड़ा और सैयद जबी उल्ला, परम, शिवम जायसवाल और जाकिर हुसैन को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि ट्रक में नकली तंबाकू की बोरियों के ऊपर आलू की बोरी रखी हुई थी। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि ट्रक और कार को भी पुलिस ने जब्त कर लिया है। मिश्रा ने बताया कि इस गिरोह का सरगना विकास उर्फ चाचा है जो फिलहाल फरार है।

नोएडा में लिव-इन में रहने वाले युवक ने खुदकुशी की

नोएडा। उत्तर प्रदेश में गौतमबुद्धनगर जिले के थाना बिसरख क्षेत्र के गौर सिटी सोसाइटी में लिव- इन रिलेशनशिप में रहने वाले एक युवक ने पार्टनर से हुए झगड़े के बाद कथित रूप से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। थाना बिसरख के प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि गौर सिटी सोसाइटी में रहने वाले प्रशांत का अपने पार्टनर से सोमवार को झगड़ा हो गया जिसके बाद महिला फ्लैट से कहीं चली गई। कुमार के मुताबिक, टावर के सुरक्षा गार्ड ने पुलिस को बताया कि महिला यह कहकर चली गई कि प्रशांत आत्महत्या करने की धमकी दे रहा है। थाना प्रभारी ने बताया कि सुरक्षा गार्ड ने इस बात को गंभीरता से नहीं लिया, लेकिन सोमवार देर रात सोसाइटी के लोगों को पता चला कि प्रशांत ने आत्महत्या कर ली है जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। कुमार ने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस आत्महत्या के कारण का पता लग रही है तथा मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। अधिकारी ने बताया कि अगर इस बाबत शिकायत मिलती है तो घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच करेगी।

पब्लिक एशिया
नई दिल्ली, बुधवार, 10 अप्रैल, 2024

अमेठी हो या रायबरेली, दोनों ही लोकसभा क्षेत्र नेहरू परिवार का क्षेत्र है। अमेठी, रायबरेली के साथ-साथ प्रदेश की जनता और कांग्रेस की इच्छा है कि राहुल और प्रियंका गाँधी बाड्रा अमेठी और रायबरेली से चुनाव लड़े।

-अखिलेश प्रताप सिंह, कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता और इंडिया समूह से देवरिया लोकसभा से प्रत्याशी



सीएम योगी ने चुनावी जनसभा को किया संबोधित सपा, बसपा, कांग्रेस पर साधा निशाना

अयोध्या में श्रीराम मंदिर की स्थापना, चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देकर अन्नदाता का सम्मान किया- सीएम योगी

पब्लिक एशिया ब्यूरो

हापुड़। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हापुड़ जनपद के गांव सिखेड़ा में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने सपा, बसपा, कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पहले की सरकारें दंगे भड़काती थी, कर्फ्यू लगता था, आज धूमधाम से कांवड़ यात्रा निकलती है। सवाल उठाते हुए कहा कि आज अयोध्या, में रामलला विराजमान है, क्या सपा, बसपा और कांग्रेस ऐसा कर सकती थी? सीएम योगी ने कहा कि मोदी सरकार को जनता फिर एक बार क्यो लाना चाहती है. इसके पीछे कारण पीएम मोदी के नेतृत्व में पिछले दस वर्ष के अंदर देश में जो परिवर्तन हुआ है। दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है। भरात की सीमाएं सुरक्षित हुई है। अब तो कोई पटाखा भी तेजी से फट जाए, तो पाकिस्तान पहले सफाई देता है कि हमने नही फोड़ा है। इतना भय हो गया है। दुश्मन को इतना भय हो गया है कि वह डर जाता है। क्यों कि उसे मालूम है कि यह नया भारत है। नया भारत बोलता ही नही है घुसकर मारता भी है। नए भारत में हम देख भी रहे है नक्सलवाद समाप्त, आतंकवाद भी समाप्त, इंफास्ट्र• र का कार्य जो देश के अंदर हो रहा है, वह आप सबके सामने है। हाईवे, रेलवे, मेट्रो, एक्सप्रेस हाईवे, गंगा एक्सप्रेस वे यही से होकर जा रहा है। यानि हापुड़ की दूसरी को मात्र छह घंटे में प्रयाग राज। यह एक्सप्रेस हाईवे केवल कनेक्टिविटी को बेहतर ही नही करेगा, यहां की इंक्नामी की रीढ़ का काम भी करेंगा। सीएम योगी ने कहा कि देश में एम्स, आईआईटी बन रहे है। नई नई यूनिवर्सिटी बन रही है। मुरादाबाद मे भी हमने एक विश्वविद्यालय दिया है। मेरठ में स्पोर्टस यूनिवर्सिटी दी है। हर एक स्थान पर कुछ न कुछ नए कार्य हो रहे है। विश्व स्तरकीय इंफास्ट्रे• र के साथ साथ जनता की जरूरत आवश्यकता के अनुसार कार्य हो रहा है। 80 करोड़ गरीबों को फ्री में राशन का लाभ मिल रहा है। 2014 से पहले गरीब भूखा मरता था, 60 करोड़ गरीबों को पांच लाख रुपए का स्वास्थ्य बीमा कवर है। पहले कोई बीमार हो जाता था को गरीब का परिवार तबाह हो जाता था। पहले न अस्पताल में इलाज होता था और न ही कोई मदद मिलती थी, सगे संबंधी भी छुटकारा पा लेते थे। 50 करोड़ गरीबों का जनधन एकाउंट खुला है। सरकार की योजना का पैसा सीधे गरीब के खातों में पहुंचता है। उन्होंने कहा कि 12 करोड़ अन्नदाताओं को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ, 12 करोड़ गरीबों के घर में शौचालय, दस करोड़ गरीब महिलाओं को रसोई गैस का फ्री में कनेक्शन, 4 करोड़ गरीबों को मकान, 2.5 करोड़ गरीबों के घर में बिजली के फ्री कनेक्शन, यह जो कार्य हो रहा है गरीबों का उत्थान हो रहा है। क्या किसी की जाति देखी गई क्या? किसी का मजहब देखा गया क्या? हमारा तो एक ही मकसद था सबका साथ और सबका विकास, लेकिन तुष्टीकरण किसी का नही। विकास सबका करेंगे लेकिन चेहरा देखकर नही। योजनाओं का लाभ व्यक्ति के आधार पर नही जाति और मजहब के आधार पर नही, जो जरूरतमंद होगा उसको शासन की योजना का लाभ मिलेगा। सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या में रामलला विराजमान हो गए। क्या यह काम सपा, बसपा या कांग्रेस के लोग कर पाते क्या, जो लोग यहा दंगा भड़काते थे, कर्फ्यू लगवाते थे, आज तो कर्फ्यू नही लग रहा। आज तो धूमधड़ाके के साथ पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कांवड़ यात्रा निकलती है। जब पश्चिमी उत्तर प्रदेश की कांवड़ यात्रा निकलती है तो देश देखता रह जाता है कि करोड़ो लोग कांवड़ यात्रा में जा रहे है। यह परिवर्तन जो देखने को मिला है। अयोध्या में रामलला का 500 वर्ष के बाद विराजमान होना, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कांवड़ यात्रा का निकलना, प्रदेश का दंगा मुक्त हो जाना। पहले उपद्रवी और अपराधियों के भय से बेटी दूर के रिश्ते मे पढ़ने के लिए भेज दी जाती थी, व्यापारी व्यापार नही कर पाता था। जिन अपराधियों के भय से यह होता था, उनको पहले सत्ता का संरक्षण प्राप्त होता था। आज वह अपराधी आज गले में तक्ती लटकाकर घूमता है। कहता है भैया में ठेला में केला बेचकर पेट भर लूंगा लेकिन जान बक्श दो एक बार। कंवर सिंह तंवर एक सामान्य कार्यकर्ता के रूप मे आपके बीच में बेझिझक कार्य करता है। सांसद थे या नही थे लोगो के सथ खड़े रहते थे। भारतीय जनता पार्टी ने उन्हे फिर से अपना प्रत्याशी बनाकर आपके बीच उतारा है।

मुख्य समाचार

चैत्र नवरात्रि पर भक्तों ने की मां दुर्गा की पूजा



वाजिद पाशा पब्लिक एशिया

कुंदरकी। क्षेत्र में चैत्र नवरात्रि पर कुंदरकी क्षेत्र के विभिन्न गाँवो मे मां चामुंडा थान एवं विभिन्न मंदिरों पर पूजा अर्चना की गई पूरे 9 दिन चलने वाला यह पर्व मां दुर्गा को समर्पित है भक्तगण 9 दिन तक मां दुर्गा के अलग-अलग रूपों की पूजा करते हैं ओर उनके लिए व्रत रखते हैं कुंदरकी क्षेत्र के ग्राम कुतुबपुर अज्जू में मां चामुंडा पर पूजा अर्चना की जिसमे मंडल महामंत्री ठाकुर अरविंद कुमार पुंडीर,राजकुमार पुंडीर, सतीश सिंह, मनोज कुमार पुंडीर, राजू सिंह, रवि कुमार ,टिंकू सिंह, लव पुंडीर, रूद्र पुंडीर, संजय सिंह ,प्रमोद कुमार, आकाश ठाकुर, बादल ठाकुर,जितेंद्र कुमार,अरुन कुमार,अरनव कुमार आदि रहे।

दलपतपुर की उमर फारूक मस्जिद में तरावीह के दौरान कुरान शरीफ हुआ मुकम्मल

पब्लिक एशिया संवाददाता

मुरादाबाद। मूंढापांडे क्षेत्र के गांव दलपतपुर की उमर फारूक मस्जिद में तरावीह नमाज के दौरान कुरान शरीफ की तिलावत मुकम्मल हो गई। इस मौके पर तकरीरी प्रोग्राम आयोजित किया गया। जिसमें मुकद्दस रमजान के

दौरान कुराने पाक की तिलावत व फजीलतों पर रोशनी डाली गई। मुसलमानों से रोजा रखने व नमाज पढ़ने के साथ ही तिलावते कलामे पाक पर जोर दिया गया। पीर की रात को तरावीह की नमाज के दौरान दलपतपुर की मस्जिद उमर फारूक में कुरान शरीफ को हाफिज मुर्शीद ने सुना और हाफ़िज़ इस्लाम ने तरावीह की नमाज में पढ़कर सुनाया। बाद में आयोजित कार्यक्रम को खिताब करते हुए हाफ़िज़ मुर्शीद ने कहा कि मुकद्दस रमजान के दौरान कुराने पाक की तिलावत का सबाब 70 गुना ज्यादा मिलता है। इस महीने में इबादत करने का सबाब बढ़ा दिया जाता है। उन्होंने कहा कि वालिदेन उनके बच्चों को दीनी तालीम दिलाएं, बाद में दुआ कराई गई। इस दौरान हाफ़िज़ इस्लाम ने कहा कि रमजानुल मुबारक के महीने में नमाजे तरावीह के दौरान एक बार तिलावते कलामे पाक जरुर मुकम्मल होनी चाहिए। इस मौके पर हाजी राशिद असलम पूर्व प्रधान शहादत अली पत्रकार शावेज़ खान पत्रकार जफार अली आरिफ अल्वी जुनैद अल्वी बारिश अली ताहिर सैफी जैनुल आबेदीन अफसार अली रिज़वान अली निजाम अली सलीम सैफी आदि लोग मौजूद रहे।

चलती कार में मॉडल से गैंग रेप करने वाले हुए गिरफ्तार

दिल्ली से लिफ्ट देकर हाईवे पर चलती कार में किया था रेप, 24 घंटे में पकड़े गए तीन आरोपी

पब्लिक एशिया ब्यूरो

मुरादाबाद। नाबालिक मॉडल से चलती कार में गैंगरेप करने वाले तीनों आरोपियों को मुरादाबाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। तीनों को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस ने पीड़िता

का मेडिकल कराने के साथ कोर्ट में उसके बयान दर्ज कराए हैं। संभल जिले में चंदौसी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली पीड़िता ने मुरादाबाद सिटी कोतवाली में मंगलवार को घटना की एफआईआर दर्ज कराई थी। पीड़िता ने अपनी एफआईआर में कहा था कि वह मॉडलिंग इवेंट के सिलसिले में 5 अप्रैल को जयपुर गई थी। 6 अप्रैल को वापस दिल्ली आई और मुरादाबाद के लिए वाहन का इंतजार कर रही थी। तभी आरोपी उसे मिले और लिफ्ट देने के बहाने कार में बैठा लिया रास्ते में कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ देने के बाद तीनों ने उसके साथ गैंगरेप किया। इसके बाद मुरादाबाद में स्टेशन रोड के एक होटल में उसे छोड़कर भाग गए।मुरादाबाद एसएसपी हेमराज मीणा ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर किस दर्ज किया गया था। मामले में नामजद तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। जिन तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनमें भारत सिंह पुत्र मानसिंह निवासी लाल कुआं वेब सिटी ग्रामीण गाजियाबाद, अनिल पुत्र अग्गन निवासी लाल क्वार्टर सिहानी गेट गाजियाबाद और सोनू पुत्र बशीर निवासी पुराना बस अड्डा सिहारी गेट गाजियाबाद शामिल है। इन तीनों को जेल भेज दिया गया है।

एक माह बाद कब्र से निकाला गया विवाहिता का शव

शावेज़ खान, पब्लिक एशिया

मुरादाबाद। मूंढापांडेः एक माह पूर्व हुई विवाहिता की मौत के बाद मायके वालों नें शिकायत दर्ज कराकर शव को पोस्टर्माटम के लिए कब्र से निकलवाया। एक माह पूर्व संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहित शबाना की मौत हो गई थी। जिसको लेकी मायके वालों ने थाना मूंढापांडे में शिकायत दर्ज कराई थी। ग्राम अटारिया का मंझरा थाना कोतवाली जनपद रामपुर शौकत ने अपनी मृतका बेटी शबाना की शादी मुबारक पुत्र अफसर निवासी समदाराय सहाय खता से दान दहेज के साथ की थी मृतका के भाई नौशे अली ने बताया कि उनको बीती सात मार्च को सूचना मिली कि उनकी बहन की बिजली का करंट लगने से मौत हो गई। जिसका दफन कर दिया गया था। मृतका पांच भाई बहनों में सबसे छोटी थी। एवं मृतका के परिवार में सात माह का पुत्र वारिस अली है। मायके वालों ने जब ससुरालजनों से इस बाबत घटना की जानकारी लेनी चाहा तो ससुराल वालों का संतुष्ट जवाब न मिलने व व्यवहार ठीक न होने पर दहेज हत्या का आरोप लगाकर थाना मूंढापाडे में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

जी.एस. मेडिकल हॉस्पिटल में विजेताओं को बांटे गये अवार्ड



पब्लिक एशिया ब्यूरो

हापुड। जी.एस. मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल पिलखुआ हापुड़ में चल रहे जी.एस. इन्टर कॉलेज टूर्नामेंट के सकुशल समापन के बाद कल दिनांक 08 मार्च 2024 को जी.एस. के प्रांगण में अवार्ड वितरण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें जी.एस.आई. सी.टी. में भाग लेने वाले सभी दलों को आमंत्रित किया गया, अस्पताल के डीन डॉ प्रदीप गर्ग, मडिकल सुप्रिंटेन्डेट डॉ सुरेन्द्र कुमार, उपनिदेशक अंकित विझ, मुकुल शर्मा, मनोज शिसोदिया, क्रिकेट कमेटी के मुख्य डॉ कुलदिप गोगिया व डॉ फेजल गिलानी की उपस्थिति में सभी विजेताओं को ट्रोफी, मेडल व नकद पुरूस्कार देकर सम्मानित किया गया। वॉस्केटबाल पुः में मुज्जफरनगर मेडिकल कॉलेज प्रथम स्थान पर व जी.एस. मेडिकल कॉलेज द्वितिय स्थान पर रहे। वॉस्केटबाल महिलाः शारदा मेडिकल कॉलेज ने प्रथम स्थान व जी.एस. मेडिकल कॉलेज पिलखुआ ने द्वितिया स्थान प्राप्त किया। बॉलिबॉल पुः सरस्वती मेडिकल कॉलेज पिलखुआ प्रथम स्थान पर व जी.एस. आयुर्वेदा द्वितिय स्थान पर रहे। बॉलिबॉल महिः शारदा मेडिल कॉलेज प्रथम स्थान व जी.एस. मेडिकल कॉलेज द्वितिय स्थान पर रहे। फुटबॉल पुः जी.एस. मेडिकल कॉलेज प्रथम स्थान व एल.एल.आर.एम. ने द्वितिय स्थान प्राप्त किया। बैमिन्टनः सरस्वती मेडिकल कॉलेज पिलखुआ ने प्रथम स्थान व जी.एस. मेडिकल कॉलेज पिलखुआ ने द्वितिय स्थान प्राप्त किया। जी.एस. मेडिकल कॉलेज के सभी टॉपरस को भी सम्मानित किया गया, प्रांगण में उपस्थित सभी विजेताओं ने डीजे नाट के साथ अपने इस खुसी के पल को आन्नदमय बनाया।

एवर ग्रीन पब्लिक इंटर कालेज में वार्षिक परीक्षाफल घोषित

मो. शोएब पाशा, पब्लिक एशिया

कुन्दरकी। नगर स्थित एवरग्रीन पब्लिक इण्टर कालेज कुन्दरकी मुरादाबाद में अंग्रेजी माध्यम हिंदी माध्यम की कक्षाओं का वार्षिक परीक्षाफल की घोषणा प्रबन्धक हाजी मेहदी हसन साहब ने की 7 कक्षा में पहला दूसरा और तीसरा स्थान पाने वाले छात्रों के भविष्य को लेकर कॉलेज प्रबंध और शिक्षक शिक्षिकाओं ने शुभकामनाएं दी बेहतर अंक लाने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कक्षा ग्यारहवीं अ, में प्रियांशु प्रथम, मेहजबी द्वितीय तथा मोहम्मद आसिफ तृतीय स्थान पर रहे7 कक्षा ग्यारहवीं विज्ञान वर्ग में इफरा प्रथम अनामिका द्वितीय तथा रीनू सोफिया रानी तृतीय स्थान पर रहीं। कक्षा नवीं में शाहेनुर प्रथम, महक द्वितीय तथा संजूम बेबी तृतीय स्थान पर रही। कक्षा आठवीं में अफसीन प्रथम शाहेदीन द्वितीय तथा फिजा तृतीय स्थान पर रही। कक्षा सातवीं में नूरानी प्रथम अलफिया द्वितीय तथा फिजा तृतीय स्थान पर रही। कक्षा छठवीं में इकरा प्रथम रिफा द्वितीय तथा सोफिया तृतीय स्थान पर रही। कक्षा पांचवीं मे महक प्रथम शान बी द्वितीय तथा रेहान तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा चार में सीरी प्रथम माहेनूर द्वितीय तथा सुहैल तृतीय स्थान पर रहे।

कक्षा तीन में जज्बी हैदर प्रथम लकी द्वितीय तथा अर्शी तृतीय स्थान पर रही। कक्षा दो में इस्मा रानी प्रथम अयान द्वितीय तथा अल्तमश तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा एक मे अब्दुल वफा प्रथम मोहम्मद सेफ द्वितीय तथा समरीन तृतीय स्थान पर रही कक्षा यूकेजी में अलकासिया प्रथम इनाया फातिमा द्वितीय तथा फैज तृतीय स्थान पर रहे कक्षा नर्सरी मैं शीश प्रथम अल शिफा द्वितीय तथा मोहम्मद शमी तृतीय स्थान पर रहे हैं। विद्यालय में प्रवक्ता नज़बुल हसन ने कहा कि वर्ष भर मेहनत करने के बाद यह शुभ घड़ी आती है। परीक्षाफल की 7 आप सभी छात्र छात्राओं को आगामी कक्षा में प्रवेशित होने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ। आप सब अपना एक लक्ष्य बनाकर पढ़ाई करें। संचालक प्रवक्ता नजबुल हसन ने किया इस अवसर पर प्रधानाचार्या शबाना,शिक्षक, शाहनवाज हैदर, पुष्पेन्द्र सिंह, अभिषेक कुमार रईस अहमद महफुज अली नूरी शमा राजदा जय श्री भावना चौधरी स्वती यादव आदि समस्त स्टाफ उपस्थित रहा रहे।

नगर पंचायत सिरसी की कर्मचारियों की एक बैठक समापन

पब्लिक एशिया ब्यूरो

संभल » संभल में मंगलवार को ईद उल फितर के उपलक्ष में नगर पंचायत अध्यक्ष कौसर अब्बास एवं अधिशासी अधिकारी राजन गुप्ता नगर पंचायत सिरसी द्वारा सफाई कर्मचारी की विशेष बैठक की गई बैठक के माध्यम से नगर में साफ सफाई पर ध्यान आकर्षित करते हुए सफाई कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि आगामी दिनांक 11 अप्रैल 2024 को ईद उल फितर का त्यौहार है तयौहार की दृष्टिगत नगर के समस्त ईदगाहों व धार्मिक स्थलों सड़कों गली नाले एवं नालियो की सफाई एवं धार्मिक स्थलों पर चुना डालने का कार्य किया जाना है सुनिश्चित किया जाए।

रामसरन लाल मेमोरियल इंटर कॉलेज पसियापुर पदार्थ में हिंदू नव वर्ष का स्वागत

विक्रम संवत 2081 के शुभागमन पर भव्य एवं दिव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमो की प्रस्तुति

पब्लिक एशिया ब्यूरो

मुरादाबाद। रामसरन लाल मेमोरियल इंटर कॉलेज पसियापुर पदार्थ में हिंदू नव वर्ष विक्रम संवत 208 1 के शुभागमन पर भव्य एवं दिव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमो की प्रस्तुति के द्वारा नव वर्ष एवं नवरात्रों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्राओं द्वारा कुमारी पुष्पा और कुमारी सलोनी के निर्देशन में मां भारती एवं माता रानी की भक्ति एवं शक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सफल प्रस्तुति के द्वारा उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया इस अवसर पर राष्ट्रीय हिंदू रक्षा सेना के प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रधानाचार्य जगदीश सक्सेना ने हिंदू नव वर्ष एवं नवरात्रों पर विस्तार से चर्चा करते हुए छात्र-छात्राओं को उनके महत्व के बारे में गहनता से बताया उन्होंने कहा माननीय यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को हम अपनी सांस्कृतिक धरोहर की उन्नति और प्रगति करके ही पूरा कर सकते हैं। भारत एक सनातन राष्ट्र है। हम सभी धर्म का सम्मान करते हैं। आजादी के इतने वर्ष बाद भी हम अभी अंग्रेजी सोच से अपने आप को आजाद नहीं कर पाए हैं। हमें अपनी परंपराओं व्यवस्थाओं और मान्यताओं को मजबूत सोच के साथ आगे बढ़ाना है। हम स्वदेशी को अपनाकर अपने राष्ट्र को विकसित राष्ट्र में परिवर्तित करने के लिए कृत संकल्प हैं। इस अवसर पर लोकसभा चुनाव 2024 के संदर्भ में लोकसभा 6 मुरादाबाद में दिनांक 19 अप्रैल 2024 को होने वाले मतदान के लिए सभी मतदाताओं को जागरुक करते हुए प्रत्येक मतदाता को मतदान केंद्र तक ले जाकर अनिवार्य रूप से मतदान करने की भी शपथ प्रदेश अध्यक्ष जगदीश सक्सेना ने उपस्थित अध्यापक अध्यापिकाओं एवं छात्र-छात्राओं को दिलाई कार्यक्रम का संचालन धर्मवीर सिंह ने किया। कार्यक्रम को रघुवीर सिंह जयपाल सिंह पंकज कुमार ने संबोधित किया। अनिल कुमार प्रमोद कुमार मोहम्मद यामीन निर्वेश कुमारी चंचल कुमारी मधु कुमारी पूनम शर्मा संजना मनीषा का विशेष सहयोग रहा है।

एडवांस किसान पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल अंग्रेज़ी माध्यम में हुआ वार्षिक परीक्षाफल वितरण

कक्षा आठवीं की छात्रा रोहिनी ने 98% अंक हासिल कर किया स्कूल टॉप

वाजिद पाशा पब्लिक एशिया

कुंदरकी। नगर स्थित एडवांस किसान पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल अंग्रेज़ी माध्यम में वार्षिक परीक्षाफल पुरस्कार वितरण किया गया। जिसमें मेधावी छात्र एवं छात्राओं को कॉलेज प्रशासक आरिफ पाशा एडवोकेट द्वारा पुरस्कार बांटे गए। इस मौक़े पर आईटीएम ग्रुप के चेयरमैन हाजी शरीफुद्दीन पाशा ने छात्र छात्राओं को अपने भाषण से संबोधित किया।

पुरस्कार वितरण समारोह कक्षा में स्थान प्राप्त करने वाले छात्राओं ,सांस्कृतिक गतिविधियों में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राएं तथा स्कूल टॉपर को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कक्षा नर्सरी में प्रथम अब्दुल कादिर,दूसरे स्थान पर अबू सूफियान, तीसरे पर अफरीन रही। कक्षा केजी में प्रथम इकरा बी,दूसरे पर प्रिया,तीसरे पर तूबा जैनब रही। कक्षा यू केजी में मोहम्मद अरकम ,दूसरे पर महेनूर,तीसरे पर शिवा रहें।

कक्षा एक में प्रथम फरहान,दूसरे पर अमन ,तीसरे पर नूर फातिमा रहीं।

कक्षा दो में प्रथम कृष्णा,दूसरे पर सारा,तीसरे पर सामिया रहीं। कक्षा तीन में प्रथम ईफ़जा,दूसरे पर निखिल,तीसरे पर अतीफ रहें। कक्षा चार में प्रथम फैजान,दूसरे पर अयान,तीसरे पर अफशान रहे।

कक्षा पांचवीं में प्रथम बुशरा,दूसरे पर आलीशान,तीसरे पर मुसब्बैर रहे। कक्षा छठवीं में प्रथम आफिया,दूसरे पर अरबाज,तीसरे पर फरहीन रहीं।

कक्षा सातवीं में प्रथम गोसिया, दूसरे पर अयान इमरान,तीसरे पर प्रतिज्ञा रहीं।कक्षा आठवीं में प्रथम रोहिनी,दूसरे पर वंशिका,तीसरे पर दानिश रहे।कक्षा नवीं में प्रथम ज्योति,दूसरे पर साहेबा,तीसरे पर तलत मुनीर रहीं।कक्षा ग्यारहवीं प्रथम निशा, दूसरे पर महक,तीसरे पर रिजवा रहीं। स्कूल टॉप कक्षा आठवीं की छात्रा रोहिनी ने किया। आरिफ पाशा ने टॉपर को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रोग्राम का संचालन कॉलेज कॉर्डिनेटर लुबना सैय्यद ने किया।इस मौके पर कॉलेज प्रधानाचार्य रियासत उल्लाह, नदीम अहमद, अमर सिंह, अमीर खान,अरविंद कुमार, सुशील कुमार, निधि आर्य,भावना, शहरीन खान,निशा सैफी, अनम सिद्दीकी,नाजिया, सना फातिमा, गुलनाज़ खान आदि मौजूद रहे।

मुख्य समाचार

अजय सिंह के जेजेपी और इनेलो के एक होने की पहल पर छोटे भाई अभय सिंह का कड़ा जवाब

चंडीगढ़ » जेजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय सिंह चौटाला द्वारा सोमवार को मीडिया में इनेलो और जेजेपी को एक करने को लेकर दिये गये बयान पर इनेलो प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला ने कड़ा जवाब दिया है। उन्होंने पलटवार करते हुए कहा कि अजय सिंह और उनके पूरे परिवार का असली चेहरा प्रदेश की जनता के सामने बेनकाब हो गया है। ये चौधरी. देवीलाल की नीतियों पर चलने की बात करते थे। लेकिन सत्ता हाथ में आते ही पूरे प्रदेश को लूटने में लग गये और बड़े बड़े घोटाले करके हज़ारों करोड़ रुपये हजम कर गये। इन्होंने जो लूट मचाई और कुकर्म किए हैं उससे लोगों के मन में इनके प्रति नफरत भर गई है। ये देवीलाल के नाम पर कलंक हैं। उन्होंने कहा कि इनेलो सुप्रीमो चौ. ओम प्रकाश चौटाला कई बार अनेक मंचों पर और मीडिया के सामने ये बयान देकर साफ कर चुके हैं कि ये इनेलो के गद्दार हैं और इन गद्दारों की इनेलो पार्टी में कोई जगह नहीं है। अभय सिंह चौटाला ने कहा कि अजय सिंह और दुष्यंत पार्टी में मची भगदड़ से हताश और निराश हैं। जेजेपी पार्टी में मची भगदड़ को रोकने के लिए जेजेपी और इनेलो को एक करने जैसे भ्रमित करने वाले बयान अजय सिंह दे रहे हैं। सच्चाई यह है कि ये अब सामाजिक और राजनीतिक तौर पर पूरी तरह से नकारे जा चुके हैं। लोगों में इनके प्रति इतना गुस्सा है कि इनको हर जगह काले झंडे दिखा कर विरोध कर रहे हैं और इनको गावों में घुसने तक नहीं दे रहे। अभय सिंह चौटाला नें कहा कि ये साढ़े चार साल बीजेपी की सरकार में सहयोगी रहे और पूरे प्रदेश को लूट के खा गये। अब ये राजनीतिक तौर पर पूरी तरह से ख़त्म हो गए हैं।

इनेलो सुप्रीमो चौ. ओम प्रकाश चौटाला कई बार कह चुके हैं कि ये इनेलो के ग़द्दार हैं और इन गद्दारों की इनेलो पार्टी में कोई जगह नहीं है

जीयू में मतदाता जागरूकता अभियान की शुरुआत

कुलपति ने किया सेल्फी पॉइंट का उद्घाटन, बोले-विद्यार्थी शत प्रतिशत मतदान के लिए लोगों को करें प्रेरित

प्रदीप गौतम, पब्लिक एशिया

गुरूग्राम। मतदान के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करने के उद्देश्य से मंगलवार 9 अप्रैल को गुरुग्राम विश्वविद्यालय परिसर सेक्टर 51 में कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कुलसचिव डॉ. राजीव कुमार सिंह के साथ जीयू के जनसंपर्क विभाग द्वारा तैयार किए गए सेल्फी पॉइंट का उद्घाटन किया। इस अवसर पर कुलपति ने कार्यक्रम में उपस्थित छात्रों से मतदान में शत प्रतिशत सहभागिता के लिए आह्वान किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि छात्र सेल्फी प्वाइंट के पास सेल्फी खींचवाकर सोशल मीडिया पर डालें ताकि अधिक से अधिक लोग मतदान के प्रति जागरूक हों। मतदाताओं की संख्या अधिक से अधिक बढ़े। उन्होंने कहा मतदान करना हर भारतीय नागरिक का अधिकार है। मतदान लोकतंत्र में सीधी सहभागिता का अवसर आपको प्रदान करता है। जितने लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे लोकतंत्र उतना ही मजबूत होगा। युवा ही देश के कर्णधार हैं। लोकतंत्र के इस महापर्व में उनकी सहभागिता जरूरी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस अभियान से युवा मतदाता आकर्षित होंगे। इस अवसर पर गुरुग्राम विवि के कुलसचिव ने विद्यार्थियों से अपील की सेल्फी प्वाइंट में आकर सेल्फी ले और इस मुहिम को सफल बनाएं उन्होंने गुरुग्राम विवि के सभी छात्रों एवं शिक्षकों को सेल्फी खिंचवाने के लिए प्रेरित किया।

पंफलेट, हैंडबिल, पोस्टर आदि पर प्रकाशक, प्रकाशन करवाने वाले का नाम होना जरूरी : डीसी

प्रकाशित सामग्री पर प्रतियों की संख्या अंकित होनी चाहिए

प्रदीप गौतम, पब्लिक एशिया

गुरूग्राम। लोकसभा चुनाव-2024 के दौरान प्रचार सामग्री का प्रकाशन करने के लिए पोस्टर या पंफलेट पर प्रकाशन करने वाले का नाम, प्रकाशन करवाने वाले का नाम तथा प्रतियों की संखया छपी होनी चाहिए। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत कुमार यादव ने आज ये निर्देश दिए। वे लघु सचिवालय सभागार में प्रिटिंग प्रैस संचालकों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि निर्वाचन विभाग की ओर से चुनाव खर्च के विवरण पर पूरी निगरानी रखी जाएगी। इसलिए प्रिटिंग प्रैस संचालक एनेक्सचर फार्म वन और बी भरकर यह स्पष्ट करेंगे कि प्रचार की सामग्री किस प्रैस से छपवाई गई और इस सामग्री को छपवाने वाला कौन है। साथ ही कितनी प्रतियां छापी गई हैं, यह ब्यौरा भी प्रैस संचालकों को देना होगा। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार की सामग्री को प्रकाशित करने से पहले प्रैस संचालक इस बात की जांच कर लें कि प्रचार सामग्री की भाषा और विषयवस्तु में कोई आपत्तिजनक शब्द तो नहीं है। प्रचार सामग्री की भाषा किसी व्यक्ति या दल के प्रति अपमानजनक नहीं होनी चाहिए। यह शिकायत कहीं पाई गई तो प्रकाशन करवाने वाले तथा प्रकाशक दोनों के खिलाफ जनप्रतिनिधि अधिनियम 1951 की धारा 127 ए के तहत कार्यवाही की जा सकती है।

तरण तारण की घटना का उच्च न्यायालय ने लिया स्वतः संज्ञान

एजेंसी

चंडीगढ़, » पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने तरण तारण जिले में एक महिला को अर्धनग्न अवस्था में घुमाने की घटना का स्वतः संज्ञान लेते हुये पंजाब सरकारअ को नोटिस दिया है। अदालत ने सोमवार को पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार से 30 अप्रैल तक कार्यवाही रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया है। उल्लेखनीय है कि 31 मार्च को 55 वर्षीय महिला को उनके पुत्र के एक लड़की के साथ उसके परिजनों की मर्जी के बिना शादी करने पर लड़की के परिजनों ने अर्धनग्न कर घुमाया था।

आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना करें राजनैतिक पार्टियां व उम्मदीवार : डीसी

जाति, धर्म के नाम पर समाज को बांटने का प्रयास ना किया जाए

धार्मिक गतिविधियों का सहारा नहीं लिया जाएगा चुनाव प्रचार में

चुनावी गतिविधियों पर रहेगी प्रशासन की नजर

प्रदीप गौतम पब्लिक एशिया

गुरूग्राम। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी निशांत कुमार यादव ने कहा है कि लोकसभा चुनाव के दौरान सभी राजनीतिक पार्टियां एवं उम्मीदवार आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना करें। जिला प्रशासन का संकल्प है कि निष्पक्ष तथा पारदर्शी तरीके से इस चुनाव को संपन्न करवाया जाए।

डीसी आज लघु सचिवालय के सभागार में राजनीतिक पार्टियों के पदाधिकारी व प्रतिनिधियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की 16 मार्च को लोकसभा चुनावों की घोषणा के साथ ही आदर्श चुनाव आचार संहिता जिला में लागू हो गई है। चुनाव के छठे चरण में 29 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। उसके बाद चुनाव की गतिविधियां और अधिक तेज हो जाएंगी। चुनाव के दौरान पार्टियां व उनके प्रत्याशी यह ध्यान रखें कि चुनाव प्रचार में जाति, धर्म या समाज को बांटने का काम ना किया जाए। धार्मिक गतिविधियों का सहारा लेकर कोई भी प्रत्याशी अपना प्रचार नहीं कर सकेगा। चुनाव के दौरान मतदाताओं को लुभाने के लिए कहीं भी किसी प्रकार के उपहार, नकदी या नशीले पदार्थों का प्रयोग ना किया जाए।

उन्होंने कहा कि वोट लेने के लिए किसी भ्भी मतदाता को डराया या धमकाया ना जाए। किसी निजी भवन की दीवारों पर बगैर मकान मालिक की अनुमति के झंडे, पंफलेट, पोस्टर आदि ना चिपकाएं जाएं। इसमें संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत कार्यवाही हो सकती है। दीवारों पर वॉल पेंटिग का कार्य एआरओ या एसडीएम की बिना अनुमति के नहीं किया जाना चाहिए। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में निर्धारित किए गए स्थानों पर ही होर्डिंग, बैनर, पोस्टर लगाए जाने चाहिए और प्रशासन की ओर से चिन्हित स्थानों पर ही वॉल पेटिंग की जा सकती है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन विभाग ने चुनाव खर्च का ब्यौरा रखने के लिए सभी सेवाओं और सामग्री के रेट तय किए हुए हैं। प्रशासन की सर्विलेंस टीमें चुनाव प्रचार की गतिविधियों पर पूरी निगरानी रखेंगी और बड़ी जनसभा व चुनाव कार्यालयों की फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी करवाई जाएगी। इसलिए प्रत्याशी अपने चुनाव खर्च का विवरण समय पर चुनाव कार्यालय में जमा करवाए। एक उम्मीदवार इस चुनाव में 95 लाख तक की राशि का खर्च कर सकता है। जो उममदवार चुनाव का खर्च जमा नहीं करवाता है तो उसे चुनाव लडने के लिए अयोग्य घोषित किया जा सकता है।

डीसी निशांत कुमार यादव ने कहा कि जनसभा, रोड शो आदि करने के लिए एसडीएम कम एआरओ कार्यालय से अनुमति दी जाएगी। पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर ये अनुमति मिलेंगी। प्रशासन की ओर से जनसभा स्थल का प्रयोग करने में सभी उम्मीदवारों को समान अवसर दिए जाएंगे। इसके लिए उम्मदीवार या पार्टियां सुविधा पोर्टल का प्रयोग कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान आम नागरिकों की शांति भंग ना की जाए और ना ही वोट मांगने के लिए रात के समय किसी मकान की डोर बैल बजाई जाए। लाऊडस्पीकर बजाने का समय सुबह 6 बजे से रात दस बजे तक का रहेगा। ये भी ऊंची आवाज में ना बजाएं जाएं। चुनाव प्रचार के दौरान पुतले आदि फूंकने का काम ना किया जाए, इससे लोग भडक़ सकते हैं। चुनाव प्रचार में भाषण के दौरान किसी उम्मीदवार पर व्यक्तिगत आक्षेप ना किए जाएं। भाषण व प्रचार की भाषा शालीन होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता के अनुसार कोई व्यक्ति 50 हजार से अधिक नकदी लेकर जा रहा है तो उसे बैंक से एक परमिशन लैटर बनवाना होगा। बैंक उपभोक्ता को एक क्यूआर कोड प्रदान करेगा, जिससे यह स्पष्ट होगा कि किस उद्देश्य से कैश ले जाया जा रहा है। इस अवसर पर भारत निर्वाचन आयोग के नेशनल मास्टर ट्रेनर व गुरूग्राम के एसडीएम रविंद्र कुमार ने भी पार्टी प्रतिनिधियों को चुनाव आचार संहिता के बारे में विस्तार से बताया। बैठक में नगराधीश कुंवर आदित्य विक्रम, ओएसडी प्रीति रावत, चुनाव तहसीलदार राजेंद्र सिंह, संतलाल तथा विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

चौधरी बीरेंद्र सिंह ने पत्नी संग की कांग्रेस में वापसी

पब्लिक एशिया ब्यूरो

दावे के अनुसार बीरेंद्र सिंह के साथ कोई विधायक नही था

भूपेंद्र हुड्डा समेत हरियाणा कांग्रेस नेताओं को मौजूदगी रही

चंडीगढ़। भाजपा में रहते हुए एक अरसे से बगावत का झंडा उठाए पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह ने मंगलवार को घर वापसी कर ली। चौधरी बीरेंद्र सिंह के साथ उनकी प ी प्रेमलता भी कांग्रेस में शामिल हो गई। उधर भाजपा को भी अनुमान था कि हरियाणा से ताल्लुक रखने वाले बीरेंद्र सिंह कांग्रेस में वापसी करेंगे।चौधरी बीरेंद्र सिंह ने दावा किया था कि उनके साथ दो विधायक भी कांग्रेस में शामिल होंगे। लेकिन मंगलवार को कांग्रेस में वापसी के वक्त उनके साथ कोई विधायक नही था।

करीब एक महीने पहले बीरेंद्र सिंह के बेटे बृजेंद्र सिंह ने भारतीय जनता पार्टी छोड़ कांग्रेस की सदस्यता ली थी। बृजेंद्र सिंह हिसार से निवर्तमान लोकसभा सदस्य हैं।साल 2019 में बृजेंद्र सिंह ने आईएएस की नौकरी छोड़कर सियासत में कदम रखा था।

बीरेंद्र सिंह (78) साल 2014 में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे। वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली पहली सरकार में केंद्रीय इस्पात मंत्री थे। उनके पास ग्रामीण विकास, पंचायती राज और पेयजल एवं स्वच्छता विभाग का भी प्रभार था।

कांग्रेस में वापसी पर बीरेंद्र सिंह ने कहा कि यह सिर्फ मेरी 'घर वापसी' नहीं बल्कि 'विचार वापसी' भी है। बीरेंद्र सिंह और प्रेमलता का कांग्रेस में स्वागत करते हुए पार्टी नेता मुकुल वासनिक ने कहा कि उनके (बीरेंद्र सिंह) शामिल होने से यकीन है कि हरियाणा में कांग्रेस मजबूत होगी और राज्य में कांग्रेस की सरकार बनाने में मदद मिलेगी। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि बीरेंद्र सिंह मेरे बड़े भाई हैं और मैं उनके कांग्रेस में वापस आने से बहुत खुश हूं।

हुड्डा ने कहा कि हमें एकता का प्रदर्शन करते हुए अपनी ताकत बढ़ाने की जरूरत है और तभी हम लोकतंत्र और संविधान को बचा पाएंगे। वहीं एआईसीसी महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि यह मेरे लिए एक भावनात्मक क्षण है और मैं पार्टी में उनका स्वागत करता हूं।

इस अवसर पर कुमारी शैलजा, हरियाणा पार्टी प्रमुख उदय भान, हरियाणा विधानसभा की पूर्व अध्यक्ष किरण चौधरी, पंजाब की पूर्व मुख्यमंत्री राजिंदर कौर भट्टल और एआईसीसी ओबीसी सेल के प्रमुख कैप्टन अजय सिंह सहित अन्य कांग्रेस नेता भी उपस्थत थे।बीरेंद्र सिंह की प ी और हरियाणा से भाजपा की पूर्व विधायक प्रेमलता ने भी भाजपा छोड़ कांग्रेस का दामन थामा है। प्रेमलता साल 2014 से 2019 तक विधायक रही हैं। बीरेंद्र सिंह चाहते थे कि भाजपा जेजेपी को दूर कर दे। भाजपा ने तुरंत उनकी यह सलाह नही मानी।लेकिन भाजपा के जेजेपी से रिश्ते तोड़ने से पहले ही बृजेंद्र सिंह कांग्रेस में शामिल हो गए।

अकाली दल और बीजेपी को बड़ा झटका, मोगा में आप हुई मजबू

अकाली दल के मोगा जिला अध्यक्ष(शहरी) प्रेम चंद अपने कैडर के साथ आप में हुए शामिल

बाघापुराना से भाजपा के हलका प्रभारी गुरमिंदरजीत सिंह बब्लू भी आप में शामिल हुए

मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सभी नेताओं का आम आदमी पार्टी में किया स्वागत

मोगा विधायक डॉ. अमनदीप कौर अरोड़ा और धर्मकोट विधायक दविंदरजीत सिंह लाडी ढोंस भी मौजूद रहें

पब्लिक एशिया ब्यूरो

चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी(आप) ने मंगलवार को शिरोमणि अकाली दल और भारतीय जनता पार्टी को बड़ा झटका दिया, जब कई नेता लोकसभा चुनाव से पहले अपनी पुरानी पार्टियों को छोड़कर आप में शामिल हो गए।

मोगा से अकाली दल के शहरी अध्यक्ष प्रेम चंद अपने कैडर के साथ आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए। वह मोगा में 6 बार नगर निगम पार्षद और अकाली दल के जिला अध्यक्ष (शहरी) थे। उनके साथ संजीव कुमार नरूला (जनरल सेक्रेटरी पंजाब अकाली दल), जलोर सिंह गिल (उपाध्यक्ष जिला मोगा अकाली दल), राजवीर सिंह अरोड़ा (उपाध्यक्ष जिला मोगा अकाली दल), मनोहर लाल (उपाध्यक्ष मोगा अकाली दल)) और कमलदीप बहल (अकाली दल) भी आम आदमी पार्टी में शामिल हुए।

भाजपा के हलका प्रभारी बाघापुराना और भाजपा पंजाब के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गुरमिंदरजीत सिंह बब्लू भी राज्य में लोकसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए। आप पंजाब अध्यक्ष भगवंत सिंह मान ने सभी नेताओं का आम आदमी पार्टी में स्वागत किया और कहा कि

उनके आने से फरीदकोट लोकसभा क्षेत्र में पार्टी मजबूत होगी। मोगा विधायक डॉ. अमनदीप कौर अरोड़ा और धर्मकोट के विधायक दविंदरजीत सिंह लाडी ढोंस भी इस मौके पर मौजूद थे।

डीसी निशांत कुमार यादव ने गुरूग्राम बस अड्डे का किया निरीक्षण

हरियाणा राज्य परिवहन विभाग के प्रधान सचिव को जल्द भेजा जाएगा बस अड्डे के जीर्णोद्धार का प्लान : डीसी

गुरूग्राम बस अड्डे पर बसों व यात्रियों की आवाजाही के लिए बनाई जाएंगी अलग लेन, वेटिंग एरिया व ऑटो जोन को भी प्लान में किया जाएगा शामिल

प्रदीप गौतम पब्लिक एशिया

गुरूग्राम। जिला के नागरिकों सहित गुरूग्राम बस अड्डे पर आने वाले यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। इसी उद्देश्य के साथ डीसी निशांत कुमार यादव ने मंगलवार को गुरूग्राम बस अड्डे का दौरा कर वहां पुराने भवन को तोड़ने की कार्य प्रगति का जायजा लिया व बस अड्डे के जीर्णोद्धार को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीसी के निरीक्षण दौरे में जीएम प्रदीप अहलावत व पीडब्ल्यूडी के कार्यकारी अभियंता चरणदीप सिंह मौजूद रहे।

डीसी निशांत कुमार यादव ने कहा कि गुरूग्राम बस अड्डे पर आने वाले यात्रियों को जल्द ही व्यवस्थाओं में सुधार नजर आएगा। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा जल्द ही गुरूग्राम बस अड्डे के जीर्णोद्धार का ड्राफ्ट बनाकर मंजूरी के लिए हरियाणा राज्य परिवहन विभाग के प्रधान सचिव के पास भेजा जाएगा। जिसमें बसों के आने जाने के लिए अलग लेन का निर्माण, बस अड्डे पर आने वाले यात्रियों के सुगम आवगमन व बैठने के लिए वेटिंग एरिया सहित शौचालय व पीने के लिए वाटर कूलर समेत सभी प्रकार की सुविधाएं मुहैया कराई जाएगी। इसके साथ ही बस अड्डे पर निजी वाहनों व ऑटो से आने वाले यात्रियों के लिए भी अलग से ऑटो जोन बनाया जाएगा।। उन्होंने कहा कि गुरूग्राम एक वैश्विक शहर है ऐसे में यहां बस अड्डे पर आने वाले यात्रियों के लिए मूलभूत सुविधाओं का होना अत्यंत आवश्यक हैं।

उन्होंने जीएम प्रदीप अहलावत को निर्देश दिए कि बस अड्डे परिसर में पुराने भवन को तोड़ने का काम जारी है। ऐसे में वह यह सुनिश्चित करें कि इस कार्य से यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा ना हो। साथ ही बस अड्डे पर आने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए उचित साइनेज की व्यवस्था की जाए।

डीसी के निरीक्षण दौरे में जीएम प्रदीप अहलावत ने बताया कि गुरूग्राम बस अड्डा व वर्कशॉप साढ़े 14 एकड़ में बना है। गुरूग्राम परिवहन के पास कुल 216 बसें है। वहीं हरियाणा के अन्य जिलों सहित अन्य राज्यों की सौ से अधिक बसों का गुरूग्राम बस अड्डे पर रोजाना आवागमन होता है। उन्होंने बताया कि बस अड्डे पर रोजाना 20 हजार से अधिक यात्रियों का आवागमन होता है। इस दौरान उन्होंने गुरूग्राम डिपो में वर्कशाप में भी सुधार की जरूरत से डीसी को अवगत कराया। निरीक्षण दौरे में पीडब्ल्यूडी के कार्यकारी अभियंता चरणदीप सिंह ने डीसी निशांत कुमार यादव को बस अड्डे पर पुराने जर्जर भवन को तोड़ने के कार्य प्रगति से अवगत कराते हुए बताया कि गुरूग्राम बस अड्डे व वर्कशॉप की पुरानी बिल्डिंग को तोड़ने का कार्य मार्च माह में शुरू किया गया था जोकि जून माह के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा।

लोकतंत्र के इस पर्व में पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ लें भाग : एकता चोपड़ा

जुबैर खान पब्लिक एशिया

नूंह » लोकसभा आम चुनाव-2024 के लिए हरियाणा में 25 मई को मतदान होगा । मतदान शत प्रतिशत हो और लोकतंत्र के इस पर्व में प्रत्येक मतदाता पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ भाग ले। उक्त बातें हरियाणा राज्य परिवहन जिला नूह की महाप्रबंधक एकता चोपड़ा ने सेल्फी विद प्राऊड वोटर अभियान के तहत स्थानीय बस स्टैंड पर लोगों को अधिक मतदान के लिए जागरुक करते हुए कहीं।

महाप्रबंधक एकता चोपड़ा ने बस स्टैंड पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहते लोकतंत्र की मजबूती के लिए अधिक से अधिक मतदान करना जरूरी है। उन्होंने कहां की 25 मई के दिन हरियाणा में होने वाले लोकसभा आम चुनाव के लेकर सभी मतदाता अपने मत का प्रयोग करें। एक मतदाता की यह जिम्मेवारी बनती है कि वह अपने मत का प्रयोग पूरी ईमानदारी और सोच समझकर करें जो भविष्य में सुखद हो।उन्होंने कहा कि जिला नूंह में तीन विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र हैं जोकि गुरुग्राम लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में आते हैं, जिनमें 79-नूंह , 80-फिरोजपुर झिरका तथा 81-पुनहाना हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जिला के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 6 लाख 40 हजार 382 मतदाता हैं जो लोकसभा चुनाव के लिए अपने मत का प्रयोग करेंगे। इस दौरान उन्होंने बस स्टैंड पर उपस्थित लोगों से शपथ दिलाते हुए शत प्रतिशत मतदान की अपील की। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र का यह पर हमें अपनी जिम्मेदारी के एहसास दिलाता है एक सफल सरकार को चुनने में हमारा एक मत बहुत योगदान रखता है इसलिए हम पहले मतदान करेंगे फिर जलपान करेंगे। इस मौके पर नायब तहसीलदार राजेंद्र हुड्डा समय सिंह दीपक रविंद्र नरेश कुमार सहित काफी संख्या में विभाग के कर्मचारी और क्षेत्र के जिम्मेदार लोग मौजूद रहे।

पब्लिक एशिया
नई दिल्ली, बुधवार, 10 अप्रैल, 2024

गुरु नानक देव का जन्म जिस भूमि पर हुआ था, वह कभी अखंड भारत का हिस्सा था मगर कांग्रेस के कुटिल चालों से देश का विभाजन हुआ। स्वर्णिम युग के रूप में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ग्लोबल पावर बनने की ओर अग्रसर है। हम सभी ने बदलते हुए भारत को देखा है।

-योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

मुख्य समाचार

ईद पर्व के लिए व्यवस्थाओं का लिया जायजा

डीएम एसएसपी पहुंचे सिकंदराबाद, दिए निर्देश

मनोज सिंहल, पब्लिक एशिया

स्याना/बुलंदशहर » ईद के पर्व के मौके पर शांति, कानून व्यवस्था, साफ सफाई, पेयजल आदि व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी चन्द्रप्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने सिकन्द्राबाद कस्बे के ईदगाह का स्थलीय निरीक्षण करते हुए ईद के अवसर पर नमाज अदायगी के लिए की जाने वाली व्यवस्था का जायजा लिया। डीएम एसएसपी द्वारा सम्बन्धितों को निर्देशित किया गया कि ईदगाह पर साफ सफाई, पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाए। सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस बल की तैनाती की जाए। ईदगाह के बाहर सार्वजनिक स्थल पर नमाज अदा नहीं होने दी जाए। नमाज अदा करने के समय रूट डायवर्जन रखे तथा अनाउंसमेंट भी करते रहे। ईदगाह पर व्यवस्था बनाए रखने के लिए वॉलिंटियर भी लगाए जाए। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी सिकन्द्राबाद रेनू, क्षेत्राधिकारी सिकंद्राबाद पूर्णिमा सिंह, ईओ नगरपालिका उपस्थित रहे।

प्रेस स्वामी परिशिष्ट 'क' एवं 'ख' में सूचना के पश्चात ही निर्वाचन सम्बन्धी पोस्टर, पम्फलेट इत्यादि का करें मुद्रण एवं प्रकाशन

बरेली। मुख्य कोषाधिकारी/नोडल अधिकारी व्यय अनुवीक्षण सेल ने कहा कि जनपद के समस्त प्रिंटिंग प्रेस के स्वामी/प्रबन्धक भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राजनैतिक दलों एवं प्रत्याशियों से सम्बन्धित निर्वाचन पैम्फलेटों, पोस्टर आदि का मुद्रण एवं प्रकाशन लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127 (क) के उपबन्धों द्वारा विनियमित किया गया है।उन्होंने सभी प्रिंटिंग प्रेस के स्वामियों/प्रबंधकों से अपेक्षा की है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु प्रतिभाग करने वाले राजनैतिक दलों/प्रत्याशियों द्वारा पैम्फलेटों आदि का मुद्रण एवं प्रकाशन कराये जाने सम्बन्धी सूचना तत्काल प्रोफार्मा परिशिष्ट 'क' एवं परिशिष्ट 'ख' पर भरकर जिला निर्वाचन अधिकारी को उपलब्ध करायें, जिससे निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण पर अनुदेशों का सार संग्रह जनवरी 2024 के अनुसार प्रत्याशियों का लेखा तैयार किये जाने सम्बन्धी आवश्यक कार्यवाही की जा सके।

निर्वाचन अधिकारी ने पीलीभीत लोकसभा क्षेत्र की बहेड़ी विधानसभा में चल रहे ईवीएम की कमिश्निंग का किया निरीक्षण

बरेली। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र कुमार ने आज वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चंद्रभान के साथ पीलीभीत लोकसभा क्षेत्र की बहेड़ी विधानसभा के प्रथम चरण में मतदान होने के क्रम में परसाखेड़ा में चल रहे ई0वी0एम0 की कमिश्निंग का निरीक्षण किया।जिला निर्वाचन अधिकारी ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किए जाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये।निरीक्षण के समय जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान पूर्व ई0वी0एम0 की पूर्णतः जांचकर तैयार करने सम्बंधी कार्यो का निरीक्षण किया तथा वेयरहाउस से मतदान कर्मियों को ईवीम प्रदान करने तथा जमा कराने सम्बंधी कार्यो के बारे में विस्तार से दिश निर्देश प्रदान किये।उक्त के अतिरिक्तईवीएम के रखरखाव, सुरक्षा तथा सुरक्षा हेतु लगे सीसीटीवी कैमरों आदि का भी जायजा लिया गया।निरीक्षण के समय उप जिलाधिकारी बहेड़ी अजय कुमार उपाध्याय सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

पोलिंग पार्टियों के रवाना स्थल, परसाखेड़ा स्ट्रॉग रूम और मतगणना स्थल का निरीक्षण किया

बरेली। आसन्न लोकसभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार जनपद बरेली व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक घुले शुशील चन्द्रभान जनपद बरेली द्वारा थाना सीबीगंज क्षेत्र में उत्तर प्रदेश राज्य भण्डारण निगम, राज्य भण्डार गृह परसाखेड़ा का निरीक्षण किया गया एवं थाना सीबीगंज क्षेत्रान्तर्गत परसाखेड़ा पोलिंग पार्टियों के रवाना होने के स्थल, परसाखेड़ा स्ट्रॉग रूम और मतगणना स्थल का निरीक्षण किया गया तथा सुरक्षा व्यवस्था हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

भारतीय नव वर्ष के उपलक्ष में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने रामलीला ग्राउंड में पूर्ण गणवेश में एकत्रीकरण किया

वाजिद पाशा पब्लिक एशिया

कुंदरकी। नगर मे भारतीय नव वर्ष के उपलक्ष में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने रामलीला ग्राउंड में पूर्ण गणवेश में एकत्रीकरण किया जिसमें विभाग सहकार्यवाह श्रीमान चंद्रपाल जी ने हिंदू नव वर्ष के बारे में विस्तार से बताया जिसमें विभाग सह सेवा प्रमुख यशवीर,खंड कार्यवाह आकाश शर्मा, खंड सह कार्यवाह योगेश,खंड सहसेवा प्रमुख रामपाल सिंह, मंडल कार्यवाह अजय,विश्व हिंदू परिषद प्रखंड मंत्री कुंदरकी अमरीश, खंड सह शारीरिक प्रमुख योगेश, खंड विद्यार्थी प्रमुख आकाश, खंड सह विद्यार्थी प्रमुख रोहित, विश्व हिंदू परिषद प्रखंड अध्यक्ष अनिल कुमार, मडंल कार्यवाह अजय,ठाकुर अरविन्द कुमार पुंडीर,शिशुपाल सिंह, अनमोल भारद्वाज , जयपाल चौधरी, जगजीत सिंह, योगेंद्र कुमार ,जय सिंह ,रनबीर चौधरी ,सुभाष चंद्रा , राजीव शर्मा, प्रेमपाल सिंह, प्रमोद शर्मा, चरन सिंह, राम सिंह, अमरीश शर्मा,आकाश कुमार पुंडीर, लव पुंडीर, रूद्र पुंडीर,देव सिंह सैनी,योगेन्द्र बिंदेश एडवोकेट, अनमोल, हिमांशु ,अश आदि उपस्थित रहे।

मंडलायुक्त की अध्यक्षता में गेहूँ खरीद की समीक्षा बैठक सम्पन्न

लक्ष्य के अनुरूप गेहूँ खरीद में प्रगति लाए जाने के दिए निर्देश

किसानों का पंजीकरण बढाने एवं सत्यापन में तेजी लाए जाने के निर्देश

पब्लिक एशिया ब्यूरो

बरेली। मंडलायुक्त की अध्यक्षता में आज गेहूँ खरीद की समीक्षा बैठक आयुक्त सभागार में सम्पन्न हुई। समीक्षा में पाया गया कि बरेली मण्डल हेतु निर्धारित गेहूँ क्रय लक्ष्य 11.29 लाख मी0 टन के सापेक्ष अबतक 7179 मी0 टन गेहूँ खरीद हो चुकी है, जिसमें जनपद शाहजहॉपुर में 5900 मी0 टन, जनपद पीलीभीत में 1036 मी0 टन, जनपद बरेली में 199 मी0 टन तथा जनपद बदायूँ में 43 मी0 टन गेहूँ खरीद हुई है। गेहूँ खरीद में मण्डल वर्तमान में प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान पर है। मण्डलायुक्त द्वारा जनपद बरेली एवं बदायूँ में अपेक्षाकृत कम गेहूँ खरीद पाये जाने पर सम्बन्धित जनपदों के जिला खरीद अधिकारियों को गेहूँ खरीद में तत्काल प्रगति लाने के निर्देश दिये गये। जनपदवार समीक्षा में पाया कि जनपद शाहजहॉपुर में मात्र 62 प्रतिशत किसानों का ही सत्यापन हुआ है, जोकि मण्डल के औसत से काफी कम है। मण्डलायुक्त ने निर्देश दिये कि 03 दिवस में जनपद शाहजहॉपुर तथा अन्य जनपदों में भी कृषकों का सत्यापन बढाया जाए।

किसानों का गेहूँ खेतों एवं अधिक आवक वाले क्रय केन्द्रों के माध्यम से खरीदने हेतु मोबाइल क्रय केन्द्र संचालित है, जोकि किसान के खेत से सीधे गेहूँ खरीद कर रहे है। किसान जनपद एवं मण्डलस्तर पर संचालित कन्ट्रोल रूम में सम्पर्क कर अपना गेहूँ मोबाइल क्रय केन्द्रों के माध्यम से बेच सकते हे । कंट्रोल रूम जनपद बरेली 0581-4002279, जनपद बदायूँ 05832-266127, जनपद पीलीभीत 0588 2-255804, जनपद शाहजहॉपुर 0584-2221986 तथा मण्डल स्तर (आर0एफ0सी0 कार्यालय) 0581-2427115, 0581-2427342, 8868857152 सम्पर्क कर सकते हैं।बैठक में आर0एफ0सी0 बरेली, जनपद बरेली, बदायूँ एवं शाहजहॉपुर के अपर जिलाधिकारी/ जिला खरीद अधिकारी, आर0एम0ओ0, डी0डी0 मण्डी, डी0आर0 कॉपरेटिव, एस0आर0ए0ओ0 बरेली, समस्त जनपदों के जिला खाद्य विपणन अधिकारी एवं ए0आर0 कॉपरेटिव, पी0सी0एफ0, पी0सी0यू0, यू0पी0एस0एस0, एस0डब्लू0सी0 एवं एफ0सी0आई के मण्डलीय एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों तथा समस्त मण्डी सचिवों ने प्रतिभाग किया।

टिकट कटने के बाद संभाले नहीं संभल रहे हालात

पब्लिक एशिया ब्यूरो

बरेली।आठ बार बरेली से सांसद रहे संतोष कुमार गंगवार का टिकट काटने के बाद भाजपा की मुश्किल लगातार बढ़ती जा रही है।पार्टी ने संतोष कुमार गंगवार की जगह कुर्मी बिरादरी के ही छत्रपाल सिंह गंगवार को प्रत्याशी तो बना दिया है।लेकिन इसके बाद शुरू हुई उथलपुथल शांत होने में नहीं आ रही है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पीलीभीत में जनसभा से ऐन पहले सोमवार देर शाम संतोष कुमार गंगवार के आवास पर हुई घटना ने पार्टी की चिंता और बढ़ा दी है।

प्रधानमंत्री की जनसभा की वजह से ही प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी सोमवार को बरेली में थे और शाम आठ बजे संतोष गंगवार से प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के बारे में ही बात करने कई भाजपा नेताओं के साथ भारत सेवा ट्रस्ट स्थित उनके आवास पर पहुंचे थे। मेयर उमेश गौतम की संतोष गंगवार और कुर्मी समाज पर टिप्पणी का मामला इससे पहले ही काफी गर्मा चुका था लेकिन भाजपा नेताओं को इसका एहसास नहीं था।संतोष कुमार गंगवार के आवास पर जब उनके समर्थकों ने मेयर उमेश गौतम के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदेश अध्यक्ष को घेरकर हंगामा शुरू किया तो भाजपा नेता सकते में आ गए।मेयर उमेश गौतम की कथित टिप्पणी को लेकर संतोष कुमार गंगवार के समर्थक कितने भड़के हुए थे।इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने नारेबाजी करते हुए करीब आधे घंटे तक प्रदेश अध्यक्ष को घेरे रखा।दरअसल, पार्टी में इस रार की शुरुआत संतोष का टिकट कटने से पहले ही शुरू हो गई थी। कहा जा रहा है कि पार्टी के ही कुछ नेताओं ने संतोष कुमार गंगवार के खिलाफ पहले से शीर्ष स्तर पर माहौल बनाना शुरू कर दिया था।बरेली इंटर कॉलेज के मैदान पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रबुद्ध सम्मेलन से एक दिन पहले तैयारियों के दौरान भी यह कलह तब खुलकर सामने आ गई थी, जब दो नेता इस मसले पर तमाम पार्टी पदाधिकारियों के सामने उलझ गए थे।

मानव श्रृंखला बनाकर रेडिसन स्टाफ ने ली मतदान की शपथ

मतदान करने की शपथ लेता रेडिसन स्टाफ

पब्लिक एशिया ब्यूरो

बरेली। लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान प्रतिशत में वृद्धि के उद्देश्य से मतदान जागरूकता अभियान के तहत होटल रेडिसन में लोकतंत्र के महापर्व चुनाव में मतदान करने की शपथ ली गई।होटल रेडिसन एमडी मेहताब सिद्दीकी की प्रेरणा से समस्त होटल स्टाफ ने जागरूकता कार्यक्रम के तहत मानव श्रृखला बनाकर % मेरा वोट मेरी ताकत' की शपथ के अंर्तगत निष्पक्ष, निर्भीक, बिना प्रलोभन और दबाब के मतदान करने और अन्य लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलवाई। और पहले मतदान फिर जलपान का संकल्प भी लिया।एमडी मेहताब सिद्दीकी ने स्टाफ को दिए संदेश में कहा कि अपने मत की कीमत समझो, उठो नया निर्माण करें, मताधिकार का प्रयोग करें हम, आओ सभी मतदान करे ।शपथ ग्रहण समारोह के दौरान होटल रेडिसन जनरल मैनेजर हर्षित उप्पल ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बरेली के भावी कर्णधारों एवं युवाओं को मतदान संबंधी जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान समस्त स्टाफ व आस पास के लोगो को निष्पक्ष एवं निर्भय मतदान करने की शपथ भी दिलवाई गई। इस दौरान जीएम हर्षित उप्पल, जीएम प्रांजल सचदेवा,डायरेक्टर ऑपरेशन जाकिर अली, तनवीर हसन ,वसी अहमद,आदित्य मिश्र,सेल्स डायरेक्टर संतोष पलाथी, यासिम सलमान आदि उपस्थित रहे।

जनपद बरेली की तर्ज पर अन्य जनपदों में भी विकसित की जायेगी माईबूथ ऐप

ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत मतदाताओं के सुविधा हेतु ऐप का किया जायेगा व्यापक प्रचार-प्रसार

पब्लिक एशिया ब्यूरो

बरेली। मंडलायुक्त द्वारा आयुक्त सभागार में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की तैयारियों के संबंध में मण्डल के समस्त जनपदों के जिलाधिकारियों/उप जिलाधिकारियों के साथ वीडियों कॉन्फ्रेंस के माध्यम से समीक्षा बैठक की गयी। इस बैठक में जनपद बरेली द्वारा विकसित my-boothBareilly मोबाईल ऐप्लीकेशन पर विशेष चर्चा की गयी। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में मतदाताओं के प्रतिभाग को बढ़ाने हेतु मंडलायुक्त की प्रेरणा और ज़िलाधिकारी बरेली के सतत मार्गदर्शन में NIC टीम बरेली द्वारा एक मोबाइल एप्लीकेशन mybootBareilly बनाई गई है, जिसमें मतदाताओं की सुविधा हेतु कई फैसिलिटी दी गई है।इस ऐप के द्वारा बरेली जनपद में आने वाले तीन लोक सभा क्षेत्र, 24-आंवला, 25-बरेली व 26- पीलीभीत के बहेड़ी क्षेत्र के मतदान बूथ के लोकेशन, संबंधित BLO के बारे में जानकारी, मतदान की तिथि और मतदान के दिन बूथ पर क़तार में लगे लोगों की संख्या जानी जा सकती है। इस एप्लीकेशन में गूगल मैप की सहायता से बूथ तक पहुंचने का मार्ग दर्शाने की भी सुविधा है द्य मतदान के दिन किसी भी समय पर लाइन में खड़े मतदाताओं की संख्या भी इस एप्लीकेशन द्वारा पता लग जाएगी, जिससे मतदाता अपनी सुविधा के अनुसार वोट डालने जा सकते हैं और बिना लंबी प्रतीक्षा किए वोट डालकर तुरंत वापस आ सकते हैं । यह ऐप गूगल प्ले-स्टोर पर निःशुल्क उपलब्ध है।मण्डलायुक्त ने जनपद बरेली की तर्ज पर मण्डल के अन्य जनपदों से भी इस ऐप को जनपदवार विकसित किये जाने की अपील की है। इस संबंध में मण्डलायुक्त ने मण्डल के समस्त जिलाधिकारियों के साथ वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग की गयी, जिसमें जिलाधिकारी बरेली द्वारा इस ऐप की विशेषताओं एवं कार्यप्रणाली के विषय में अन्य जिलाधिकारियों को अवगत कराया। इस ऐप का मुख्य उद्देश्य मतदाता जगरूकता एवं मतदाता प्रतिशत को बढ़ाना है।

राजेश मसाले के ट्रक चालक परिचालक हत्या में आया फैसला

ड्राइवर क्लीनर की हत्या कर लूट ले गए थे ट्रक 10 दोषियों को न्यायालय ने सुनाई सजा

मनोज सिंहल, पब्लिक एशिया

स्याना/बुलंदशहर » राजेश मसाले के ट्रक चालक परिचालक की हत्या व ट्रक लूट के मामले में न्यायालय ने सजा सुनाई है। ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के क्रम में बुलन्दशहर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी कर हत्या व डकैती की घटना कारित करने के 7 आरोपियों को आजीवन सश्रम कारावास व 11-11 हजार रूपये के अर्थदण्ड तथा 3 अन्य अभियुक्तों को 7-7 वर्ष का सश्रम कारावास व 7-7 हजार रुपये के अर्थदण्ड की सजा दिलवाई गई है। पुलिस मीडिया सेल द्वारा जारी जानकारी के अनुसार अभियुक्त गुड्डू पुत्र आशिक अली, यामीन पुत्र मौहम्मद अहसान, जमील पुत्र मौहम्मद मन्जूर निवासीगण मौड़ी अब्दुल्लापुर, हाफिजपुर, हापुड़ तथा अफसर उर्फ राजू पुत्र हाकिम अली, जाबिर पुत्र आशिक अली, रहीश पुत्र छोटे निवासीगण मौहल्ला पाठक, जहांगीराबाद, बुलन्दशहर, इसराईल पुत्र यामीन निवासी ग्राम औरंगाबाद रसूलपुर, भावनपुर, मेरठ, संजय चौधरी पुत्र श्यौराज सिंह निवासी ग्राम डरौरा, अनूपशहर, सचिन पुत्र गिरीशचन्द्र निवासी पुख्ता बाजार, जहांगीराबाद, बुलन्दशहर तथा श्रीपाल पुत्र श्यामलाल निवासी मौहल्ला जटियान, जहांगीराबाद, बुलन्दशहर द्वारा वर्ष-2011 में थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत अरविन्द सिंह जोकि राजेश मसाले के ट्रक के ड्राइवर थे तथा हैल्पर नवीन की हत्या कर शव को सड़क के किनारे गड्डे में छिपाकर ट्रक को लूट कर ले जाने की दुस्साहसिक घटना कारित की गयी थी। जिसके सम्बन्ध में दिनांक 25.11.2011 को थाना कोतवाली नगर पर मुअसं- 868/2011 धारा 396, 201, 412 भादवि पजीकृत किया गया तथा बरामदगी के संबंध में थाना कोतवाली नगर पर क्रमश मुअसं- 889/2011 धारा 25 शस्त्र अधिनियम बनाम गुड्डू, 890/2011 धारा 25 शस्त्र अधिनियम बनाम यामीन, 891/2011 धारा 25 शस्त्र अधिनियम बनाम जमील, 892/2011 धारा 25 शस्त्र अधिनियम बनाम अफसर उर्फ राजू पंजीकृत किया गया। 25 फरवरी 2012 को पुलिस द्वारा माननीय न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया। इन अभियोगों को पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश द्वारा चलाए जा रहे अभियान ऑपरेशन कन्विक्शन के अन्तर्गत चिन्हित करते हुए मॉनीटरिंग सैल बुलन्दशहर द्वारा माननीय न्यायालय में सशक्त, प्रभावी पैरवी कर अभियोजन की कार्यवाही सम्पन्न करायी गई। जिसमें अभियुक्तों के विरुद्ध 7 गवाह परिक्षित हुए। जिसके परिणामस्वरुप माननीय न्यायालय एडीजे-03 बुलन्दशहर द्वारा दोष सिद्ध पाये जाने पर अभियुक्त गुड्डु, यामीन, जमील, अफसर उर्फ राजू, जाबिर, रहीश, इसराईल को आजीवन सश्रम कारावास व 11-11 हजार रुपये के अर्थदण्ड की सजा तथा संजय चौधरी, सचिन तथा श्रीपाल को 7-7 वर्ष का सश्रम कारावास व 7-7 हजार रुपये के अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया गया है। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी करने वाले अभियोजक प्रवीन कुमार राणा का योगदान सराहनीय रहा। प्रभावी पैरवी कर अभियुक्त को सजा दिलाना बुलन्दशहर पुलिस की बड़ी सफलता है।

केएमयू में हुआ देवीपुराण एवं सप्तशती चंडी महायज्ञ, प्रथम नवरात्र पर कुलाधिपति ने धर्मपत्नी के साथ किया हवन-यज्ञ

धर्म, अध्यात्म में मन लगाने से मिलने वाली एकाग्रता, शिक्षा के लिए है बेहद जरूरी : किशन चौधरी

मुकेश कुशवाह, पब्लिक एशिया

मथुरा । चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन केएम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति किशन चौधरी ने विश्व कल्याण के लिए देवी मां का आह्वान करते हुए हवन पूजन के साथ शतचंडी पाठ एवं देवीपुराण का पाठ किया । इस अवसर पर हवन से निकले सुगंधित धुएं से विवि का पूरा वातावरण आध्यात्मिक हो गया । इस दौरान उनके साथ उनकी पत्नी श्रीमती संजू चौधरी, सुपुत्र पार्थ चौधरी समेत पीजी डॉक्टर, एमबीबीएस के छात्र-छात्राएं तथा विवि के सभी स्टाफ ने हवन-पूजन कर देवी मां की स्तुति की । जनपद के सौंख रोड़ स्थित पालीडूंगरा के पास केएम विश्वविद्यालय में चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन प्रातः काल हवन पूजन कर देवी मां का आह्वान किया गया । काशी से आए संस्कृत विद्वान एवं यज्ञाचार्य पंडित शेखर शुक्ला एवं वाराणसी के आचार्य शिवा तिवारी ने विधि-विधान से पूजा पाठ एवं यज्ञ कराया तथा जगत जननी मां भगवती की आरती की । इस दौरान कुलाधिपति किशन चौधरी एवं उनकी धर्मप ी श्रीमती संजू चौधरी ने हवन में आहूति देने के बाद आरती कर छात्र-छात्राओं को प्रसाद वितरित किया । इस संबंध में विवि के चांसलर ने बताया कि नौ दिनों तक सप्तशती चंडी पाठ एवं देवी पुराण की कथा चलेगी । इस अवसर पर कुलाधिपति किशन चौधरी ने देवी मां की प्रार्थना करते हुए कहा कि धर्म-अध्यात्म में मन लगाने से मन को एकाग्रता मिलती है और शिक्षा के लिए एकाग्रता बेहद जरूरी है । कहा कि भारत ही एक ऐसा देश है, जहां पर नारी को शक्ति का रूप मानते हुए उसकी पूजा की जाती है । उन्होंने कहा कि शक्ति स्वरूपा माता जगदम्बा सभी के जीवन में खुशियां लाएं एवं विश्व का कल्याण करें । इस दौरान कुलाधिपति ने ब्रजवासियों समेत सभी देशवासियों को गुड़ी पड़वा एवं नवसंवत्सर की शुभकामनाएं दीं ।

यूटीएस मोबाइल एप्लीकेशन से रेल टिकट लेने पर मिलेगी छूट , आगरा मंडल में डिजिटल मित्र करा रहे हैं यूटीएस एप डाउनलोड

पब्लिक एशिया ब्यूरो

मथुरा ब्यूरो। आगरा मंडल के आगरा छावनी स्टेशन और मथुरा जंक्शन पर यूटीएस ऑन मोबाइल एप्लीकेशन से अनारक्षित टिकट लेने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है । इसके अंतर्गत आगरा छावनी और मथुरा जंक्शन पर यूटीएस ऑन मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से यात्रियों को टिकट लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है । इस दौरान एप को डाउनलोड करने और उसके प्रयोग करके का तरीका तथा इससे होने वाले फायदे, जैसे समय की बचत, कतार में लगे होने पर सामान की सुरक्षा और फुटकर पैसे की असुविधा से मुक्ति तथा इस प्रणाली से टिकट लेने पर रेलवे द्वारा प्रदान की जाने वाली विशेष सुविधा किराए पर 3 प्रतिशत की छूट की आदि सभी जानकारी यात्रियों के बीच साझा की गई । स्टेशन पर यात्रियों के बीच इस विषय में जागरूकता फैलाने के लिए कई स्थानों पर स्टेंडी और पोस्टर लगाए गए । इस दौरान स्टेशन कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि स्टेशनों पर उद्घोषणा प्रणाली के माध्यम से इस मोबाइल एप के बारे में यात्रियों को जागरूक किया जाए । इस मोबाइल एप्लीकेशन का उपयोग कर वह स्टेशन से 20 किमी. के दायरे में आसानी से अनारक्षित यात्रा एवं प्लेटफार्म टिकट ले सकते हैं, जो कि पेपर लेस ऑप्शन में भी उपलब्ध होती हैं । इस सुविधा का प्रयोग करके यात्री बिना लाइन लगाए, अत्यधिक सुविधाजनक तरीके से अनारक्षित यात्रा, सीजन एवं प्लेटफार्म टिकट बुक करा सकते हैं । डिजिटल अभियान के दौरान आगरा मंडल के स्टेशनों पर सुनियोजित तरीके से विगत माह मार्च में करीब 7 हजार लोगों को यूटीएस एप्लिकेशन उनके मोबाइल में इंस्टॉल करके उसका उपयोग करने के बारे में बताया ।

मुख्य समाचार

हम सबको ऋषि दयानंद के बताए हुए पद चिन्ह पर चलना चाहिए, वैदिक धर्म को अपनाना चाहिए : रणदीप आर्य

सचिन सिधवानी, पब्लिक एशिया

पानीपत » जीटी रोड स्थित आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल, (संचालित आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा) में मंगलवार को आर्य समाज स्थापना दिवस चैत्र मास शुक्ल पक्ष प्रतिपदा मनाया गया। इसके साथ वैदिक सनातन धर्म नव वर्ष भी मनाया गया। विद्यालय की हिंदुस्तान स्काउट गाइड ने सर्वप्रथम यज्ञ किया। उसके पश्चात विद्यालय के प्रधान अंतरंग सदस्य एडवोकेट रणदीप आर्य को हिंदुस्तान स्काउट गाइड ने सलामी दी और ओम का ध्वज भेंट किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता रणदीप आर्य ने की व वही मुख्य अतिथि के तौर पर ग्राम पंचायत सदस्य सिवाह चांदराम रहे। प्रधान रणदीप आर्य ने बताया कि इस देश में जब मुसलमान आए तो उन्होंने हमें हिंदू का नया नाम दिया यह एक प्रकार से गाली है। हिंदू का अर्थ काफिर काला रहजन है। और फिर इस देश में जब अंग्रेज आए तो उन्होंने नया नाम इंडिया दिया। उन्होंने बताया कि महर्षि देव दयानंद ने कहा था कि 5000 वर्ष से सोने वालों अब जागो और उन्होंने बताया कि हमारे देश का प्राचीन नाम आर्यावर्त है। इसलिए हम सबको ऋषि दयानंद के बताए हुए पद चिन्ह पर चलना चाहिए। चित्र कि नहीं चरित्र की पूजा करनी चाहिए। वैदिक धर्म को अपनाना चाहिए। गायत्री मंत्र और ओम का उच्चारण करना चाहिए। प्रिंसिपल सत्यवान ने सभी का आभार जताते हुए कहा कि नव वर्ष नई फसल के आगमन पर नौ दिनों का त्यौहार मनाया जाता था। प्रत्येक वर्ग खुशी मनाता था। हवन यज्ञ करके नई अनाज की बालियां उसमें डाली जाती थी और सभी बच्चों को नव वर्ष पर एक संकल्प लेना चाहिए कि हम वैदिक धर्म के अनुसार अपने जीवन को आगे बढ़ाएंगे। विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं ने भजन प्रस्तुत किया रणदीप आर्य और मुख्य अतिथि चांदराम व प्राचार्य सत्यवान मलिक ने हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड के जवानों की सहारना करते हुए उन्हें प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मंच संचालन हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड के इंचार्ज और विद्यालय के डीपीई जगदीश चहल ने किया। सभी अध्यापक एवं अध्यापिकाएं उपस्थित रहे।

चौधरी बीरेंद्र सिंह कभी भाजपा के प्रति निष्ठावान नही रहे : कृष्णपाल गुर्जर

पब्लिक एशिया ब्यूरो

चंडीगढ़। केंद्रीय मंत्री कृष्ण बैठक पाल गुर्जर ने हरियाणा की राजनीति में चल रही उथल पुथल पर मंगलवार को बयान दिया है। एक चैनल से बातचीत में गुर्जर ने चौधरी बीरेंद्र सिंह की कांग्रेस में वापसी पर कहा कि उनकी भाजपा के प्रति निष्ठा नही थी।जब भी पार्टी मुसीबत में आई वे विरोधी बात करते नजर आए। मैं कभी उनके रुख का समर्थक नहीं रहा। मैने तत्कालीन मुख्यमंत्री और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से भी बात की थी। जेजेपी में मची भगदड़ पर गुर्जर ने कहा कि यह उनका आंतरिक मामला है।हरियाणा में भाजपा के लोकसभा प्रत्याशियो का लोगो द्वारा विरोध किए जाने पर गुर्जर ने कहा कि विरोध के इस तरीके को में सही नही मानता।विरोध तो वोट के जरिए ही होना चाहिए। मुख्यमंत्री नायब सैनी के साथ बैठक पर कृष्णपाल ने कहा कि यह सामान्य बैठक थी।इसमें आगामी पांच मई तक के चुनाव कार्यक्रम तय किए गए।मुख्यमंत्री नायब सैनी ओर पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल 5मई तक चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे।इसके बाद पार्टी के शीर्ष नेताओं के कार्यक्रम तय किए जायेंगे।

नव संवत्सर विक्रमी संवत पर रोटरी क्लब रोहतक ने लगाया निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

150 से ज्यादा मरीजों की की गई देखभाल साल में कम से कम 24 शिविर लगाना लक्ष्य कहां डॉक्टर मारकंडे आहुजा ने

रोहतक, सुकरमपाल » नव संवत्सर विक्रमी संवत के शुभ अवसर पर रोटरी क्लब रोहतक ने आज आर्य धर्मार्थ अस्पताल में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मारकंडेय आहूजा व त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉक्टर तरुण गुलाटी ने लोगों के स्वास्थ्य की जांच की व निशुल्क दवाइयां भी वितरण की गई इस स्वास्थ्य जांच शिविर में 150 लोगों ने स्वास्थ्य लाभ लिया

इस अवसर पर रोटरी क्लब के प्रधान डॉक्टर मारकंडेय आहूजा ने बताया कि रोटरी क्लब समय-समय पर ऐसे आयोजन करता आया है और भविष्य में भी करता रहेगा उन्होंने बताया कि रोटरी क्लब का लक्ष्य साल में काम से कम 24 शिविर लगाने का है उन्होंने बताया कि हमारे शरीर के सबसे खास और नाजुक अंगों में से एक होती हैं आंखें। अगर इनका ख्याल न रखा जाए तो छोटी-सी परेशानी जिंदगी भर की तकलीफ बन सकती है। लेकिन लोग आंखों की सेहत पर उतना ध्यान नहीं देते जितना उन्हें देना चाहिए। यही वजह है कि 40 की उम्र तक आते-आते कई लोग आंखों की गंभीर समस्याओं के शिकार हो जाते हैं इस अवसर पर रोटरी क्लब ने मरीजों व आम जन के लिए प्रसाद भी वितरण किया गया स्वास्थ्य जान शिविर में डॉक्टर अंजू आहूजा डॉक्टर गुलाटी डॉक्टर जेपी अरोड़ा व रोटरी क्लब के सदस्य मुख्य रूप से मौजूद रहे।

शिमला में भीषण अग्निकांड से दो मंजिला मकान जलकर राख

एजेंसी

शिमला » हिमाचल प्रदेश की राजधानी अप्पर शिमला के कुमारसेन थाना के अंतर्गत कोटगढ़ में मंगलवार सुबह दो मंजिला मकान में भीषण आग लग गई। मकान की ऊपरी मंजिल से आग की ऊंची लपटें उठ रही हैं। सूचना पर पहुंचे अग्निशमन कर्मी आग बुझाने के प्रयास में जुटे हैं। इस घटना से आस-पास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई है। पुलिस के मुताबिक यह अग्निकांड कोटगढ़ के जाबड़ गांव के निवासी कुलदीप मेहता के मकान में सामने आया। सुबह करीब साढ़े नौ बजे उनके दो मंजिला मकान में आग लग गई। मकान में लकड़ी का अधिक इस्तेमाल होने के कारण आग ने तेज़ी पकड़ी और मकान की ऊपर की पूरी मंजिल से देखते ही देखते आग की लपटें उठने लगीं। शोर मचाने पर आस-पास के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए।

मोदी सरकार ने की किसानों की सबसे ज्यादा चिंता : नायब सैनी

हर व्यक्ति तक पहुंच रहा है योजनाओं का लाभ

सुकरमपाल , पब्लिक एशिया

महम, (रोहतक) » नरेंद्र मोदी की सरकार ने किसानों, गरीब मजदूरों, महिलाओं, छोटे व्यापारियों, युवाओं की समस्याओं का निदान करने के लिए योजनाएं बनाई और इन लोगों का विकास करने की नीतियों को मजबूती से लागू किया। पूर्व की सरकारों में हर साल यूरिया और डीएपी के दामों में वृद्धि होती थी लेकिन जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में यह चीज महंगी हुई तब भी नरेंद्र मोदी की सरकार ने तय किया कि इन चीजों के दाम नहीं बढ़ाए जाएंगे और किसानों को यूरिया और डीएपी पुराने दामों पर मिलेगी। यह बात हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने आज यहां रोहतक लोकसभा क्षेत्र से पार्टी के उम्मीदवार अरविंद शर्मा के समर्थन में विजय संकल्प रैली को संबोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के नाम पर किसानों को तीन लाख करोड़ रुपए वितरित किए हैं। किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य देने का काम किया है। फसल खराब होने पर किसानों को मुआवजा जल्दी और पूरा देने का काम किया जा रहा है। कांग्रेस के राज में जहां 10 साल में 1100 करोड रुपए फसलों के मुआवजे के दिए गए वहीं पिछले साढ़े 9 साल में 12000 करोड रुपए किसानों को खराब फसल के मुआवजे के रूप में दिए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी आचार संहिता चल रही है और वह ज्यादा कुछ कहने की स्थिति में नहीं हैं लेकिन एक बात बिल्कुल साफ है कि आचार संहिता खत्म होने के बाद प्रदेश के विकास में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी और एक-एक योजना को लागू कर अंतिम व्यक्ति तक इसका लाभ पहुंचाने का काम किया जाएगा। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा उज्ज्वला योजना के अंतर्गत महिलाओं को मुफ्त सिलेंडर देने, आयुष्मान कार्ड, गरीबों को मुफ्त अनाज देने, हर घर में स्वच्छ पेयजल पहुंचाने, 24 घंटे बिजली देने का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस के राज में केवल बातें होती थी काम नहीं होता था और आज बातें कम होती हैं और काम ज्यादा होता है। फोरलेन सड़कों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि 2014 से पहले हाईवे बहुत कम थे लेकिन आज पूरा देश हाईवे पर दौड़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष गरीब के विकास पर दुखी है क्योंकि कांग्रेस ने हमेशा गरीब को अपना वोट बैंक माना है और उसने कभी उनके हित के लिए काम नहीं किया। वर्तमान सरकार ने गरीबों को ऊपर उठने के लिए उनके हित में योजनाएं बनाई है और उन योजनाओं का उन्हें लाभ देने का काम किया है। केंद्र सरकार ने गरीबों को 5 लाख रुपए तक का सालाना इलाज आयुष्मान कार्ड के माध्यम से मुफ्त देने का काम किया तो इस योजना को प्रदेश सरकार ने चिरायु के नाम से आगे बढ़ने का काम किया और आज प्रदेश के सवा करोड लोग चिरायु की योजना में लाभ ले रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने पानीपत में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा दिया और उस नारे का असर यह है कि प्रदेश में लाखों बेटियों को जीवन दान मिला। विपक्ष के लोग महिलाओं और बेटियों की चिंता नहीं करते थे लेकिन आज महिलाओं और बेटियों की चिंता करने वाली सरकारें हैं। भारत को तोड़ने का काम कांग्रेस ने किया नायब सिंह सैनी ने कहा कि देश जब कोविड के प्रभाव में था और लोग मर रहे थे तब भी प्रधानमंत्री लोगों की चिंता कर रहे थे और प्रधानमंत्री के नेतृत्व में वैक्सीन तैयार हुई और पूरे देश में हर नागरिक को फ्री में वैक्सीन लगाने का काम किया गया। प्रदेश के मुख्यमंत्री और प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस कभी भारत जोड़ो यात्रा निकलते हैं और कभी न्याय यात्रा का आयोजन करती है लेकिन सच यह है कि भारत को तोड़ने का काम भी कांग्रेस ने किया और देश के लोगों के साथ अन्याय करने का काम भी कांग्रेस ने किया। ऐसे में कांग्रेस को यह दोनों ही शब्द प्रयोग करने का कोई अधिकार नहीं है।

यह लोग थे मौजूद : भाजपा की आयोजित विजय संकल्प रैली को राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा, राजीव जैन, कृष्णमूर्ति हुड्डा, मनीष ग्रोवर, शमशेर खरकड़ा, महंत सतीश दास, मनमोहन गोयल, प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी शमशेर सिंह खरक सतीश नांदल, रेनू डाबला,राधा अहलावत दीपक हुडा मंजू हुड्डा आदि ने भी संबोधित किया। बसपा की टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ने वाले अनिल बंटू ने बसपा छोड़कर भाजपा में शामिल होने की घोषणा की।

भाजपा ने की गुंडागर्दी खत्म : अरविंद शर्मा

रोहतक लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार अरविंद शर्मा ने केंद्र सरकार की नीतियों का बखुबी बखान किया और कहा कि पूरे देश के नौजवानों को मोदी सरकार की नीतियां पसंद आ रही हैं। उन्होंने कहा कि आज गुंडागर्दी पूरी तरह से खत्म हो गई है और पहले जिस प्रकार लोग किसी की भी जमीन पर कब्जा कर लेते थे वह भी समाप्त हो गई है। कुछ गांव में अपने विरोध का जिक्र भी अरविंद शर्मा ने किया लेकिन इसके लिए उन्होंने कहा कि परिवारवादियों और भ्रष्टाचारियों के बहकावे में आकर कुछ लोगों ने यह काम किया है। मंच से अरविंद शर्मा ने कहा कि अगर कोई काम रह गया है जो एक लोकसभा सांसद होने के नाते उन्हें करना चाहिए था तो उसके लिए वह क्षमा मांगते हैं और इस बात का वायदा करते हैं कि ब्याज समेत लोगों का काम करेंगे। कांग्रेस द्वारा रोहतक हांसी रेल लाइन का श्रेय लेने को उन्होंने झूठी वाहवाही लूटने का प्रयास बताया। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी की सरकार में 2015 में इस योजना के लिए 890 करोड रुपए मंजूर हुए थे उसके बाद जमीन का अधिग्रहण हुआ और लाइन बिछाने का काम हुआ।

मोदी के नेतृत्व में देश बना बड़ी ताकत » दलाल

हरियाणा मंत्री जयप्रकाश दलाल ने कहा कि लोग अब कांग्रेस के बहकावे में आने वाले नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सत्ता हथियाना के लिए झूठ बोलने का काम कर रही है लेकिन अब देश की जनता समझदार हो गई है और वह यह जानती है कि कौन उसका भला कर सकता है और कौन नहीं। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विश्व की बड़ी ताकत बनकर उभरा है। रोहतक जिले में लगी बड़ी सेंध : महम चौबीसी की धमक पूरे देश में है। आज मुख्यमंत्री ने यहां बड़ी रैली कर इस बात का संकेत दे दिया कि आने वाले लोकसभा चुनाव में रोहतक लोकसभा सीट उन सीटों में शामिल होगी जहां से भाजपा के उम्मीदवार बड़े अंतर से जीत दर्ज करेंगे। रोहतक लोकसभा सीट को हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा का गढ़ माना जाता है लेकिन महम चौबीसी की रैली इस बात का संकेत है कि कांग्रेस का यह गढ़ अब बुरी तरह टूटने लगा है और यहां के लोग भाजपा सरकार की नीतियों में विश्वास रखते हैं और उन्हें भाजपा के नेतृत्व पर पूरा भरोसा है। पिछले लोकसभा चुनाव में रोहतक लोकसभा से अरविंद शर्मा बहुत थोड़े अंतर से चुनाव जीते थे लेकिन अबकी बार 400 पार का नारा और प्रदेश सरकार की नीतियों और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों पर रोहतक लोकसभा क्षेत्र के लोग मोहर लगाने का काम करेंगे।

जेजेपी में भगदड़ के बीच अजय सिंह ने की इनेलो के साथ एक होने की पहल

पब्लिक एशिया ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा में भाजपा सरकार से बाहर होने के बाद लोकसभा चुनाव आते ही जेजेपी में भगदड़ मच गई है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सरदार निशान सिंह ने पार्टी छोड़ने का ऐलान कर दिया है।साथ ही अन्य कई नेताओं ने इस्तीफा भेज दिया है। स्थिति को भापकर जेजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय सिंह ने मूल पार्टी के साथ एक होने की पहल कर दी है।एक चैनल से बातचीत में अजय सिंह ने कहा है कि यदि इनेलो सुप्रीमो बुलाते है तो वे इनेलो में वापसी करने को तैयार है।

वर्ष 2018 के दिसंबर में इनेलो के साथ तकरार के चलते जींद में रैली कर जननायक जनता पार्टी का गठन किया गया था।इसके बाद वर्ष 2019का विधानसभा चुनाव जेजेपी ने स्वतंत्र रूप से लड़ा था।उस चुनाव में भाजपा को यमुना पार भेजने के नारे के साथ जेजेपी ने सत्ता में आने पर 5100रुपए बुढ़ापा पेंशन देने जैसे लोकलुभावन वायदे किए थे।लेकिन जेजेपी सिर्फ दस सीट हासिल कर सकी।उधर भाजपा जो पचहत्तर पार का नारा दे रही थी सिर्फ चालीस सीट हासिल कर पाई थी। इस राजनीतिक स्थिति में जेजेपी ने सरकार बनाने के लिए भाजपा को समर्थन दिया और सरकार में शामिल हों गई।

भाजपा ने गठबंधन सरकार के कार्यकाल के साढ़े चार साल पूरे होने के साथ ही जेजेपी से संबंध तोड़ने की भूमिका बनाना शुरू कर दिया।हालांकि जेजेपी यह उम्मीद बनाए रही कि भाजपा लोकसभा चुनाव में गठबंधन करेगी।लेकिन भाजपा नेता कह रहे थे कि जेजेपी को सरकार बनाने के लिए साथ लिया था।चुनाव लड़ने के लिए कोई गठबंधन नही था।भाजपा ने पिछले माह जब मनोहर लाल ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिया और नायब सैनी सरकार का गठन किया तो जेजेपी को छोड़कर निर्दलियों का समर्थन लिया और जेजेपी से रिश्ता तोड़ लिया।

बीजेपी उम्मीदवारों की गांवों में एंट्री रोकने की बजाय, वोट की चोट से बदला ले जनता : दीपेंद्र हुड्डा

सुकरमपाल, पब्लिक एशिया

रोहतक, » राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा का कहना है कि बीजेपी खुद के नारे गढ़ रही है और हवा-हवाई नारों पर सवार होकर चुनाव लड़ रही है। जबकि कांग्रेस लोगों से जुड़े नारे दे रही है और जमीन पर होने वाले विकास कार्यों के नाम पर वोट मांग रहे हैं। एकतरफ बीजेपी खुद के लिए 400 पार का खोखला दावा कर रही है तो वहीं कांग्रेस लोगों के लिए मेट्रो को रोहतक पार लाने की बात कह रही है। सांसद दीपेंद्र आज गांधी कैंप इलाके में 'घर-घर कांग्रेस, हर घर कांग्रेस' अभियान के तहत जनसंपर्क कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने बीजेपी और जेजेपी नेताओं के पूरे हरियाणा में हो रहे विरोध पर पत्रकारो के सवाल पर अपनी प्रतिक्रिया दी। दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि चुनाव प्रचार के लिए आने वाले बीजेपी-जेजेपी नेताओं की गांवों में एंट्री रोकने की बजाए, जनता को वोट की ताकत से उनको लोकसभा में एंट्री करने से रोकना चाहिए। क्योंकि जनता के पास लोकतंत्र का सबसे बड़ा हथियार है वोट। उसे वोट की चोट से ही बीजेपी और जेजेपी से बदला लेना चाहिए। चुनावी माहौल में जनता को संयम से काम लेते हुए किसी भी तनावपूर्ण स्थिति से बचना होगा। उसे मतदान के जरिए अपना विरोध व नाराजगी दर्ज करवानी चाहिए।

दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि आज जेजेपी के नेता हाथ जोड़कर माफी मांगने का प्रपंच रच रहे हैं। जबकि इन्हें सत्ता में रहते हुए कभी जनता की याद नहीं आई। जिस जनता ने बीजेपी-जेजेपी को सत्ता में बिठाया, उसी जनता को दोनों दलों ने सताने का काम किया। गठबंधन सरकार ने किसान, कर्मचारी, सफाई कर्मी, मजदूर, सरपंच व अध्यापक समेत हर वर्ग पर लाठियां बरसाईं।

सत्ता के अहंकार में बीजेपी-जेजेपी भूल गए कि चुनाव में इसी जनता के बीच वोट मांगने के लिए जाना है। इसी के चलते आज दुष्यंत चौटाला, अजय चौटाला, रणजीत चौटाला व अन्य बीजेपी प्रत्याशियो और नेताओं का विरोध हो रहा है। पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह व उनके परिवार द्वारा कांग्रेस ज्वाइन करने पर दीपेंद्र हुड्डा ने खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस का कुनबा लगातार विस्तार लेता जा रहा है। मात्र डेढ़ साल के भीतरी बीजेपी-जेजेपी व अन्य दलों से 37 सांसद, पूर्व विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व मंत्री कांग्रेस ज्वाइन कर चुके हैं। कांग्रेस के प्रति लोगों का रुझान प्रदेश में बदलाव के स्पष्ट संकेत दे रहा है।

सुखबीर बादल की पंजाब बचाओ यात्रा में बच्चे के इस्तेमाल पर आम आदमी पार्टी ने दर्ज कराई शिकायत

पब्लिक एशिया ब्यूरो

चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी (आप) ने चुनाव आयोग के निर्देशों का उल्लंघन करने के लिए शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल के खिलाफ चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई है। मंगलवार को आप के वरिष्ठ नेता और पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने यह शिकायत दर्ज कराई। भारत के चुनाव आयोग और पंजाब के मुख्य चुनाव अधिकारी को संबोधित एक पत्र में आप नेता ने कहा कि सुखबीर बादल ने अपनी पंजाब बचाओ यात्रा के दौरान अपने अभियान के लिए एक बच्चे का इस्तेमाल किया, जो एक राजनीतिक अभियान है।हरपाल सिंह चीमा के नेतृत्व में हरचंद सिंह बरसट, डॉ. सनी अहलूवालिया, मलविंदर सिंह कंग और तरूणप्रीत सिंह सोंध समेत आप का प्रतिनिधिमंडल आधिकारिक तौर पर यह शिकायत दर्ज कराने के लिए पंजाब के मुख्य चुनाव अधिकारी के कार्यालय पहुंचा।

पत्र में कहा गया है कि 6.अप्रैल 2024 को शिरोमणि अकाली दल (बादल) के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने अपने चुनाव अभियान 'पंजाब बचाओ यात्रा' के दौरान रायकोट में निर्देशों का उल्लंघन किया है। उन्होंने एक बच्चे से शिरोमणि अकाली दल जिंदाबाद और वोट फॉर अकाली दल के नारे लगवाए जो भारत के चुनाव आयोग द्वारा दिए गए निर्देश का उल्लंघन है। पार्टी ने घटना का वीडियोग्राफी सबूत भी सौंपा। अकाली दल और सुखबीर सिंह बादल की यह गतिविधि बॉम्बे हाई कोर्ट के 4 अगस्त, 2014 में दिए गए फैसले का भी उल्लंघन है। यह सुनिश्चित करने पर बल दिया था कि राजनीतिक दल चुनाव संबंधी गतिविधियों में नाबालिग बच्चों को इस्तेमाल न करे। सभी राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को बाल श्रम (निषेध और विनियमन) संशोधन अधिनियम, 2016 द्वारा संशोधित बाल श्रम (निषेध और विनियमन) अधिनियम, 1986 का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करना आवश्यक है। लेकिन सुखबीर बादल ने निर्देशों की अवहेलना की। हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि सुखबीर बादल ने एक बच्चे से शिरोमणि अकाली दल जिंदाबाद के नारे लगवाए । उन्होंने बच्चे को माइक दिया और उससे सभा को संबोधित करने को कहा। चीमा ने कहा कि सुखबीर बादल का यह काम निम्न स्तर का है। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण घटना है और चुनाव आयोग को एक उदाहरण स्थापित करने के लिए शिअद अध्यक्ष के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि पंजाब के ये पारंपरिक राजनीतिक दल और वंशवादी राजनेता आदतन नियम तोड़ने वाले हैं। अकाली-भाजपा सरकार के दौरान उन्होंने हर नियम-कानून की धज्जियां उड़ाईं और पंजाब में माफिया राज स्थापित किया। अब एक बार फिर सुखबीर बादल ने अपनी 'परिवार बचाओ यात्रा' में एक बच्चे को चुनाव प्रचार के लिए इस्तेमाल करके साबित कर दिया कि उन्हें चुनाव आयोग के दिशानिर्देशों या कानून की कोई परवाह नहीं है।उन्होंने कहा कि 16 मार्च 2024 को देश में आचार संहिता लागू कर दी गई। सभी राजनीतिक दलों और सरकारी कामकाज कैसे होंगे, इसे लेकर दिशा-निर्देश जारी किए गए।अपनी 'परिवार बचाओ यात्रा' के दौरान शिरोमणि अकाली दल प्रमुख सुखबीर सिंह बादल ने बच्चों से अकाली दल जिंदाबाद के नारे लगवाए और उनसे शिरोमणि अकाली दल के लिए वोट की अपील करने को कहा। सुखबीर सिंह बादल द्वारा अपने चुनाव प्रचार के लिए बच्चे का उपयोग करने का यह कृत्य ईसीआई द्वारा उनके पत्र संख्या में जारी निर्देशों का स्पष्ट उल्लंघन है। ईसीआई ने राजनीतिक दलों को चुनाव अभियानों में बच्चों के उपयोग पर रोक लगाई है।

देश का कानून भी यही कहता है कि 18 साल से कम उम्र के किसी भी बच्चे से चुनाव प्रचार नहीं कराया जा सकता। लेकिन शिअद और बादल ने दिशानिर्देशों और कानून का उल्लंघन किया क्योंकि वे कानून में विश्वास नहीं करते हैं। इसलिए शिरोमणि अकाली दल और सुखबीर सिंह बादल के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए।चीमा ने कहा कि सुखबीर बादल कोई 'पंजाब बचाओ यात्रा' नहीं निकाल रहे हैं, यह 'परिवार बचाओ यात्रा' है क्योंकि दस साल तक उन्होंने पंजाब को लूटा। उन्होंने रेत माफिया, परिवहन माफिया और ड्रग माफिया को बढ़ावा दिया।

स्व. सेठ विमल प्रसाद जैन की याद में जनता कालोनी स्थित वैश्व गौशाला मै चल रहे निशुल्क योग शिविर मे आज बतौर मुख्य प्रतिरोध वरिष्ठ सर्जन डा. आर. के. चौधरी पहुंचे

सुकरमपाल, पब्लिक एशिया

रोहतक » यह शिविर एलपीएम बोसाई के एम. डी. एवं प्रमुख समाजसेवी राजेश जैन ने अपने पिताजी की याद मे लगवाया है। आर. के. चौधरी ने उपस्थित साधको को संबोधित करते हुए कहा कि मनुष्य का पहला सुख स्वस्थ शरीर है अगर हमारा शरीर स्वस्थ नही होगा तो हम अपने जीवन मे लक्ष्य को प्राप्त नही कर सकते। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को भोग अवश्य करना चाहिए । योगगुरु सरदार हवा सिंह सैनी ने आपको को योग सिखलाते हुए कहा कि हृदय रोग से पीडित लोगों के लिए पर्मिंग प्राणायाम बहुत लाभकारी है इस प्रणायाम के करने से बंद पड़ी नस-नाडियो को ताकत मिलती है तथा रोगी की नसे खुल जाती है। हृदय रोग के मरीजो को इस प्रणापान को नियमित रूप से अभ्यास करना चाहिए उन्हें इसका पूरा फायदा मिलेगा। उन्होने साथ को को कपाल भाति, अनुलोम विलोम, भस्त्रिका, महंक कपोली, पवनमुक्त, चक्रासन और अणालाच का अभ्यास करवाया। सैनी ने कहा कि हर उम्र के व्यक्ति को प्रतिरिक्त योग जरूर करना चाहिए। मुख्य अतिथि का फूल मालाओ से स्वागत लिया गया। इस शिविर का समापन 10 अप्रैल को होगा इस शिविर मे योग शिक्षक ईश्वर अग्रवाल, रमेश जुनेजा, अमित नान्दल, मीडिया प्रभारी राजीव जैन, सन्नी निझावन, जोगेन्द्र सैनी, सहित काफी संख्या के साधक उपस्थित थे।

पब्लिक एशिया
नई दिल्ली, बुधवार, 10 अप्रैल, 2024

कश्मीरी पंडितों को कश्मीर में वापस लौटने और बसने के लिए किसी राजनीतिक दल की मदद की जरूरत नहीं है क्योंकि घाटी के लोग खुद पंडितों की वापसी को आतुर हैं और वैसे ही एक साथ रहना चाहते है जैसे पहले रहते थे।
-महबूबा मुफ्ती पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी)

मुख्य समाचार

दुष्कर्म का वांछित आरोपी गिरफ्तार किशोरी को किया सकुशल बरामद

पब्लिक एशिया ब्यूरो

सहारनपुर। थाना नानौता पुलिस ने दुष्कर्म के एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है और किशोरी को भी बरामद किया। मुकदमे में दुष्कर्म और

पॉक्सो एक्ट की धाराएं बढ़ाई गई। वादिया ने थाना नानौता में प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि उसकी नाबालिग पुत्री को सहारनपुर के थाना जनकपुरी क्षेत्र के गांव चकहरेटी निवासी व्यक्ति प्रिंस पुत्र प्रवीण बहला फुसलाकर साथ ले गया है। एसएसपी विपिन ताडा के आदेशों के अनुपालन में थानाध्यक्ष नानौता अमित नागर ने उक्त मामले में अभियोग पंजीकृत करते हुए तलाश शुरू की। थाना पुलिस द्वारा उपरोक्त आरोपी को नानौता के संजय चौक से गिरफ्तार किया गया और किशोरी को भी बरामद किया गया। वहीं पुलिस द्वारा की गई जांच और पूछताछ के उपरांत दर्ज मुकदमे में धारा 376(2) एवं 5/6 पोक्सो एक्ट की वृद्धि की गई। आरोपी अभियुक्त को पुलिस ने न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

सिद्धपीठ श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी मंदिर में शैलपुत्री देवी की पूजा को उमड़े श्रद्धालु

नितिन गर्ग, पब्लिक एशिया

देवबंद। चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन मंगलवार को सिद्धपीठ श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री देवी की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की गई। मंदिर सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष पंडित सतेंद्र शर्मा ने बताया कि पर्वतराज हिमालय के यहां पुत्री रूप में उत्पन्न होने के कारण इनका नाम शैलपुत्री पडा। पूर्व जन्म में ये प्रजापति दक्ष की कन्या थी तब इनका नाम सती था। उनका विवाह भगवान शंकर के साथ हुआ था। प्रजापति दक्ष के यज्ञ में सती ने अपने शरीर का भस्म कर अगले जन्म में शैलराज हिमालय की पुत्री के रूप में जन्म लिया। नव दुर्गा में प्रथम शैलपुत्री का महत्तव और शक्तियां अनन्त है। नवरात्र में प्रथम दिन इन्हीं की पूजा की जाती है। भक्तों के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा।

अवैध स्मैक सहित एक तस्कर गिरफ्तार

अरविंद गोयल, पब्लिक एशिया

बेहट। कोतवाली पुलिस ने एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया हैं। पकड़े गए तस्कर के पास से पुलिस ने 12 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की है।बेहट कोतवाली प्रभारी निरीक्षक योगेश शर्मा ने बताया कि उप निरीक्षक जितेंद्र सिंह, हैंड कांस्टेबल प्रदीप हुड्डा व कांस्टेबल प्रदीप कुमार के साथ मिलकर ग्राम पठानपुरा के पास बरसाती नदी किनारे चैकिंग कर रहे थे। चैकिंग के दौरान उन्होंने एक व्यक्ति को रोककर तलाशी ली तो उसके पास से लगभग 12 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। स्मैक के बरामद होने पर कड़ाई से पूछताछ की तो उसने अपना नाम अमजद पुत्र रिजवान निवासी ग्राम पठानपुरा थाना बेहट बताया। पुलिस ने पकड़े गए तस्कर का एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में चालान कर न्यायालय में पेश कर दिया है।

चेयरमैन प्रतिनिधि ने किया ईदगाह की साफ सफाई का निरीक्षण

तहरीर अब्बास पब्लिक एशिया

चिलकाना। सुल्तानपुर नगर पंचायत के निर्देश पर उनके पुत्र एवं प्रतिनिधि ने ईदगाह की साफ सफाई का निरीक्षण किया है। चैयरपर्सन ने सफाई कर्मियों को ईद उल फितर की नमाज़ से पूर्व ईदगाह की साफ सफाई के लिए विशेष दिशा निर्देश दिए है। मंगलवार को नगर पंचायत चेयरपर्सन फूलबानो अंसारी के निर्देशानुसार उनके प्रतिनिधि के रूप में चिलकाना व सुल्तानपुर नगर की ईदगाहो पर पहुंच उनके पुत्र दानिश अंसारी ने पंचायत कर्मियों की टीम के साथ साफ सफाई का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ही चेयरपर्सन फूलबानो अंसारी द्वारा फोन के माध्यम से सफाई नायक को ईद उल फितर के पर्व पर सम्पूर्ण नगर में विशेष सफाई व्यवस्था प्रदान किये जाने हेतु दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर जुबैर अंसारी, पंचायत ठेकेदार संजय रोहिला, पंचायत कर्मी प्रताप सैनी, सफाई नायक अमित कुमार आदि उपस्थित रहे।

बाईक चलाते हुए तबियत बिगड़ने से बुजुर्ग घायल

तहरीर अब्बास पब्लिक एशिया

चिलकाना। सहारनपुर रोड़ पर स्कूटी चालक बुजुर्ग की अचानक तबियत बिगड़ने पर अनियंत्रित होकर सड़क के बीचों बीच गिर पड़े। हादसे में वह गम्भीर रुप से घायल हो गए। मंगलवार को दोपहर के समय 74 वर्षीय बुजुर्ग व्यक्ति हंसराज पुत्र मामचंद निवासी जौहरी कालोनी चिलकाना अपनी एक्टिवा स्कूटी पर सवार होकर सहारनपुर से चिलकाना की ओर आ रहे थे। जैसे ही वह दमकडी तिराहा स्थित सत्संग भवन के निकट पहुंचे तभी अचानक स्कूटी चलाते समय ही उनकी तबियत बिगड़ गयी। तबियत बिगड़ने पर उन्होंने अपना नियंत्रण खो दिया और सड़क के बीचों बीच गिर पड़े। हादसे में वह गम्भीर रूप से घायल हो गए। गनीमत यह रही कि इस समय आगे या पीछे की ओर से कोई भारी वाहन नही गुजरा। अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। राहगीरो द्वारा घटना की जानकारी घायल के परिजनों को दी गयी। मौके पर पहुंचे परिजनों द्वारा आनन फानन में उन्हें सहारनपुर के एक अस्पताल में जाया गया। जहाँ पर उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। चिकित्सक ने तबियत बिगड़ने का कारण ब्लड प्रेशर हाई होना बताया है।

करनी सेना के विरोध में चौहान महासभा ने की पंचायत

भाजपा को समर्थन देने की घोषणा की

अरविंद गोयल, पब्लिक एशिया

बेहट। चौहान महासभा के अध्यक्ष डॉ सुरेन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि राजपूत समाज हमेशा से राष्ट्र के साथ रहा है। जो लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के साथ है और भाजपा के ही साथ रहेगा।

उक्त बात उन्होंने मंगलवार को जसमौर बस स्टैंड पर आयोजित चौहान महासभा की करनी सेना के विरोध में हुई पंचायत को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि नानौता में भाजपा विरोधी पंचायत कुछ स्वार्थी नेताओं की देन हैं। उन्होंने कहा कि राजपूत समाज हमेशा से राष्ट्र हित की सोचता है। नीरज चौहान ने कहा कि नानौता में हुई राजपूत

समाज की पंचायत दुसरे राजनीतिक दलों की सोची समझी साजिश थी। उन्होंने कहा कि आगामी चार जून को पता चल जाएगा कि राजपूत समाज किसके साथ रहा। उन्होंने कहा कि राजपूत समाज के लोग 19 अप्रैल को कमल का बटन दबाकर भाजपा को जिताने का काम करेंगें। संजय चौहान ने कहा कि राजपूत समाज हमेशा से भाजपा के साथ है ओर 19 अप्रैल को कमल का बटन दबाकर भाजपा प्रत्याशी को जिताने का काम करेगा। मा. नेमचंद चौहान ने कहा कि कुछ स्वार्थी लोग राजपूत समाज को बदनाम करने का काम कर रहे हैं जिसे चौहान महासभा बिल्कुल भी नही होने देगी।

संजय चौहान ने कहा कि राजपूत समाज राष्ट्र हित मे भाजपा के साथ है ओर भाजपा के साथ रहेगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से मा. चंद्रभान सिंह चौहान, सुरेश चौहान, रंगीलाल चौहान, राजपाल सिंह चौहान, मोनू कुमार प्रधान फतेहपुर कलां, रविन्द्र सिंह गहरवार, प्रेमसिंह चौहान, मुकेश चौहान सहित राजपूत समाज के सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

प्रत्याशियों एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदान प्रक्रिया देखने की अनुमति

अंकुर जैन, पब्लिक एशिया

सहारनपुर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान कार्यों में लगे समस्त मतदान कार्मिकों को डाक मतपत्र/ईडीसी के द्वारा मतदान करने की सुविधा प्रदान की गई है। इस कार्य हेतु द्वितीय प्रशिक्षण 07 अप्रैल 2024 से 12 अप्रैल 2024 तक पाइनवुड पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड पर विधानसभावार सुविधा केन्द्र बनाए गये है।

अपर जिला मजिस्ट्रेट वित्त एवं राजस्व तथा नोडल अधिकारी डाक मतपत्र श्री रजनीश कुमार मिश्र ने बताया कि सभी राजनीतिक दलों को सुविधा केन्द्रों के बारे में जानकारी दे दी गयी है। समस्त प्रत्याशियों एवं मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को मतदान की प्रक्रिया देखने के लिए बैठने की व्यवस्था की गयी है।

किसी भी व्यक्ति को मतदान प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने की अनुमति नहीं दी जाएगी और किसी भी हस्तक्षेप के मामले में सुविधा केन्द्र का प्रभारी ऐसे व्यक्ति को तुरंत परिसर छोडने का आदेश दे सकता है।

नवरात्र के पहले दिन माता के जयकारों से गूंजी शिवालिक पहाड़ियां

मां शाकंभरी के दर्शनों को उमड़ा सैलाब

पब्लिक एशिया ब्यूरो

बेहट। 51 सिद्धपीठों में से एक मां श्री शाकंभरी देवी के दर्शनों को चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन श्रद्धा एवं आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। उत्तर प्रदेश सहित उत्तराखंड हरियाणा से आए लाखों श्रद्धालुओं ने माता के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना कर प्रसाद चढ़ाया ओर मन्नतें मांगी। माता के दर्शनों को ए श्रद्धालुओं की भीड़ ने मान्यताओं के अनुसार सबसे पहले बाबा भूरादेव की पूजा अर्चना कर प्रसाद चढ़ाया उसके बाद श्रद्धालुओं की भीड़ सिद्ध पीठ मां शाकंभरी के मंदिर पर पहुंची और घंटों लाइनों में चलकर मां भगवती के चरणों में शीश नवाकर प्रसाद चढ़ाया और मन्नतें मांगी।

मां शाकुंभरी देवी मंदिर के व्यवस्थापक अतुल्य प्रताप सिंह राणा परिवार की ओर से श्रद्धालुओं के लिए की गई तमाम व्यवस्थाएं चाक-चौबंद नजर आई। मंदिर व्यवस्थापक अतुल्य प्रताप सिंह राणा ने कहा कि श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी। पुलिस की ओर सुरक्षा की दृष्टि से की गई व्यवस्थाएं मेले के पहले दिन बोनी साबित रही जिसके चलते श्रद्धालुओं को परेशानियों का सामना करना पड़ा। नवरात्रि के दूसरे दिन बुधवार को भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ पहुंचने की संभावना बनी है।

थाना जनकपुरी पुलिस द्वारा दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया

जितेंद्र मेहरा, पब्लिक एशिया

सहारनपुर। थाना जनकपुरी पुलिस द्वारा दो शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से एक तमंचा, एक जिंदा कारतूस 315 बोर, एक बिना कागजात की बाइक बरामद की।

एसएसपी सहारनपुर के निर्देशन में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत जनपद में अपराध नियंत्रण,अवैध शस्त्रो के कारोबार की रोकथाम व इसमें संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर द्वितीय के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक अमरपाल शर्मा के कुशल नेतृत्व मे मुखबिर की सूचना पर थाना जनकपुरी पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान दो शातिर अभियुक्त शिवाजी उर्फ शिवा पुत्र राजकुमार निवासी सरगथल हमीद थाना जनकपुरी जनपद सहारनपुर व रोमित पुत्र बालमुकन्द निवासी सरगथल हमीद थाना जनकपुरी जनपद सहारनपुर को ग्राम छज्जपुरा मार्ग के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त शिवाजी उर्फ शिवा उपरोक्त के कब्जे से एक तमंचा, एक जिंदा कारतूस 315 बोर नाजायज व अभियुक्त रोमित उपरोक्त

के कब्जे से 01 चाकू नाजायज व एक बिना कागजात की मोटरसाइकिल बरामद की गई। बरामद मोटर साईकिल के कागजात न होने पर मोटरसाईकिल को मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 207 में सीज किया गया। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध थाना जनकपुरी पर मु0अ0सं0 72/24 धारा 3/4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। अभियुक्तों के विरुद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष समय से पेश किया जा रहा है। दोनो शातिर अभियुक्तो को गिरफ्तार करने वाली पलिस टीम मे उप निरीक्षक विक्रान्त सिहं भडाना, हैड कांस्टेबल विशाल कुमार, कांस्टेबल गगन शामिल रहें।

पहली बार ईदगाह मैदान में होगी, दो बार ईद उल फितर की नमाज़।

मुरादाबाद। पहली बार ईदगाह मैदान में होगी दो बार ईद उल फितर की नमाज़,पहली नमाज़ सुबह 8 बजे अदा की जाएगी,दूसरी नमाज़ सुबह 9 बजे अदा की जायेगी,पहली नमाज़ नायब शहर इमाम मुफ्ती सय्यद फहद अली पढ़ाएंगे,दूसरी नमाज़ शहर इमाम सय्यद मसूम अली आज़ाद पढ़ाएंगे,ईदगाह और उसके आसपास सड़को पर साल में दो बार ईद उल फितर और ईद उल अजहा के मौके पर होती थी ईद की नमाज़,सरकार द्वारा सार्वजानिक मार्ग पर किसी भी प्रकार के धार्मिक कार्यक्रम करने पर रोक लगने का हवाला देकर नायब शहर इमाम ने किया दो बार नमाज़ पढ़ाने का ऐलान।

पिता की हत्या की साजिश, बाप बेटे की रंजिश में नौकर की गई जान

पुलिस ने किया हत्या की घटना का खुलासा

जितेंद्र मेहरा, पब्लिक एशिया

सहारनपुर। पूरा मामला सहारनपुर के थाना रामपुर क्षेत्र के ग्राम पिलखनी का है। जहां बीती 31-3-2024 को वादिया शैलो प ी स्वर्गीय कलम सिंह निवासी पिलखनी ने थाना रामपुर मनिहारान में लिखित तहीरीर दी थी। जिसमें वादिया के पति कलम सिंह की अभियुक्त आर्यन द्वारा गोली मारकर हत्या करने का मुकदमा पंजीकृत कराया गया था।

पुलिस ने उपरोक्त मामले में छानबीन शुरू की तो पुलिस को पता चला कि मृतक कलम सिंह, निगम नाम के एक व्यक्ति के पास काम करता था। जो पहले ही अपनी प ी की हत्या के जुर्म में आजीवन कारावास की सजा भुगत कर अक्टूबर 2022 में बाहर आया था। निगम ने अपनी आधी जमीन 50 बीघा पर कब्जा कर लिया था। जिसमें चार बीघा जमीन बेच दी थी। निगम अपने पुत्र को लगातार उसकी मां की तरह हत्या करने की धमकी देता था।

आर्यन के साथ लगातार बहस व झगड़ा होने के बाद निगम के पुत्र आर्यन को लगा कि उसका पिता उसकी मां की तरह उसे भी मार देगा तभी उसने अपने पिता निगम की हत्या के लिए साजिश

रचीं। जिसमें उसने अपने कुछ मित्रों अंशुल ,अरुण, व एक अन्य अभियुक्त के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची। जिसके बाद बीती 31- 3- 2024 को आर्यन व उसके साथियों ने निगम के खेत पर ट्यूबवेल पर जाकर बने एक कमरे में उन पर गोलियां बरसा दी। जिसमें निगम को हाथ में गोली लगी लेकिन निगम के पास काम करने वाला नौकर कलम सिंह मौके पर ही गोली लगने से मर गया। इस पूरे हत्याकांड में निगम के हत्यारे बेटे आर्यन ने अपने दोस्तों को 5 लाख रुपए में सौदा किया था। जिसमें से 50 हजार रुपए एडवांस दिए गए थे। इन 50,000 में से 40,000 नकद व 10,000 फोनपे द्वारा ट्रांसफर किए गए थे। जिसके आधार पर पुलिस ने पूरी छानबीन शुरू की और तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्त के पास से दो आला ए कत्ल देसी 315 बोर तमंचे, चार जिंदा कारतूस, तीन मोबाइल फोन और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद कर ली है। पकड़े गए सभी अभियुक्तगण को जेल भेजा जा रहा है। फरार चल रहे एक अभियुक्त की तलाश जारी है। पूरी घटना का सहारनपुर एसपी सिटी अभिमन्यु मांगलिक ने प्रेस वार्ता कर खुलासा किया है।

सामान्य प्रेक्षक ने निर्वाचन संबंधी तैयारियों की गहनता से ली जानकारी

संकेत एस भोंडवे ने अधिकारियों को बताई निर्वाचन संबंधी बारीकियां

निर्वाचन प्रक्रिया में छोटे से छोटा कार्य भी महत्वपूर्ण - सामान्य प्रेक्षक

मतदान केन्द्रों पर निर्वाचन नियमावली के अनुसार हो समस्त सुविधाएं

अंकुर जैन, पब्लिक एशिया

सहारनपुर। सामान्य प्रेक्षक श्री संकेत एस भोंडवे आईएएस एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल, निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु समस्त प्रभारी एवं सह प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक आहूत की गई।

बैठक में सभी प्रभारी एवं सह प्रभारी अधिकारियों को इलेक्टोरल रोल, रेंडमाइजेशन, पोस्टल बैलेट, ईवीएम स्ट्रॉन्ग रूम, ईवीएम अरेंजमेंट्स, बैलेट पेपर फॉर ईवीएम, पोलिंग स्टेशन, आदर्श आचार संहिता, व्यय मॉनिटरिंग, पोल डे मॉनिटरिंग आदि बिंदुओं पर चर्चा की गई।

श्री संकेत एस भोंडवे ने निर्देश दिए कि सभी राजनीतिक दलों को व्हाट्सएप ग्रुप बनाते हुए एआरओ के मोबाइल नम्बर उपलब्ध करा दिए जाएं। निर्वाचन संबंधी समस्त गतिविधियों की जानकारी निर्वाचन आयोग के निर्धारित मापदण्ड के अनुसार निरंतर शेयर की जाएं। उन्होने निर्देश

दिए कि 15 अप्रैल तक निर्वाचन संबंधी समस्त तैयारियां पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाए। प्रोटोकाल के अनुसार आवश्यक स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगवा दिए जाएं। ईवीएम के स्थानान्तरण संबंधी वाहनों पर जीपीएस लगवाना शत-प्रतिशत सुनिश्चित किया जाए। पोलिंग स्टेशनों पर निर्धारित सभी सुविधाएं उपलब्ध हों ताकि किसी मतदाता को किसी प्रकार की समस्या न हो। पुलिस बल की तैनाती समय से की जाए। मतदान के तहत लगे कार्मिकों का प्रशिक्षण पूर्ण हो यह सुनिश्चित किया जाए। प्राप्त होने वाली शिकातयों को समय से निस्तारित किया जाए। सी-विजिल का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किया जाए। मतदान के दिन किए जाने वाले कार्यों की सूची लें ताकि किसी भी समस्या का समाधान त्वरित एवं नियमों के अनुसार किया जा सके। प्रभारी अधिकारी सौंपे गये उत्तरदायित्वों को जिम्मेदारी से निभाएं।इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर विपिन ताड़ा, मुख्य विकास अधिकारी श्री सुमित राजेश महाजन, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉक्टर अर्चना द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्री रजनीश कुमार मिश्र, सिटी मजिस्ट्रेट गजेंद्र कुमार, एमसीएमसी सहप्रभारी श्री दिलीप कुमार गुप्ता, जिलाध्यक्ष सपा चौ0 अब्दुल वाहिद, अब्दुल गफूर, जिलाध्यक्ष अपना दल श्री राजकुमार पंवार, जिलाध्यक्ष आप श्री विशाल गौतम, निर्दलीय प्रत्याशी शबनम कुरैशी, भाजपा से श्री विरेन्द्र पुण्डीर, श्री योग चुघ सहित राजनैतिक दलों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

भाकियू कार्यकर्ताओं ने की अवैध खनन और शराब की बिक्री पर रोक की मांग

पब्लिक एशिया संवाद सूत्र

नकुड़। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र मे हो रहे खनन व अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाए जाने की पुलिस से मांग की है। मंगलवार को मुरादाबाद मंडल प्रभारी चौधरी अशोक कुमार के नेतृत्व में भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र गौतम से मिले। चौधरी अशोक कुमार ने स्पष्ट करते हुए कहा कि संगठन का कोई भी कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव के चलते 107/16 की जमानत नहीं कराएगा। डा0 इदरीश अहमद व कमलेश चौधरी ने क्षेत्र में शांति व्यवस्था दुरुस्त रखने व आपसी संवाद कराए जाने व गांव देहात तथा कस्बों में होने वाली मारपीट की छुटपुट घटनाओं का समाधान आपसी बातचीत के ज़रिए करने की मांग की।

किसान नेताओं ने कहा कि शराब तस्कर हरियाणा राज्य से लाकर तस्करी करते हैं, साथ ही खनन माफियाओं द्वारा यमुना नदी के किनारे खनन कर तहसील प्रशासन को राजस्व नुकसान पहुंचाया जा रहा है। जिसपर अंकुश लगना चाहिए। इस दौरान सुरेंद्र चौधरी, चौधरी में मेवाराम, संजय चौधरी, चौधरी शेखर सिंह, प्रदीप ठाकुर, चौधरी नाथीराम, वीर सिंह, सरदार गुरनाम सिंह, समीर कस्सार, रविंद्र चौधरी, प्रवीण, बलिंदर, हरवीर सिंह, गुरमीत सरदार, प्रदीप शर्मा, विजेंद्र सिंह, कंवरपाल आदि मौजूद रहे।

मुख्य समाचार

प्रीति जिंटा ने चंडीगढ़ स्पाइनल रिहैब का किया दौरा, रीढ़ की हड्डी में चोट से पीड़ित लोगों से की बातचीत

पब्लिक एशिया ब्यूरो

चंडीगढ़ » अभिनेत्री और पंजाब किंग्स की मालकिन प्रीति जिंटा ने आज सेक्टर 28 स्थित चंडीगढ़ स्पाइनल रिहैब का दौरा किया, जिससे रिहैब सेंटर के रीढ़ की हड्डी में चोट से पीड़ित लोगों के चेहरे पर मुस्कान आ गई।प्रीति का स्वागत रिहैब सेंटर के लोगों ने गुलदस्ता भेंट कर किया। उन्होंने सेंटर में रीढ़ की हड्डी की चोटों से पीड़ित रोगियों से बातचीत की और सेंटर द्वारा दी जा रही पुनर्वास सुविधाओं को देखने के लिए सेंटर का दौरा भी किया। इस अवसर पर प्रीति जिंटा को चंडीगढ़ स्पाइनल रिहैब की गतिविधियों के बारे में जानकारी देने के लिए एक ऑडियो विजुअल प्रेजेंटेशन भी दिखाई गई। चंडीगढ़ स्पाइनल रिहैब की फाउंडर और सीईओ निकी पी कौर ने इस अवसर पर बोलते हुए कहा, चंडीगढ़ स्पाइनल रिहैब में प्रीति का स्वागत करना सभी के लिए एक बड़ा क्षण था। उन्होंने सेंटर का दौरा करने और यहां के चोटिल पीड़ित निवासियों का मनोबल बढ़ाने के लिए समय निकालने के लिए अभिनेत्री का धन्यवाद दिया। चोटिल पीड़ित निवासियों ने प्रीति के साथ फोटो खिंचवाए और उनका ऑटोग्राफ लिया।इस अवसर पर बोलते हुए प्रीति जिंटा ने कहा कि यह उनके लिए एक भावनात्मक क्षण था और वह सेंटर में मौजूद सभी लोगों के लिए स्वस्थ जीवन की कामना करती हैं। उन्होंने आगे कहा कि यह भगवान की कृपा है कि उन्हें सेंटर में आने और रीढ़ की हड्डी की चोटों से पीड़ित लोगों के जीवन के बारे में जानने का मौका मिला।इस अवसर पर एक निवासियों ने एक गीत भी गाया। इस अवसर पर पंजाब किंग्स के सीईओ सतीश मेनन और सीएफओ एल सी गुप्ता भी मौजूद थे।

नेचर हाइट्स इंफ्रा घोटाले का आरोपी उत्तराखंड से गिरफ्तार

एजेंसी

चंडीगढ़ » पंजाब में फाजिल्का पुलिस को फरीदकोट पुलिस के साथ एक संयुक्त अभियान में करोड़ों रुपये के नेचर हाइट्स इंफ्रा घोटाले का भंडाफोड़ किया है और आरोपी नीरज थथाई उर्फ नीरज अरोड़ा को गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने मंगलवार को बताया कि नीरज थथाई उर्फ नीरज अरोड़ा को उत्तराखंड के पौढ़ी से गिरफ्तार किया गया है। वह पिछले 8-9 वर्षों से फरार था और घोषित अपराधी था। आरोपी पर पैसे या भूकंप का वादा करके लोगों से धोखाधड़ी करने के आरोप में 21 जिलों में 108 प्राथमिकी में नाम दर्ज हैं।श्री यादव ने बताया कि पुलिस ने नीरज से एक लग्जरी बीएमडब्ल्यू कार, मोबाइल फोन और फर्जी दस्तावेज बरामद किये गये हैं।

हथियारों के प्रदर्शन, हथियारों को बढ़ावा देने वाले गीत सोशल मीडिया पर अपलोड करने पर पूर्ण प्रतिबंध

एजेंसी

जालंधर » पंजाब में जालंधर के संयुक्त पुलिस आयुक्त संदीप शर्मा ने पुलिस कमिश्नरेट जालंधर के क्षेत्र में सार्वजनिक स्थानों , धार्मिक स्थानों, विवाह-शादियों के समय मैरिज पैलेस/होटल/हाल आदि पर हथियार ले जाने और हथियारों का प्रदर्शन पर प्रतिबंध लगाया दिया है। श्री संदीप ने जारी आदेश में कहा कि कोई भी व्यक्ति जो सोशल मीडिया, फेसबुक, व्हाट्सएप आदि पर तस्वीरें या वीडियो क्लिप बनाकर हथियारों और हिंसा/झगड़े और हथियारों का गुणगान करने वाले गीतों का प्रचार या उन्हें अपलोड नहीं करेगा। आदेश में यह भी कहा गया है कि कोई भी व्यक्ति किसी भी समुदाय के खिलाफ नफरत भरा भाषण नहीं देगा।

सबसे पहले मंगल पांडे ने फूंका था ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ विद्रोह का बिगुल, जगाई थी आजादी की आस : राजवीर शर्मा

सचिन सिधवानी, पब्लिक एशिया

पानीपत » भारतीय इतिहास में मंगल पांडेय का नाम स्वर्ण अक्षरों में दर्ज है। वह पहले वीर सेनानी थे, जिन्होंने ब्रिटिश हुकूमत के अत्याचारों के खिलाफ आवाज उठाई। उनके क्रांतिकारी विचारों और गतिविधियों से अंग्रेज इतना डर गए कि तय तारीख से पहले ही उन्हें फांसी दे दी गयी थी। हर साल 8 अप्रैल को स्वतंत्रता संग्राम के महान योद्धा मंगल पांडेय की पुण्यतिथि मनाई जाती है। अंग्रेजों के खिलाफ पहली चिंगारी लगाने वाले देशभक्त मंगल पांडे को पश्चिम बंगाल के बैरकपुर 8 अप्रैल 1857 को फांसी दी गई थी। इसी कड़ी में सोमवार को पूर्व सैनिक कल्याण संगठन हरियाणा जिला पानीपत के अध्यक्ष राजवीर शर्मा तथा भूतपूर्व सैनिकों ने मिलकर विकास नगर एनएफएल स्थित आदर्श विद्यानिकेतन पब्लिक स्कूल में महान क्रांतिकारी व अंग्रेजी हुकूमत की नींव को हिला देने वाले ब्रिटिश आर्मी के बलिदानी सिपाही मंगल पांडे के 167 वें बलिदान दिवस पर पूर्व सैनिकों, स्कूल के अध्यापक गण, अध्यापिकाओं तथा बच्चों ने मिलकर बलिदानी सिपाही मंगल पांडे को श्रद्धांजलि दी।

इस मौके पर पूर्व सैनिक कल्याण संगठन के अध्यक्ष राजवीर शर्मा ने जानकारी देते हुए कहा कि महान क्रांतिकारी सिपाही मंगल पांडे का जन्म 19 जुलाई 1827 को उत्तर प्रदेश के जिला गाजीपुर के गांव नगवा में एक वीर नारी अभय रानी की कोख से पंडित दिवाकर पांडे के घर पर जन्म हुआ था। उन्होंने बताया कि धन्य है वो मां जिसने ऐसे वीर योद्धा सैनिक को अपनी कोख से जन्म दिया। हम उस मां के चरणों में बार-बार नमन करते है। उन्होंने बताया कि हुगली नदी के किनारे बैरकपुर नगर में अंग्रेजी आर्मी की छावनी थी और मंगल पांडे आर्मी में भर्ती होना चाहते थे। मंगल पांडे बहुत शांत और गंभीर मृदु भाषी थे। पांडे शरीर से बहुत ही हष्ट पुष्ट और लंबे तगड़े जवान थे।

शर्मा ने बताया कि पांडे को 22 वर्ष की उम्र में 1849 को ईस्ट इंडिया कंपनी की आर्मी में बतौर सिपाही भर्ती किया गया। मंगल पांडे की कलकत्ता के पास बैरकपुर की छावनी में 34वीं बंगाल इन्फेंट्री में तैनाती की गई। मंगल पांडे बहादुर साहस गंभीरता के लिए प्रसिद्ध थे। 29 मार्च 1857 रविवार का दिन था बैरकपुर आर्मी के क्षेत्र में यह खबर फैल गई कि भारत में यूरोपियन आर्मी का जमावड़ा हो गया है। कैंटोनमेंट एरिया पूरी तरह से अंग्रेजों की आर्मी से भर गया है और अफवाह फैल गई की भारतीय सैनिकों को दंडित कर आर्मी से बाहर कर दिया जाएगा। जैसे ही सिपाही मंगल पांडे बेल्ट नंबर 1446 को समाचार मिला कि अंग्रेज आ गए है सिपाहियों की जात-पात खत्म होने वाली है। वह अपनी बंदूक लेकर बैरक से बाहर निकले और क्वार्टर गार्ड के सामने अपनी स्थिति संभाल ली।

संगठन के अध्यक्ष राजवीर शर्मा ने जानकारी देते हुए कहा कि मंगल पांडे ने अंग्रेजी सत्ता को ललकारते हुए कहा कि हम कोलू के बेल नहीं है जब चाहे जो चाहे हमें जिस तरह जोत ले और ना ही हम काबुल के कबूतर हैं जो हमें जैसा चाहे सब्जी बनाकर अपना पेट भर ले हम भारतीय वीर हैं अंग्रेज हमारे भारतीय स्वाधीनता को छीनकर हमारा धर्म नष्ट करने पर तुले हुए हैं। उस समय पांडे ने कहा कि भारत के वीर साथियों अंग्रेज आप पर हावी है। हमें चर्बी के कारतूस देकर हमारा धर्म भ्रष्ट करना चाहते हैं ताकि हमारा आसानी से धर्म परिवर्तन किया जा सके। और इसी कारण मंगल पांडे का रूद्र रूप देखकर 34 सी रेजीमेंट के अफसर को सूचना दे दी गई। मंगल पांडे का रूद्र रूप देखकर अफसर के पसीने छूट गए।

मंगल पांडे ने अंग्रेजी हुकूमत के दो अफसर को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया और सत्ता संग्राम की घोषणा कर दी तथा मंगल पांडे ने कहा जिओ भी शान से और मरो भी शान से अरे देश के निर्लज तुम्हें शर्म आनी चाहिए मुट्ठी भर अंग्रेज तुम पर हुकूमत कर रहे हैं। मेरा साथ दो बंदूक उठा लो मेरा साथ दो गुलामी में जीने की अपेक्षा हंसते-हंसते बलिदान होना अच्छा है। राष्ट्र सर्वोपरि है इस क्रांतिकारी सिपाही मंगल पांडे को आर्मी में विद्रोह फैलाने व अंग्रेजी आर्मी के दो अफसर को मौत के घाट उतारने वाले इस बहादुर सैनिक को गिरफ्तार कर दिया गया।

शर्मा ने बताया कि 5 अप्रैल 1857 को 34वीं मेष हाउस में उन पर विशेष अदालत ने मुकदमा चलाया जो तीन दिन तक चला और तीन दिन के अंदर ही फैसला सुना दिया गया और सिपाही मंगल पांडे नंबर 1446 को दोषी मानते हुए फांसी की सजा सुनाई। उनका कोर्ट मार्शल कर 18 अप्रैल 1857 को उनको फांसी की सजा सुनाई गई। लेकिन अंग्रेजों को डर था कि मंगल पांडे का साथ देने के लिए अन्य सैनिक भी बगावत पर उतर सकते हैं। इसलिए उन्होंने निर्धारित समय से पहले ही उनको फांसी देने की योजना बनाई। जब मंगल पांडे को फांसी पर लटकाने के लिए लाया जा रहा था तो उनके चेहरे पर देशभक्ति की भावना चमक रही थी और वह बिना किसी संकोच के फांसी के फंदे पर झूल गए और देश के अंदर देशभक्ति की भावना जागृत कर गए। शर्मा ने कहा कि इसलिए हमारा भी फर्ज बनता है और आम नागरिक का भी फर्ज बनता है की बलिदानियों के बलिदान दिवस पर पर बढ़ चढ़कर हिस्सा ले और उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दें। इस मौके पर स्कूल की प्रिंसिपल सरिता, स्कूल संचालक राजेंद्र सिंह, पूर्व सैनिक कल्याण संगठन के सचिव सूबेदार महेंद्र सिंह, मुख्य खजांची हरिओम, सूबेदार सुल्तान सिंह, कैप्टन जय भगवान, नायक सूबेदार भगवान व अन्य पूर्व सैनिक व स्कूली बच्चे मौजूद रहे।

मतदाताओं के लिए कारगर साबित हो रहा 1950 हेल्पलाइन नंबर

वोटर हेल्पलाइन पर करें कॉल समस्याओं का होगा समाधान

पब्लिक एशिया ब्यूरो

नूंह» लोकसभा आम चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें, वोट बनवाने संबंधित किसी प्रकार की कोई समस्या न हो पाए, इसके लिए वोटर हेल्पलाइन नंबर 1950 शुरू किया गया है, जिसका आमजन पूरा लाभ उठा रहे हैं।जिला मुख्यालय पर वोट संबंधित समस्याओं का त्वरित समाधान इस हेल्पलाइन के जरिए किया जा रहा है। अब तक वोटर हेल्पलाइन 1950 पर 156 कॉल पंजीकृत की गई है, जिनका मौके पर ही समाधान किया गया है। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि अधिकांश शिकायतें वोट बनवाने संबंधी रही हैं, जिन्हें वोट बनवाने संबंधी जानकारी देते हुए मतदान के प्रति जागरूक भी किया गया है।उपायुक्त ने बताया कि इस हेल्पलाइन के जरिए कोई भी व्यक्ति मतदाता सूची में नाम सम्मिलित कराने, नाम हटाने या जुड़वाने, किसी भी प्रकार के संशोधन कराने, मतदाता फोटो पहचान पत्र और निर्वाचन से संबंधित जानकारी के लिए इस हेल्पलाइन नंबर पर काल कर सकते हैं। सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा।उपायुक्त ने बताया कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग के निर्देशानुसार स्वीप टीमें लगातार वोटरों को जागरूक कर रही है। मतदाताओं को प्रेरित करने और चुनाव आयोग के माध्यम से संचालित किए जा रहे विभिन्न एप की जानकारी भी आमजन को प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि किसी भी समय 24 घंटे इस नंबर पर कॉल करके समस्याओं के बारे में जानकारी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि एक अप्रैल 2024 को जिस व्यक्ति की आयु 18 वर्ष हो चुकी है, ऐसे युवा आगामी 26 अप्रैल तक आनलाइन या ऑफलाइन माध्यम से अपना वोट बनवाकर मतदाता सूची में अपना नाम शामिल करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि वोट के लिए पात्र व्यक्ति निर्वाचन आयोग की वेबसाइट एनवीएसपी डॉट इन तथा वोटरर्स डाट ईसीआई डाट जीओवी डाट इन,वोटर हेल्पलाइन एप, सीएससी सेंटर और बीएलओ के माध्यम से वोट बनवा सकते हैं।

मतदाता जागरूकता की अलख जगा रहे स्वीप कार्यक्रम

पब्लिक एशिया ब्यूरो

नूंह» मतदान करने जाएंगे, लोकतंत्र पर्व मनाएंगे। हर बूथ, बनेगा मजबूत, वोट से नहीं करें इंकार जैसे नारों के साथ नूंह जिला में स्वीप अभियान पूरे जोश के साथ मनाया जा रहा है। मंगलवार को सालाहेड़ी स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय में विद्यार्थियों को मतदान की शपथ दिलाई गई कि वे लोकतंत्र में पूर्ण आस्था रखते हुए लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा के तहत स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव में भाग लेंगे तथा अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करेंगे।उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धीरेंद्र खड़गटा के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे इस अभियान के तहत सालाखेड़ी स्थित राजकीय महाविद्यालय में स्वीप गतिविधियां आयोजित की गई। यहां विद्यार्थियों को मतदाता जागरुकता का संदेश देते हुए पोस्टर मेकिंग व ड्राइंग कंपीटिशन करवाया गया। इन पोस्टरों में कहा गया कि एक-एक वोट की कीमती है, लोकतंत्र की जरूरत है, वोट देकर चुनें सरकार, ये है आपका अधिकार, मतदान करना शान से, सोच-समझ कर ध्यान से, वोट इज वॉयस ऑफ इंडिया...। विद्यालयों में सुबह की सभाओं में भी छात्र-छात्राओं को 18 साल की आयु होने पर अपना वोट बनवाने और वोट देने के बारे में विस्तार से बताया जाता है।

मंगलवार को चैत्र नवरात्रि के साथ शुरू हुआ हिंदू नववर्ष, विश्व हिन्दू परिषद द्वारा शहर में निकली गई बाइक शोभायात्रा

सनातन हिंदू नव वर्ष 2024 का हुआ आगाज- शहर भर में लोग एक दूसरे को दे रहें शुभकामनाएं

सचिन सिधवानी, पब्लिक एशिया

पानीपत » चैत्र शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से हिंदू नववर्ष की शुरुआत होती है। इस बार हिंदू नववर्ष मंगलवार यानी 09 अप्रैल से शुरू हो चुका है। इसके पीछे की मान्यता है कि इसी तिथि पर ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी। इसी दिन से विक्रम संवत के नए साल की शुरुआत होती है। धरती के अपनी धुरी पर घूमने और धरती के सूर्य का एक चक्कर लगाने के बाद जब दूसरा चक्र प्रारंभ होता है इसलिए इस दिन को हिंदू नववर्ष के रूप में भी मनाया जाता है। ज्योतिषियों की मानें तो हिंदू नववर्ष बेहद महत्वपूर्ण होता है। इस दिन गुड़ी पड़वा, उगादी और चैत्र नवरात्रि का त्योहार मनाया जाता है। इसी कड़ी में मंगलवार को सनातन नव वर्ष का उद्घोष हिंदू परिषद के तत्वधान में सनौली रोड स्थित बाबा काशिगिरी मंदिर में पूजा अर्चना उपरांत बहुत से हर्ष एवं हर्षोउल्लास के साथ एक विशाल बाइक शोभायात्रा से हुआ। शोभायात्रा में लगभग 300 हिंदू युवाओं के साथ मात्र शक्ति, कार सेवको एवं बुजुर्गों ने भाग लिया। यात्रा में भगवान राम दरबार की बहुत ही सुंदर झांकी विशेष आकर्षण का बिंदु रही। आचार्य कमल शास्त्री एवं उनकी टीम द्वारा सुंदर संकीर्तन भजन का गुणगान ने शोभायात्रा में चार चांद लगा दिए।

शोभा यात्रा के दौरान शहर की विभिन जगहों पर इस शोभायात्रा का पुष्पों, मालाओं एवं पगड़ी पहना कर भव्य स्वागत किया गया। वही इस शोभा यात्रा मे मुख्य अतिथि के तौर पर शहर के प्रमुख उद्योगपति विभु पालीवाल रहे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता राम नारायण रावल ने की। कार्यकर्म के संयोजक डॉ. हेमा रमन और रविंद्र सैनी, विश्व हिंदू परिषद से सह प्रान्त मन्त्री डॉ अनीता मान, ज़िला अध्यक्ष राजीव भाटिया, ज़िला मन्त्री पुनीत बत्रा रहे। विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, दुर्गा वाहिनी और मातृशक्ति की बहनें के द्वारा इस शोभायात्रा में युवाओं का जोश देख साफ पता लगा की राष्ट्र में युवा अब जाग गया है और देश धर्म की सेवा में सदैव अग्रणी है। शोभायात्रा का समापन समारोह मॉडल टाउन स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर में हुआ। समापन उपरांत सभी सदस्यों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया।

छात्राएं लक्ष्य निर्धारित कर दृढ़ निश्चित से कड़ी मेहनत कर प्राप्त करें सफलता : उपायुक्त अजय कुमार

सुकरमपाल, पब्लिक एशिया

रोहतक » उपायुक्त अजय कुमार ने छात्राओं का आह्वान किया कि वे जीवन में उच्च मुकाम हासिल करने के लिए लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर दृढ़ निश्चय से पढ़ाई के प्रति जुनून पैदा कर कड़ी मेहनत करें। विद्यार्थी पुस्तक पढ़ने की आदत विकसित करें तथा नोट्स इत्यादि की बाद में मदद ली जा सकती है। उन्होंने कहा कि स्वाध्यन के साथ-साथ अभ्यास पर पूरा ध्यान दें तथा नियमित अंतराल पर स्वयं का मूल्यांकन भी करते रहे। अजय कुमार स्थानीय राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि छात्राओं को संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व उन्होंने दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम का विधिवत रूप से शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा महाविद्यालय में पढ़ने वाली छात्राओं की सुविधा व सुरक्षा के दृष्टिगत शीघ्र ही फुटओवर ब्रिज की सुविधा प्रदान की जायेगी। चुनाव के उपरांत प्रशासन द्वारा महाविद्यालय में अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाने के बारे में भी आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने महाविद्यालय की लगभग 600 छात्राओं को शिक्षा, खेल तथा अन्य सहपाठ्क्रम गतिविधियों में उत्कृष्ठ प्रदर्शन के लिए नकद इनाम तथा प्रशस्ति पत्र भेंट सम्मानित किया। उपायुक्त अजय कुमार ने कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए यह अनिवार्य है कि सबसे पहले लक्ष्य निर्धारित किया जाये। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सही योजना बनाकर दृढ़ निश्चय के साथ निरंतर कठिन परिश्रम किया जाये। उन्होंने अपने जीवन के संघर्ष को सांझा करते हुए कहा कि उन्होंने अपने ग्रह राज्य हिमाचल से स्कूली शिक्षा ग्रहण करते हुए इंजीनियरिंग तथा एमबीए की पढ़ाई प्रतिष्ठित संस्थानों से पूरी की। उन्होंने आईपीएस बनने के बाद आईएएस की परीक्षा में सफलता हासिल की तथा जनसेवा के क्षेत्र को अपने जीवन का लक्ष्य बनाया।

हर पात्र छात्रा मतदाता सूची में 26 अप्रैल तक दर्ज करवाये अपना नाम

लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर मतदाता मतदान में अवश्य लें भाग नई वोट के लिए चार जरूरी दस्तावेज करें संलग्न अजय कुमार ने छात्राओं का आह्वान किया कि वे आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 के तहत आगामी 25 मई को होने वाले चुनाव में अपने मताधिकार का अवश्य प्रयोग करें। यदि कोई छात्रा 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी है तो अभी तक उसका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है तो वे 26 अप्रैल 2024 तक नई वोट बनवाने के लिए फार्म 6 भरकर आवेदन करें। इसके लिए वे अपना एक पासपोर्ट आकार का फोटो, जन्मतिथि एवं रिहायशी प्रमाण पत्र/आधार कार्ड, अपने परिवार के किसी सदस्य का पहचान पत्र संख्या इत्यादि भी संलग्न करें। हर पात्र व्यक्ति अपनी वोट बनवाकर हर चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करेगा तभी लोकतंत्र और सुदृढ़ होगा। जिला प्रशासन द्वारा भारत चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशानुसार हर मतदाता को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह के नेतृत्व में स्वीप अभियान चलाया जा रहा है।

छात्राओं से किया सीधा संवाद, प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए दिए महत्वपूर्ण टिप्स » अजय कुमार ने कहा कि छात्राओं से सीधा संवाद करते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने के महत्वपूर्ण टिप्स भी दिए। उन्होंने यूपीएससी की प्रारंभिक व मुख्य परीक्षा की तैयारी, विषयों का चयन, समाचार पत्रों का अध्ययन, सामान्य ज्ञान व समसामयिक विषयों, कैट, आईआईएम इत्यादि की तैयारी के बारे में भी छात्राओं का मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी नियमित अंतराल पर लिखने का अभ्यास करते रहे तथा हर बार अपनी गलतियों से सीखें। विद्यार्थी जुनून के साथ पुस्तके पढ़े तथा हर प्रयासों से सीखें। समय का सदुपयोग करें। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता के लिए फाउंडेशन भी महत्वपूर्ण है, जिससे विद्यार्थी मजबूत करें। विद्यार्थी नियमित रूप से जागरूक नागरिक की तरह समाचार पत्र पढ़े तथा समाचार पत्रों से कॉन्सेप्ट ड्रॉ करें। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी भाषा में निपुणता के लिए अच्छे नोवलों का अध्ययन करें। एनसीईआरटी की पुस्तकें भी नियमित रूप से पढ़े।

प्राचार्या ने प्रस्तुत किया उपलब्धियों का विस्तृत ब्यौरा : महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. दर्शना ने कार्यक्रम के मुख्यातिथि तथा विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए महाविद्यालय की उपलब्धियों का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान शैक्षणिक सत्र के दौरान महाविद्यालय में 6324 छात्राएं विभिन्न पाठ्यक्रमों में शिक्षा ग्रहण कर रही है। महाविद्यालय में 7 ऑनर्स कोर्स, स्नातकोत्तर कोर्स व पीजीडीसीए का डिप्लोमा भी उपलब्ध है। विभिन्न प्रकार की 1851 छात्रवृत्तियां दी जा रही है। सरस्वती हॉस्टल में 250 छात्राएं रहकर शिक्षा ग्रहण कर रही है। महाविद्यालय में सीसीटीवी कैमरे, एनसीसी की एक यूनिट तथा एनएसएस की 4 यूनिट कार्यरत है।

ईद से पहले सदक़ा-ए फितर अदा कर जरूरतमंदों को ईद की खुशियों में शामिल करें नासिर हुसैन अड़बर

जुबैर खान, पब्लिक एशिया

नूंह» रमजान के आखरी दिनों में सदका ए फितर का उद्देश्य रोज़ो की (कमियों)की माफ़ी और गरीब लोगों की मदद करना है ताकि गरीब वर्ग भी ईद की खुशीयों में शामिल हो सके एक माह के रोजे रखने के बाद इस्लाम धर्म का सब से बड़ा त्योहार ईद है।अब सवाल यह है कि मुस्लिम ईद का त्योहार एक साथ जमा हो कर और दो रकात नमाज पड कर क्यों मनाते हैं।इस हवाले से नासिर हुसैन अड़बर ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि रमजान का महीना इबादत की ट्रेनिंग का महीना है खुशी और सूरूर का महीना है उन्होंने कहा कि इस महीने में जन्नत के दरवाजे खौल दिए जाते हैं और जहन्नुम के दरवाजे बंद कर दिए जाते हैं शैतान कैद कर दिए जाते हैं जन्नत को रोजाना सजाया जाता है अल्लाह का अर्श पहले आसमान पर आ जाता है अल्लाह की तरफ से ऐलान हो रहा होता है कि है कोई बखशिश चाहने वाला है कोई अपनी जरूरतों को मांगने वाला।

फर्ज सत्तर फर्ज के बराबर हो जाता है और नफिल नमाज फर्ज के बराबर हो जाती है नासिर हुसैन अड़बर बताया कि फर्ज और नफ्ल का फर्क इतना बड़ा है की इसांन कयामत तक नफ्ल पडता रहे तो फर्ज नमाज के एक सज्दे के बराबर नहीं हो सकता और रमजान के महीने में जो इमान वाले मर जाते हैं उन का हिसाब नहीं होता कब्र में मुनकर नकीर फरिश्ते नहीं आते अल्लाह ताआला उन्हे अपने दरिया ए रहमत से माफ फरमा देते हैं इस तरह 29 रात तक यह सिलसिला चलता रहता है और आखरी रात अल्लाह ताआला ऐलान करता है मेरे बंदो ने पूरे रमजान की रात में तरावीह पडी और दिन में रोजा रखे मेने इस कार्य के बदले सब की बखशिश फरमा दी बस इस की खुशी में हम सब मिल कर अल्लाह की बारगाह में सब मिल कर दो रकात शुक्राने की दो रकत नफ्ल अदा करते हैं और अल्लाह का शुक्र अदा करते हैंहदीस में है सदक़ा-ए -फितर ईद की नमाज से पहले पहले अदा कर देना चाहिए सदक़ा-ए फितर की मिक़दार हदीस में 4 चीजों से बताई गई है अगर आप गैंहू से अदा कर रहे हैं तो गेहूं का वजन पौने दो 1.75 किलो

और जौ साढ़े तीन 3.5 किलो खजूर साढ़े तीन किलो 3.5 और किशमिश 3.5 किलो इन 4 चीजों से सदका-ए -फितर अदा होगा इन चीजों की कीमत भी चुका सकते हैं जो अपने शहर मे हो अपनी माली हैसियत के मुताबिक ऊपर दी गयी चीजों से मुसलमान सदका-ए -फितर अदा कर सकते हैं

पब्लिक एशिया
नई दिल्ली, बुधवार, 10 अप्रैल, 2024

साल 2024 का लोकसभा चुनाव स्थिरता बनाम अस्थिरता के बीच का चुनाव है। एक ओर भाजपा के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन है, जिसका ध्येय है कि देश के लिए कड़े फैसले लो, बड़े फैसले लो। वहीं, दूसरी ओर कांग्रेस और इंडी गठबंधन है, जिसका मंत्र है- जहां भी सत्ता पाओ, खूब मलाई खाओ। उन्होंने कहा, कड़वे करेले को घी में तलें या शक्कर में घोलें, वो फिर भी कड़वा का कड़वा ही रहता है। ये कहावत कांग्रेस पर सटीक लागू होती है। कांग्रेस कभी नहीं बदल सकती। **-प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी**

संक्षिप्त समाचार

मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने के लिए योगी यूथ ब्रिगेड ने किया हवन पूजन

आगरा, संवाददाता। लोकसभा चुनाव 2024 में तीसरी बार भी भाजपा की प्रचंड जीत हो और नरेंद्र मोदी एक बार फिर देश के प्रधानमंत्री बनकर भारत को विकसित राष्ट्र की तरफ ले जाएं, इसके लिए योगी यूथ ब्रिगेड ने आगरा के शमशाबाद ब्लॉक में हवन किया। योगी यूथ ब्रिगेड और धर्म रक्षा ट्रस्ट द्वारा मंगलवार को प्रदेश अध्यक्ष कुंवर अजय तोमर, ब्लॉक उपाध्यक्ष नरेंद्र चौहान एवं ब्लॉक संयोजक अभिषेक अग्रवाल के नेतृत्व में शमसाबाद ब्लॉक के ग्राम पंचायत मीरपुर घड़ी नवल में प्राचीन हनुमान मंदिर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की कामना एवं दीघार्यु के लिए हवन पूजन किया गया। महामृत्युंजय मंत्र, गायत्री मंत्र एवं अन्य धार्मिक मंत्रों के उच्चारण के साथ हवन में आहुतियां दी गईं। योगी यूथ ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष कुंवर अजय तोमर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में कश्मीर से अनुच्छेद 370 समाप्त हुआ, अयोध्या में प्रभु श्रीराम के मंदिर का भव्य निर्माण हुआ, सीएए लागू हुआ, सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक से दुश्मन के घर में घुसकर आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब देने का काम किया गया है। देश विश्व गुरु बन रहा है। अजय तोमर ने कहा कि अगले कार्यकाल में जनसंख्या नियंत्रण कानून, सामान नागरिक संहिता और एनआरसी लागू होगी। जिससे देश में बढ़ती जनसंख्या पर रोक लगेगी। करोड़ों घुसपैठिए भारत में रहकर आतंक फैला रहे हैं, उन्हें बाहर किया जाएगा और एक देश, एक कानून देश हित में लागू होगा। भारत हिंदू राष्ट्र बनेगा। आज देश सुरक्षित हाथों में है और आगे भी रहेगा। इस दौरान योगी यूथ ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष कुंवर अजय तोमर, ज्योति शर्मा, ममता शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष रवि चौहान, ब्लॉक उपाध्यक्ष लोकेंद्र चौहान, ब्लॉक उपाध्यक्ष नरेंद्र चौहान, ब्लॉक संयोजक अभिषेक अग्रवाल और अजय पाल सिंह आदि मौजूद रहे।

सविता, सेन समाज बीजेपी के साथः पवन सेन

युवा नेता पवन सेन ने केन्द्रीय राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल का किया स्वागत

आगरा, संवाददाता। लवानिया जी बगीची ताजगंज में सविता, सेन समाज के लोगों ने बीजेपी से लोकसभा प्रत्याशी व केंद्रीय राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल का स्वागत किया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में सविता समाज के लोगों की भीड़ एकत्रित हुई। युवा नेता पवन सेन व क्षेत्रीय जनता ने एस पी सिंह बघेल का फूल मालाएं पहनाकर भव्य स्वागत किया। समाज के लोगों ने लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद रहे एसपी सिंह बघेल को एक बार फिर से जिताने का संकल्प लिया। इस मौके पर पवन सैन व निर्दोष नंदा ने कहा कि सविता और सेन समाज बीजेपी साथ खड़ा है। जिले की दोनों सीटों पर बीजेपी के प्रत्याशियों को जीत दिलाएंगे। कार्यक्रम में सविता और सेन समाज सैकड़ों की संख्या जुटी रही। भाजपा जिला संयोजक देवेंद्र सविता बताया भाजपा हर वर्ग की पार्टी भाजपा मोदी जी गारंटी व हम सभी मोदी जी परिवार के सबका साथ सबका विश्वास के साथ भाजपा की 400 पर जीत दर्ज निश्चित होगी। कार्यक्रम में देवेन्द्र सविता, निर्दोष नंद, पवन सविता, भवर सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

कोतवाली पुलिस ने पकड़े तीन बदमाश

अवैध हथियार, कारतूस और चाकू बरामद

मथुरा ब्यूरो। (मुकेश कुशवाह) थाना नगर कोतवाली क्षेत्र स्थित सौंख अड्डा के पास से पुलिस ने अवैध हथियार समेत तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार एसएसपी शैलेश पांडेय के निर्देशन में नगर कोतवाली प्रभारी रवि त्यागी और चौकी प्रभारी बागबहादुर अमित कुमार पुलिस टीम के साथ अवैध हथियार और अवैध शराब तस्करों की तलाश में जुटे हुए थे। उसी दौरान उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि तीन शातिर बदमाश, अवैध हथियार लेकर सौंख अड्डा के निकट वृंदावन रेलवे लाइन के पास खड़े हुए हैं। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी बागबहादुर अमित कुमार और चौकी प्रभारी भरतपुरगेट अभिषेक गुप्ता पुलिस टीम के साथ वहां पहुंच गए। पुलिस की गाड़ी को देखते ही शातिर बदमाश भागने लगे। पुलिस टीम ने भागने का प्रयास कर रहे शातिर बदमाश अरूण पुत्र इन्द्रपाल सिंह निवासी गली नंबर 4 नया नगला थाना नगर कोतवाली, मथुरा-अजीत पुत्र जीतू उर्फ जितेन्द्र निवासी नाई मंडी चुरियाना मोहल्ला भरतपुरगेट थाना नगर कोतवाली, मथुरा और नरेश सिसौंदिया पुत्र मेघश्याम सिसौंदिया निवासी कृष्णाधाम कॉलोनी देवीपुरा थाना हाईवे जिला मथुरा को घेराबंदी करके दबोच लिया। पुलिस ने पकड़े गए शातिरों के कब्जे से दो तमंचा, कारतूस और एक चाकू बरामद किया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करके जेल भेज दिया है।

चैत्र नवरात्र के प्रथम दिवस पर भगवान को पहनाया गया अति विशेष वस्त्र

- वस्त्रों में मयूर व अन्य वैष्णव चिन्हों को रंग-बिरंगे रेशम के साथ-साथ असली तारों से काढ़ा गया

अयोध्या। श्री राम जन्मभूमि मन्दिर में चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिवस पर भगवान को अति विशेष वस्त्र पहनाया गया है। आज चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रमी संवत 2081 है तथा आज से ही अयोध्या राम मंदिर में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन शुरू हो चुका है, जो राम नवमी तक चलेगा। इस दौरान देश-विदेश से लाखों की संख्या में रामभक्त मन्दिर पहुंच रहे हैं। रामनवमी के अवसर पर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने रामभक्तों के लिए विशेष व्यवस्था की है। प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात पहली बार प्रभु के वस्त्रों की शैली को बदला गया है। मयूर व अन्य वैष्णव चिन्हों को रंग-बिरंगे रेशम के साथ-साथ असली तारों से काढ़ा गया है। इस विशेष वस्त्र शैली में प्रभु श्रीराम की आभा बहुत ही आकर्षक व सुंदर नजर आ रही है। आज इन वस्त्रों में ही प्रभु श्रीराम के दिव्य दर्शन कराए गए हैं।

सबकी इच्छा कि राहुल-प्रियंका अमेठी-रायबरेली से चुनाव लड़े : अखिलेश

देवरिया, संवाददाता। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता और इंडिया समूह से देवरिया लोकसभा से प्रत्याशी अखिलेश प्रताप सिंह ने मंगलवार को कहा कि सबकी इच्छा है कि कांग्रेस के राहुल गाँधी और प्रियंका गाँधी वाड्रा अमेठी और रायबरेली से इंडिया गठबंधन से चुनाव लड़े। श्री सिंह ने पत्रकारों से कहा कि अमेठी हो या रायबरेली, दोनों ही लोकसभा क्षेत्र नेहरू परिवार का क्षेत्र है। अमेठी, रायबरेली के साथ-साथ प्रदेश की जनता और कांग्रेस की इच्छा है कि राहुल और प्रियंका गाँधी बाड्रा अमेठी और रायबरेली से चुनाव लड़े। उन्होंने कहा कि लड़ना और लड़ाना पार्टी के शीर्ष नेतृत्व और कमेटी का काम है। यह प्रियंका और राहुल गाँधी पर निर्भर है कि वे वहाँ से लड़ना चाहते हैं,कि नहीं, लेकिन सबकी इच्छा है कि वे लोग वहाँ से चुनाव लड़े। भाजपा सांसद स्मृति ईरानी के सवाल पर उन्होंने कहा कि वे अमेठी में अपनी एक उपलब्धि बता नहीं पा रही हैं। सिर्फ बड़बोलेपन और अमर्यादित टिप्पणी से सुर्खियों में रह सकती हैं। अमेठी का जो गौरव था तथा राहुल और सोनिया गाँधी के समय जो वहाँ विकास होता था। उसको आगे बढ़ाने एक रत्ती भी कार्य स्मृति ईरानी ने नहीं किया है। वहाँ के लोग दुखी हैं। अमेठी में कोई विकास कार्य नहीं हो रहा है। वहाँ न तो कोई बड़ी फैक्ट्रियां आई न कोई ढंग का स्टेशन है। न कोई नया कारोबार वहाँ आया।

चुनावों में खून-खराबा करने के लिए चला रहे थे अवैध हथियार बनाने की फैक्ट्री

पुलिस ने दो अन्तर्राज्यीय हथियार तस्कर दबोचे, भारी मात्रा में बने, अधबने हथियार, कारतूस और उपकरण हुए बरामद

शेरगढ़ पुलिस की गिरफ्त में अवैध हथियार फैक्ट्री चलाने वाले अन्तर्राज्यीय हथियार तस्कर

मथुरा ब्यूरो। (मुकेश कुशवाह) थाना शेरगढ़ क्षेत्र स्थित उझानी के पास बंद पड़े ईंट के भट्टे में संचालित की जा रही अवैध हथियार बनाने की फैक्ट्री का पुलिस ने भंडाफोड़ करते हुए दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में अवैध हथियार और उपकरण बरामद किए हैं। पकड़े गए शातिरों में एक जिलाबदर अपराधी है, जो पुलिस को चकमा देकर जनपद में रहने के साथ ही अवैध शस्त्र फैक्ट्री चला रहा था। जानकारी के अनुसार आगामी लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए एसएसपी शैलेश पांडेय के निर्देश पर जनपद पुलिस अवैध हथियार बनाकर तस्करी करने वाले बदमाशों के खिलाफ विशेष अभियान चलाए हुए है। इसी अभियान में लगे थानाध्यक्ष शेरगढ़ सोनू कुमार पुलिस टीम के साथ अवैध हथियारों की तस्करी करने वाले बदमाशों की तलाश में जुटे हुए थे। उसी दौरान उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि गांव उझानी के पास बंद पड़े ईंट भट्टे के पास जर्जर कमरे में शातिर बदमाश अवैध हथियार बनाने की फैक्ट्री चला रहे हैं। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष सोनू कुमार पुलिस टीम में चौकी प्रभारी विशंभरा मनोज भाटी-एसआई प्रवीन कुमार-एसआई संदीप सिंह-मुख्य आरक्षी युवराज सिंह-सुमित चौहान-दीपक चौधरी और राधास्वामी के साथ वहां पहुंच गए। पुलिस टीम ने वहां पहुंच कर घेराबंदी करके अन्तर्राज्यीय हथियार तस्कर सलीम पुत्र शौकत निवासी गांव विशंभरा थाना शेरगढ़ और झबरू पुत्र जसमल निवासी गांव जंघावली थाना शेरगढ़ को दबोच लिया। पुलिस ने मौके एक 12 बोर की बन्दूक-315 बोर के 4 तमंचा-एक 12 बोर की नाल-एक तमंचा 12 बोर-315 बोर के 20 कारतूस-2 हथौड़ा-1 लोहे का वर्मा-1 प्लास-2 पेचकस-1 लकड़ी काटने की आरी-1 लोहा काटने की आरी-2 लोहा काटने के ब्लेड-3 लोहे के तार-एक बन्दूक का बट-चाप की लकड़ी-एक बंदूक की लोहे की बॉडी-3 सूम्मी-2 रेती छोटी-1 रेती बड़ी-2 छैनी-6 लोहे की पत्ती-9 स्क्रू-1 लोहे के गाटर का टुकड़ा-12 बोर की 3 नाल-एक बंदूक की नाल-315 बोर की 5 नाल-2 रैगमाल और 1 इजैक्टर तमंचा बरामद किया है। पुलिस ने पकड़े गए शातिरों के खिलाफ कार्रवाई करके न्यायलय भेज दिया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

गोविंदनगर पुलिस ने दबोचे दो शातिर बदमाश

चोरी के दो वाहन और अवैध हथियार बरामद

गोविंदनगर पुलिस की हिरासत में पकड़े गए शातिर बदमाश

मथुरा ब्यूरो। (मुकेश कुशवाह) थाना गोविंद नगर क्षेत्र स्थित राधापुरम आवासीय कॉलोनी के पास से पुलिस ने दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए शातिरों के कब्जे से दो चोरी के वाहन और अवैध हथियार बरामद हुए हैं। जानकारी के अनुसार एसएसपी शैलेश पांडेय के निर्देशन एवं एसपी सिटी डा. अरविंद कुमार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी गोविंदनगर देवपाल सिंह पुंडीर और चौकी प्रभारी बिरला मंदिर अरूण कुमार त्यागी पुलिस टीम के साथ वांछित अपराधियों की तलाश में संदिग्धों की चेकिंग कर रहे थे। उसी दौरान उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि दो शातिर बदमाश, चोरी के वाहन और अवैध हथियार लेकर राधापुरम आवासीय कॉलोनी के पास खड़े हुए हैं। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी देवपाल सिंह पुंडीर और चौकी प्रभारी अरूण कुमार त्यागी पुलिस टीम के साथ वहां पहुंच गए। पुलिस को देखते ही वहां खड़े शातिर बदमाश भागने लगे। पुलिस ने भागने का प्रयास कर रहे शातिर बदमाश राजू सैनी पुत्र सुखदेव सैनी निवासी किशोरीनगर, बिरला मंदिर थाना गोविंदनगर और भूपेन्द्र सिंह उर्फ भूपन पुत्र ओमी सैनी निवासी परिक्रमा मार्ग किशोरीनगर, बिरला मंदिर थाना गोविंदनगर को घेराबंदी करके दबोच लिया। पुलिस ने पकड़े गए शातिरों के कब्जे से एक चोरी की एचएफ डीलक्स बाइक-एक चोरी की स्कूटी-एक तमंचा और कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करके जेल भेज दिया है।

रूस ने भेजी आईएलएस की आपूर्ति, निर्बाध उड़ान की बाधा समाप्त

इंस्टालेशन के बाद अंतर-राष्ट्रीय मानक का हो जाएगा कुशीनगर एयरपोर्ट

कुशीनगर। प्रतिकूल मौसम में भी विमानों के निर्बाध एवं सुरक्षित उड़ान के लिए अंतर-राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर लगने वाले आईएलएस(इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम) की मशीनरी मंगलवार को सुबह रूस से कुशीनगर पहुंच गई। एयरपोर्ट अधिकारियों की देख रहे में पार्ट्स को सुरक्षित तरीके से अनलोडिंग कराई गई। आई एल एस को इंस्टाल करने के लिए विशेषज्ञ की टीम भी आ गई है। इंस्टाल करने में चार माह का समय लगने की बात कही जा रही है। इंस्टालेशन के बाद एयरपोर्ट अंतर-राष्ट्रीय मानक पूरा कर लेगा। जिसके बाद नियमित घरेलू उड़ान के साथ साथ अंतर-राष्ट्रीय उड़ान में कोई बाधा शेष नहीं रह जायेगी और ग्रेडिंग अपग्रेड होने से एयरपोर्ट अंतर-राष्ट्रीय मानचित्र पर आ जाएगा।

एयरपोर्ट पर रात और कोहरे में भी विमान लैंड और टेक आफ कर सकेंगे। दरअसल एयरपोर्ट पर ग्राउंड नेवीगेशनल सिस्टम आईएलएस और डीबीओआर (डापलर वेरी ओमनी रेंज) लगा न होने से नियमित उड़ान से घरेलू विमानन कंपनियां रुचि नहीं ले रही थी। आईएलएस विमानों के आटो मोड में लैंडिंग और टेक आफ कराता है तो दूसरी तरफ डीबीओआर एयर ट्रैफिक कंट्रोलर (एटीसी) और पायलट को टेकआफ से लैंडिंग तक कम्युनिकेशन बनाए रखता है। डीबीओआर इंस्टाल होने के बाद मार्च माह में फ्लाइट इंस्पेक्शन यूनिट ने फ्लाइट कैलिब्रेशन का भी कार्य पूरा कर लिया। अप्रैल 23 में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने एयरपोर्ट पर आईएलएस व डीबीओआर की स्थापना के लिए 5.75 करोड़ की निविदा की थी। चयनित कम्पनी को कार्य पूर्ण करने के लिए चार माह का समय दिया गया है। किंतु निर्यात के लिए हो रही अंतर-राष्ट्रीय औपचारिकता में समय लगा। जिससे सिस्टम की आपूर्ति देरी से हुई। एयरपोर्ट निदेशक आर पी लंका ने बताया कि एयरपोर्ट पर सुरक्षित विमान संचालन सुनिश्चित करने के सर्वोपरि उद्देश्य को पूरा करने के लिए अत्याधुनिक ग्राउंड नेविगेशनल सिस्टम स्थापित करने का कार्य चल रहा है। आईएलएस के एक्यूपमेंट की आपूर्ति आ गई है। अगस्त माह तक सभी कार्य पूरे हो जायेंगे। उड़ान के लिए घरेलू विमानन कंपनियों से बात चल रही है।

मुखबिर तंत्र, सैंकड़ों सीसीटीवी कैमरे और आधुनिक तकनीक से पुलिस ने दबोचा है शातिर लुटेरा

मथुरा ब्यूरो। (मुकेश कुशवाह) थाना हाईवे क्षेत्र में सर्राफ कारोबारी के साथ हुई लूट की घटना पुलिस के लिए गले की फांस बन गई थी। घटना का जल्द खुलासा करने के लिए सर्राफ कारोबारी लामबंद हो गए थे। इस कारण पुलिस पर दबाव बना हुआ था। एसएसपी शैलेश पांडेय ने घटना का खुलासा और बदमाशों को पकड़ने के लिए हाईवे पुलिस-स्पेशल टॉस्क टीम और स्वॉट टीम को लगाया था। लम्बी मेहनत और मुखबिर तंत्र के साथ ही आधुनिक तकनीकी से पुलिस के हाथ लुटेरों के गिरेबां तक पहुंचे और घटना का खुलासा हो सका। लूट का खुलासा करने के बाद एसएसपी शैलेश पांडेय ने बताया कि विगत 23 मार्च को सर्राफ कारोबारी सोनू वर्मा पुत्र बांकेलाल वर्मा निवासी ब्रजराज धाम कॉलोनी, आजमपुर थाना रिफाइनरी, मथुरा अपने पिता के साथ नवादा के निकट तंतूरा रोड़ पर दुकान बंद करके घर जा रहा था। उसी दौरान बाइक सवार लुटेरों ने हथियारों के बल पर सर्राफ कारोबारी पिता-पुत्र से बैग में रखे सोने-चांदी के आभूषण और दो लाख रुपए को हाईवे स्थित राधा कृष्ण मैरिज होम के सामने से लूटकर फरार हो गए थे। लुटेरों ने सर्राफ कारोबारी के पिता के सिर पर तमंचों के बट से प्रहार करके घायल कर दिया था। घटना के बाद पुलिस ने बदमाशों को तलाश किया लेकिन कोई सुराग नहीं मिला था। इसके बाद पुलिस टीम में शामिल दर्जनों अधिकारी और पुलिस के जवानों ने मुखबिर तंत्र, सीसीटीवी कैमरों की फुटेज और आधुनिक तकनीक से जांच की तो पकड़े गए शातिर बदमाश चांद उर्फ पिलुआ उर्फ गटुआ पुत्र रमजानी निवासी ईदगाह परिसर डीगगेट थाना गोविंदनगर, मथुरा हाल निवासी करमने नियर तोरा चौकी फतेहाबाद रोड़ थाना ताजगंज जिला आगरा की पहचान हो सकी। पुलिस टीम के हाथ ठोस साक्ष्य लगे तो पुलिस टीम घटना को अंजाम देने वाले बदमाशों की तलाश में जुट गईं थीं। काफी लम्बी मेहनत और मशक्कत के बाद शातिर लुटेरा पुलिस के हत्थे चढ़ गया। घटना का खुलासा होने के बाद सर्राफ कारोबारियों ने पुलिस टीम के कार्य की सराहना की है।

सहारनपुर लोकसभा सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला, 18.5 लाख जनता किसको भेजेगी संसद?

सहारनपुर। शिवालिक की तलहटी में बसा सहारनपुर... उत्तराखंड से उतरते ही पहला मैदानी क्षेत्र। लकड़ी पर नक्काशी वाले हुनरमंदों का शहर, देश-दुनिया को फलों का स्वाद चखाने वाला जिला, होजियरी की बड़ी मंडी। यहां का हर नागरिक अपनी धुन में, काम में व्यस्त रहता है। मस्त रहता है। ...लेकिन यहां की जनता कड़ी राजनीतिक परीक्षा लेती है। राजनीति भी तराशती है। सहारनपुर लोकसभा पर इस समय 18 लाख 51 हजार 847 वोटर है, जिसमें महिलाएं आठ लाख 73 हजार 341 है और पुरुष नौ लाख 78 हजार 421 हैं। वहीं, 85 वोटर थर्ड जेंडर है। वैसे तो इस लोकसभा

सीट से 10 उम्मीदवार मैदान में हैं, लेकिन मुख्य मुकाबला भाजपा, कांग्रेस और बसपा के बीच देखने को मिलेगा। एक प्रत्याशी अखिल भारतीय परिवार पार्टी से और 6 उम्मीदवार निर्दलीय हैं।सहारनपुर के चुनावी समीकरण की बात करें तो बसपा और कांग्रेस ने मुस्लिम प्रत्याशी पर दांव लगाया है, वहीं भाजपा ने हिंदू चेहरे राघव लखनपाल को टिकट दिया। बसपा ने माजिद अली और कांग्रेस इमरान मसूद को प्रत्याशी बनाया है।

माजिद पर आपराधिक मामले हैं दर्ज

इंडी गठबंधन से बाहर बहुजन समाज पार्टी ने बिना किसी दल का साथ लिए लोकसभा चुनाव लड़ रही है। सहारनपुर लोकसभा सीट पर बसपा प्रत्याशी के रूप में नामांकन पत्र दाखिल करने वाले माजिद अली नकदी के रूप में करीब दो लाख रुपये हैं। परंतु वह 92 करोड़ रुपये से अधिक की चल-अचल संपत्तियों के मालिक हैं। इन पर छह आपराधिक मामले भी दर्ज हैं। इनके पास एक पिस्टल भी है। इनकी पत्नी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तसमीम बानो भी करोड़पति है। माजिद अली ने अपने शपथ पत्र में बताया कि उन पर छह आपराधिक मामले दर्ज हैं।

इमरान मसूद भी करोड़पति

सहारनपुर लोकसभा सीट पर सपा-कांग्रेस गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व विधायक इमरान मसूद भी करोड़पति हैं। नामांकन पत्र के साथ इनके द्वारा दिये गए शपथ पत्र में इन्होंने बताया कि उनके द्वारा वर्ष 2023-24 के लिए दाखिल की गई आईटीआर में अपनी आय 2,95,270 रुपये दशार्यी है।

बोटी-बोटी वाले बयान से चर्चा में आए थे मसूद

लोकसभा चुनाव 2014 में कांग्रेस नेता इमरान मसूद अपने बोटी-बोटी वाले बयान से खासी चर्चा में आए थे। हालांकि, इस बयान के लिए उन पर केस दर्ज और उन्हें जेल में रहना पड़ा था।

तीन बार विधायक रह चुके हैं भाजपा सांसद

भारतीय जनता पार्टी ने सहारनपुर लोकसभा सीट के लिए राघव लखनपाल को प्रत्याशी घोषित किया है। राघव ऐसे उम्मीदवार हैं, जो तीन बार विधायक भी रह चुके हैं। इसके साथ ही उनके पास एमबीए और बीकॉम ऑनर्स की डिग्री है।

देश ने हमें सब कुछ दिया, अब देश को देने का समय हैः कश्मीरी लाल

स्वदेशी जागरण मंच ने आयोजित की ब्रज स्वदेशी हाट

आगरा, संवाददाता। नव संवत्सर की पूर्व संध्या पर स्वदेशी जागरण मंच की ओर से विजय नगर कालोनी में स्वावलंबी भारत अभियान ब्रज प्रांत के अंतर्गत ब्रज स्वदेशी हाट का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता अखिल भारतीय संघटक स्वदेशी जागरण मंच के कश्मीरी लाल रहे। कुटुंब प्रबोधन कार्यक्रम में मुख्य वक्ता कश्मीरी लाल ने अपने उद्बोधन में पारिवारिक एकता, पारिवारिक समन्वय, संयुक्त परिवार के महत्व का व्याख्यान किया। साथ ही उपस्थित सभी बंधुओं को राष्ट्रभक्ति की परिभाषा को याद कराया। साथ ही उन्होंने कहा कि देश ने हमें सब कुछ

दिया है, अब देश को हमें देने का समय आया है। उन्होंने बताया कि स्वदेशी जागरण मंच का दतोपंत ठेंगडी द्वारा स्थापना की गई थी, जिसका विगत 33 वर्षों में विस्तार बहुत तेज गति से देश में हुआ है। ब्रज स्वदेशी हाट में 25 स्वदेशी वस्तुओं की स्टॉल शहर की विभिन्न कंपनियों द्वारा लगाई गई। जिसमें खादी कपड़ा, जूता, मिष्ठान, साबुन, ज्वैलरी, चूड़ी, दाल और मसाला आदि सामान विशेष रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम अध्यक्ष सुरेश चंद्र गर्ग, विभाग प्रचारक आनंदजी, सह प्रांत प्रचारक कीर्ति जी, हरीश अरोरा, स्वावलंबी भारत अभियान ब्रज प्रांत समन्वयक ऋषी बंसल, संयोजक अनुज अशोक, समन्वयक रोहित महाजन, शकुन बंसल, अनिल आनंद आदि उपस्थित रहे।

बिजनौर में पुलिस व बदमाशों के बीच मुठभेड़, नाबालिग समेत पांच गिरफ्तार

बिजनौर, संवाददाता

उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले की किरतपुर थाना पुलिस और बदमाशों के बीच सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में घायल दो बदमाशों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि फरार हुए उनके तीन साथियों को कांबिंग के दौरान पकड़ा गया। शहर पुलिस अधीक्षक संजीव वाजपेयी ने मंगलवार को बताया कि लोकल इंटेलिजेंस से सूचना मिली थी कि किरतपुर थाना अंतर्गत निमार्णाधीन अमन कॉलोनी में अर्द्धनिर्मित मकान के पास दो मोटरसाइकिल पर पांच बदमाश किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और बदमाशों की घेराबंदी करते हुए उनकी गिरफ्तारी का प्रयास किया। लेकिन बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी मोर्चा संभाला और जवाबी कारवाई की। इसमें दो बदमाश सोमपाल और बंटी पैर में गोली लगने से घायल हो गए और उन्हें पकड़ लिया गया। जबकि नाबालिग समेत तीन अन्य बदमाशों को कांबिंग के दौरान पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपियों से दो तमंचा 315 बोर, एक तंमचा 12 बोर, 8 जिंदा कारतूस, 7 खोखा कारतूस, 2 चाकू, दो मोटरसाइकिल बिना नंबर प्लेट की और करीब 28 हजार रुपए कैश बरामद किए। एएसपी ने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों की पहचान सोमपाल, बंटी, श्याम, सूरज व एक नाबालिग के रूप में हुई। एएसपी ने कहा कि मुठभेड़ के दौरान गोलीबारी में एक पुलिस हेड कांस्टेबल परवेन्द्र कुमार भी घायल हो गए। सभी घायलों को जिला अस्पताल बिजनौर में भर्ती कराया गया है। एएसपी ने कहा कि आरोपी सोमपाल ने पुलिस पुछताछ में बताया कि वे लोग अमरोहा जनपद और बिजनौर में भोली-भाली महिलाओं से पता पूछने के बहाने उनकी सोने की चेन झपट लेते थे। सोमपाल के खिलाफ लूट, चोरी और गैंगस्टर एक्ट में 10 मुकदमे दर्ज हैं।

खुलासा भारी मात्रा में लूटे गए जेवरात, लाखों रूपए, दर्जनों मोबाइल और अवैध हथियार बरामद...

सर्राफ कारोबारी से लाखों की लूट करने वाला लुटेरा गिरफ्तार

सर्राफ कारोबारी से हुई लूट का खुलासा करते हुए एसएसपी शैलेश पांडेय, पीछे पुलिस टीम की गिरफ्त में पकड़ा गया शातिर लुटेरा

मथुरा ब्यूरो। (मुकेश कुशवाह) थाना हाईवे क्षेत्र में पूर्व में सरार्फा कारोबारी से लाखों की लूट करने वाले एक अन्तर्जनपदीय शातिर लुटेरे को दबोच कर घटना का खुलासा कर दिया। पुलिस ने पकड़े गए शातिर लुटेरे के कब्जे से लाखों के जेवरात, लाखों की नगदी और अवैध हथियार बरामद किए हैं। पुलिस लाइन सभागार में प्रेसवार्ता करते हुए एसएसपी शैलेश पांडेय ने बताया कि पूर्व में थाना हाईवे क्षेत्र में सर्राफ कारोबारी के साथ हुई



लूट की वारदात का खुलासा करने के लिए पुलिस टीमें लगायीं थीं। बताया कि एसपी सिटी डा. अरविंद कुमार के पर्यवेक्षण तथा सीओ रिफाइनरी श्वेता वर्मा के नेतृत्व में थाना प्रभारी हाईवे उमेशचन्द्र त्रिपाठी-स्पेशल टॉस्क टीम प्रभारी प्रशांत कपिल-स्वॉट टीम प्रभारी अभय शर्मा और चौकी प्रभारी बालाजीपुरम चेतन भारद्वाज पुलिस टीम के साथ लाखों की लूट करने वाले शातिर लुटेरों की तलाश में जुटे हुए थे। बताया कि उसी दौरान उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि सर्राफ कारोबारी से लूट करने वाला एक अन्तर्जनपदीय शातिर लुटेरा मालगोदाम रोड़ से होते हुए जयगुरूदेव पेट्रोल पंप के सामने से जाने वाला है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी उमेशचन्द्र त्रिपाठी-स्पेशल टॉस्क टीम प्रभारी प्रशांत कपिल-स्वॉट प्रभारी अभय शर्मा और चौकी प्रभारी बालाजीपुरम चेतन भारद्वाज पुलिस टीम में एसआई सावेज चौधरी-मुख्य आरक्षी ओमवीर सिंह-नरेन्द्र सिंह-प्रभाकर-रवि कुमार-सोनू-विशाल चौहान-राघवेन्द्र सिंह-विशाल तोमर-स्वॉट टीम के अखिल प्रताप सिंह-राहुल बालियान-प्रीत कुमार-रमन चौधरी और योगेश कुमार के साथ जयगुरूदेव पेट्रोल पंप के पास पहुंच गए। उसी दौरान प्लसर बाइक पर सवार होकर आ रहे शातिर लुटेरे चांद उर्फ पिलुआ उर्फ गटुआ पुत्र रमजानी निवासी ईदगाह परिसर, डीगगेट थाना गोविंदनगर जिला मथुरा हाल निवासी करमने नियर तोरा चौकी फतेहाबाद रोड़ थाना ताजगंज जिला आगरा को घेराबंदी करके दबोच लिया। पुलिस ने पकड़े गए अन्तर्जनपदीय लुटेरे के कब्जे से सर्राफ कारोबारी से लूटे गए सोने के 54 आभूषण-चांदी के 2 सौ 88 जेवरात-1 लाख 42 हजार 7 सौ 80 रूपए-लूट और चोरी के 15 मोबाइल-1 तमंचा-कारतूस और पल्सर बाइक बरामद की है। एसएसपी श्री पांडेय ने बताया कि पकड़े गए शातिर लुटेरे चांद उर्फ पिलुआ ने अपने 2 साथियों के साथ मिलकर सर्राफ कारोबारी से हथियारों के बल पर लूट की थी। उन्होंने कहा कि पकड़े गए लुटेरे के फरार साथियों को भी जल्द गिरफ्तार करके जेल भेजा जाएगा।

पब्लिक एशिया
नई दिल्ली, बुधवार, 10 अप्रैल, 2024

चैत्र शुक्लादि, उगादि, गुड़ी पडवा, चेती चांद, नवरेह और साजिबु चेरोबा के शुभ अवसर पर मैं सभी देशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। हमारे देश के विभिन्न भागों में मनाए जाने वाले ये त्योहार शांति, सद्भाव और सहिष्णुता के संदेश का प्रसार करते हैं। ये त्योहार हमारी समृद्ध संस्कृति और विरासत के प्रतीक हैं।
-राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

संक्षिप्त समाचार

मुठभेड़ में दो बदमाश और एक पुलिसकर्मी जख्मी, पांच बदमाश गिरफ्तार

बिजनौर (उप्र), संवाददाता। बिजनौर जिले के किरतपुर में हुई मुठभेड़ में दो बदमाश और एक पुलिसकर्मी जख्मी हो गया। मुठभेड़ के बाद सभी पांचों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया गया। अपर पुलिस अधीक्षक संजीव वाजपेई ने मंगलवार को बताया कि सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने किरतपुर थाना क्षेत्र में स्थित एक निमार्णाधीन कॉलोनी में छापा मारा। इस दौरान बदमाशों ने पुलिस पर गोलियां चलाईं जिससे मुख्य आरक्षी परविंदर कुमार घायल हो गया। एक गोली थाना प्रभारी उदय प्रताप की बुलेट प्रूफ जैकेट में भी लगी। उन्होंने कहा कि पुलिस की जवाबी कार्रवाई में सोमपाल और बंटी नामक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गए। वाजपेई ने बताया कि पुलिस ने इन दोनों बदमाशों के साथ-साथ उनके दो साथियों श्याम तथा सूरज और एक नाबालिग बदमाश को पकड़ लिया। वाजपेई ने बताया कि पकड़े गए बदमाशों के पास से तीन तमंचे, दो चाकू, दो मोटरसाइकिल और 28 हजार रूपए नकद बरामद किए गए हैं।

ट्रक से टकराकर पलटी श्रद्धालुओं से भरी बस : तीन श्रद्धालुओं की मौत

प्रतापगढ़ (उप्र), संवाददाता। उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले के हथिगवां क्षेत्र में श्रद्धालुओं से भरी एक बस के सामने से आ रहे ट्रक से टकराकर पलट जाने से एक किशोरी सहित तीन लोगों की मौत हो गयी जबकि 10 अन्य घायल हो गए। अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) संजय राय ने मंगलवार को बताया कि उन्नाव जिले से आ रहे श्रद्धालुओं से भरी एक बस विंध्यवासिनी देवी के दर्शन के लिए विंध्याचल जा रही थी। उनहोंने बताया कि आठ/नौ अप्रैल की दरमियानी रात हथिगवां क्षेत्र में फूलमति बिसहिया नहर के पास लखनऊ-प्रयागराज राजमार्ग पर उनकी बस एक ट्रक से टकरा कर पलट गयी। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस में ग्रामीणों की मदद से बस में फंसे लोगों को बाहर निकलवाया सभी घायलों को स्थानीय चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकित्सकों नें संध्या (12), कृष्ण कुमार (50) और बासु (35) को मृत घोषित कर दिया, शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गये हैं। राय ने बताया कि हादसे में घायल 10 अन्य लोगों का उपचार किया जा रहा है।

अजय राय ने भाजपा में शामिल होने की चर्चा पर दी सफाई

लखनऊ, संवाददाता। उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय के भाजपा में शामिल होने की चचाओं के बीच उन्होंने सफाई दी है। अजय राय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि मैं फिर कहूंगा भाजपा के लोग भ्रम में नहीं रहें, काशी में लड़ाई चौकस होगी और चौचक होगी। वीडियो बयान जारी करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा अफवाह फैला रही है, उसका खंडन करता हूं। भाजपा के लोग लगातार भ्रम पैदा कर रहे हैं। मैं संगठन के कार्य से मथुरा जा रहा हूं। भाजपा पूरी तरीके से अफवाह फैला रही है। बता दें कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय पहले भाजपा में थे। वह तीन बार इसी पार्टी से विधायक भी रह चुके हैं।

इंडिया गठबंधन से भाजपा परेशान : डिंपल

मैनपुरी, संवाददाता। मैनपुरी लोकसभा सीट से समाजवादी की प्रत्याशी डिंपल यादव ने कहा है कि जब से इंडिया गठबंधन बना है, तब से भारतीय जनता पार्टी परेशान है। वह गवर्नमेंट ऑफ इंडिया भी बोलने में हिचकिचा रही है। क्षेत्र में चुनाव प्रचार के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए डिंपल ने कहा कि इंडिया गठबंधन मजबूती के साथ चुनाव लड़ रहा है और लोगों का भरपूर समर्थन भी मिल रहा है। भाजपा के वादों पर तंज करते हुए डिंपल यादव ने कहा कि केंद्र में जब भाजपा की सरकार आई, तो उन्होंने कहा था सभी के खाते में 15 लाख रुपये आएंगे, हर साल दो करोड लोगों को नौकरी मिलेगी, गैस सिलेंडर सस्ते होंगे, पेट्रोल और डीजल के दाम काम कर दिए जाएंगे, बिजली की व्यवस्था में सुधार होगा, लेकिन दस साल बाद ऐसा कुछ नहीं हुआ। सरकार अपने वादों को पूरा करने में विफल रही। मुझे भरोसा है कि लोगों का प्यार व समर्थन समाजवादी पार्टी को मिलेगा। भाजपा पर हमला करते हुए डिंपल ने कहा कि सरकार में खलबली मची हुई है, जनाधार घटता हुआ दिखाई दे रहा है। लोग खुश नहीं है, वे समझ चुके हैं कि इनकी करनी और कथनी में बहुत फर्क है। डिंपल यादव ने कहा सरकार संस्थाओं का कन्नौज में भी दुरुपयोग किया गया था और पिछले चुनाव में मैनपुरी में भी। लेकिन हमारे लोगों ने बहुत दृढ़ता के साथ उनका मुकाबला किया। आप देखेंगे कि इस बार का रिजल्ट पिछली बार से भी अच्छा रहेगा। मैनपुरी में यूपी सरकार के मंत्री जयवीर सिंह को भाजपा प्रत्याशी बनाए जाने के सवाल पर डिंपल यादव ने कहा कि इससे अच्छा और कुछ नहीं होगा। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के प्रचार को लेकर डिंपल यादव ने कहा, मैनपुरी समाजवादी विचारधारा की भूमि है, ऐसे लोगों के यहां आने का कोई मतलब नहीं है। इनकी विचारधारा को यहां तवज्जो नहीं दिया जाता। ऐसे में मोहन यादव निरर्थक प्रयास कर रहे हैं। चुनाव प्रचार में डिंपल यादव के साथ उनकी पुत्री अदिति और पूर्व सांसद तेज प्रताप यादव भी थे।

बदायूं सीट पर विवाद के बीच शिवपाल यादव ने कहा, मैं यहां से लड़ रहा हूं

लखनऊ, संवाददाता। समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ नेता शिवपाल सिंह यादव का कहना है कि हमारे प्रतिद्वंद्वियों द्वारा अनावश्यक रूप से विवाद पैदा किया जा रहा है। यह पार्टी और जनता को तय करना है कि बदायूं सीट पर कौन चुनाव लड़ेगा। मुझे उम्मीदवार के रूप में नामित किया गया है और जब तक पार्टी अपना मन नहीं बदलती, मैं इस सीट से चुनाव लड़ रहा हूं। बदायूं सीट को लेकर अपने और अपने बेटे आदित्य यादव के बीच खींचतान की खबरों से परेशान शिवपाल ने मंगलवार को कहा,हमारे लिए हर सीट पारिवारिक सीट है, चाहे वह बदायूं हो, आजमगढ़ हो, मैनपुरी हो या कन्नौज हो। किसी तरह का कोई झगड़ा नहीं है। कुछ लोग चाहते थे कि आदित्य बदायूं से चुनाव लड़े और उन्होंने पार्टी अध्यक्ष को एक पत्र भेजा था जिसके बाद अटकलें शुरू हो गईं। पूर्व सांसद सलीम शेरवानी और पूर्व विधायक आबिद रजा जैसे वरिष्ठ नेताओं के पार्टी छोड़ने के बाद शिवपाल यादव ने उन चचाओं का जोरदार खंडन किया कि बदायूं अब परिवार के लिए सुरक्षित नहीं है। उन्होंने कहा, मेरे उन दोनों के साथ बहुत अच्छे व्यक्तिगत संबंध हैं और मुझे उनके समर्थन का भरोसा है। इनमें से कोई भी चुनाव नहीं लड़ रहा है और वे हमारे साथ रहेंगे। ऐसे खबरें सामने आईं कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव बदायूं में शिवपाल के लिए प्रचार करने के इच्छुक नहीं थे। इस पर उन्होंने कहा, हमने उनके लिए कम से कम दो सार्वजनिक सभाओं की योजना बनाई है। एक बदायूं और दूसरा गुन्नौर में होगा। दोनों बैठकों का कार्यक्रम राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा अपनी अन्य व्यस्तताओं के अनुरूप तय किया जाएगा। उन्होंने कहा कि फिरोजाबाद से प्रगतिशील समाजवादी पार्टी-लोहिया (पीएसपी-एल) के अध्यक्ष के रूप में मैंने 2019 का लोकसभा चुनाव बेहद विषम परिस्थितियों में लड़ा था। पारिवारिक कलह अपने चरम पर थी। यह पिच मेरे लिए नई नहीं है। शिवपाल यादव ने अपने बड़े भाई मुलायम सिंह को याद करते हुए कहा, यह पहला लोकसभा चुनाव होगा जब नेताजी नहीं होंगे। उनकी मौजूदगी को पूरा परिवार, पार्टी कार्यकर्ता और लोग मिस कर रहे हैं। हालांकि, इससे विभाजनकारी ताकतों के खिलाफ लड़ने, उनके मूल्यों और विचारधारा को बनाए रखने का हमारा संकल्प भी मजबूत हुआ है। पिछले महीने मुख्तार अंसारी की मौत हो गई थी। उनके परिवार से सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की यात्रा पर विवाद पर टिप्पणी करने के लिए पूछे जाने पर, शिवपाल ने कहा, मुख्तार की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। वह एक प्रतिष्ठित परिवार से थे और हम उन्हें वर्षों से जानते हैं। परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करने में क्या गलत है? यह शर्मनाक है कि कैसे कुछ लोग मृतकों का सम्मान करना भी नहीं जानते।

इंडिया गठबंधन को राम मंदिर से पहले भी नफरत थी, आज भी है : पीएम मोदी

पीलीभीत, संवाददाता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन ने प्रभु राम का अपमान किया है। उन्हें राम मंदिर से नफरत है। इसी कारण उन्होंने प्राण प्रतिष्ठा का आमंत्रण ठुकरा दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को पीलीभीत में भाजपा के प्रत्याशी जितिन प्रसाद के पक्ष में एक चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर विपक्षी गठबंधन पर पीएम मोदी जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर न बने, इसके लिए कांग्रेस ने लाख कोशिश की, लेकिन जब देश की जनता ने पाई-पाई देकर इतना भव्य मंदिर बना दिया और जब मंदिर वालों ने आपके सारे गुनाह माफ कर प्राण प्रतिष्ठा में आमंत्रित किया, लेकिन आपने (कांग्रेस) आमंत्रण को ठुकरा कर भगवान राम का अपमान किया और जो नेता प्राण प्रतिष्ठा में गए, उन्हें छह साल के लिए पार्टी से निकाल दिया। उन्होंने कहा कि हमारे कल्याण सिंह जी ने राम मंदिर के लिए अपना जीवन और सरकार समर्पित कर दी। देश के हर परिवार ने अपनी-अपनी श्रद्धा के अनुसार योगदान दिया। लेकिन इंडी गठबंधन वालों को राम मंदिर के निर्माण से पहले भी नफरत थी और आज भी नफरत है। पीएम मोदी ने कहा कि पीलीभीत की धरती पर माता यशवंतरी देवी का आशीर्वाद है। यहां आदि गंगा मां गोमती का उद्गम स्थल है। आज नवरात्रि के पहले दिन मैं देश को ये भी याद दिला रहा हूं कि कैसे इंडी गठबंधन ने शक्ति को खत्म करने की सौगंध खाई है। आज देश में जिस शक्ति की पूजा हो रही है, उस शक्ति का कांग्रेस ने घोर अपमान किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का घोषणापत्र मुस्लिम लीग का घोषणापत्र लग रहा है। सपा और कांग्रेस सीएए का विरोध कर रही है। विपक्षी गठबंधन भारत को बांटने की साजिश में जुटा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जिस शक्ति के आगे हम शीश झुकाते हैं, उस शक्ति को उखाड़ फेंकने की बात ये कांग्रेस के नेता कर रहे हैं। पीम मोदी ने कहा कि कांग्रेस और उसके इंडी गठबंधन को देश की महान विभूतियों का अपमान करने में भी संकोच नहीं होता। कांग्रेस के या समाजवादी पार्टी के बड़े नेता आज तक कभी स्टैच्यू आफ यूनिटी नहीं गए। ये लोग विदेश घूम आते हैं, लेकिन अपने ही देश में सरदार पटेल की प्रतिमा का दर्शन नहीं करते। उन्होंने कहा कि यह पूरा क्षेत्र खेती किसानी के लिए भी जाना जाता है। 10 वर्ष पहले किसानों की क्या हालत थी, यूरिया की कालाबाजारी होती थी, किसानों पर लाठीचार्ज होता था। आज यूरिया पर्याप्त मात्रा में मिल रही है। यूरिया की बोरी पहले तीन हजार रुपये में मिलती थी, लेकिन हमारी सरकार तीन सौ रुपये से कम में दे रही है। किसानों को सम्मान निधि मिल रही है। किसानों के बैंक खातों में 70 करोड़ हजार रुपये मोदी सरकार ने पहुंचाया है। 850 करोड़ रुपये पीलीभीत के किसानों के बैंक खातों में पहुंचे हैं। पीएम ने कहा कि कांग्रेस और सपा के राज में गन्ना किसानों को कैसे अपने ही पैसे के लिए तरसाया जाता था। यह आपसे अच्छा कौन जानता है। भाजपा सरकार ने गन्ना किसानों की परेशानी को कम करने के लिए पूरी ताकत से काम किया है। कई चीनी मिलें खुली हैं, कई का विस्तार हुआ है और ये काम लगातार जारी है।

आज पूरी दुनिया में बज रहा भारत का डंका

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज पूरी दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। यह आपके वोट की ताकत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को पीलीभीत में भाजपा उम्मीदवार जितिन प्रसाद के पक्ष में एक चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि आपके वोट से मजबूत सरकार बनी है। भाजपा सरकार ने दुनिया को दिखा दिया कि भारत किसी से कम नहीं है। जब नीयत सही होती है, हौसले बुलंद होते हैं तो नतीजे भी सही मिलते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि हम लोग विकसित भारत के संकल्प पर काम कर रहे हैं। भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती हुई आर्थिक ताकत बना है। हमारे चंद्रयान ने चांद पर तिरंगा फहराया। भारत में आयोजित जी-20 की पूरी दुनिया में प्रशंसा हुई है। सारी दुनिया की मुश्किलों के बीच भारत आज दिखा रहा है कि उसके लिए कुछ भी असंभव नहीं है। पीएम मोदी ने कहा कि कभी कांग्रेस सरकार दुनिया से मदद मांगती थीं, लेकिन कोरोना के महासंकट में भारत ने पूरी दुनिया में दवाइयां और वैक्सीन भेजी। पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया में कहीं भी युद्ध का संकट आया, हम एक-एक भारतीय को सुरक्षित वापस लाए। अफगानिस्तान से गुरु ग्रंथ साहिब के ग्रंथों को पूरी श्रद्धा से भारत लाए और ये सब आपके एक वोट की ताकत से हुआ है।

कांग्रेस की कुटिल चालों से हुआ देश का विभाजन : आदित्यनाथ

पीलीभीत। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि स्वर्णिम युग के रूप में भारत मोदी जी के नेतृत्व में ग्लोबल पावर बनने की ओर अग्रसर है। हम सभी ने बदलते हुए भारत को देखा है। बदलते भारत में सुरक्षा, सम्मान, विकास परियोजनाएं और गरीब कल्याण योजनाओं का कोई सानी ही नहीं है। गुरु नानक देव का जन्म जिस भूमि पर हुआ था, वह कभी अखंड भारत का हिस्सा था। कांग्रेस की कुटिल चालों से देश का विभाजन हुआ, लेकिन सिख भावना और भारत की आस्था का सम्मान करते हुए प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में करतारपुर कॉरिडोर का निर्माण संभव हो पाया। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने मंगलवार को ड्रमंड इंटर कॉलेज परिसर में आयोजित जनसभा में पीलीभीत से भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद और बरेली से छत्रपाल सिंह गंगवार के लिए वोट की अपील की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने चैत्र नवरात्रि एवं भारतीय नव संवत्सर की शुभकामनाएं भी दीं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि भारत के हिंदू धर्म एवं संस्कृति की रक्षा के लिए गुरु गोविंद सिंह के चार साहिबजादों ने खुद को बलिदान कर दिया था। बाल दिवस किसी और दिन पर मनाया जाता था, लेकिन भारत के लिए सर्वस्व न्योछावर करने वाले साहिबजादों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए प्रधानमंत्री ने 26 दिसंबर की तिथि को वीर बाल दिवस के रूप में मनाने का अवसर दिया। यह आयोजन आज हर जगह हो रहा है। उन्होंने कहा कि पीलीभीत एक ओर कृषि के लिए जाना जाता है तो वहीं अपनी अद्भुत कला के लिए भी जाना जाता है। गन्ना किसान यहां की मिठास को देश-प्रदेश व दुनिया में पहुंचाने का कार्य करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में संभव हो पाया कि किसानों के गन्ना मूल्य का भुगतान अब समय पर हो रहा है, अन्यथा पहले कई वर्ष लगते थे और गन्ना किसान देखता रह जाता था। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि कोई सोचता था कि अयोध्या में रामलला के भव्य मंदिर का निर्माण हो पाएगा, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व व मार्गदर्शन में यह संभव हो पाया है। भाजपा प्रत्याशियों के लिए विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए मोदी जी आपके बीच में हैं। दस वर्ष में हमने बदलते भारत में देखा है। यह आपके एक वोट की कीमत ने किया है। आपका वोट गलत हाथों में जाता था तो भ्रष्टाचार में संलिप्त, सुरक्षा-नौजवानों के भविष्य से खिलवाड़ करने वाली, आतंकियों को बिरयानी खिलाने वाली, देश में उपद्रव करवाने वाली और अन्नदाता किसानों को आत्महत्या के लिए मजबूर करने वाली सरकारें आती थीं। भारत आज पिछलग्गू राष्ट्र नहीं, बल्कि ग्लोबल पावर बन रहा है मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 व 2019 में मतदाताओं ने वोट की कीमत को समझा और मोदी जी के नेतृत्व पर विश्वास किया तो आज हम बदलते हुए भारत को देख रहे हैं। भारत आज पिछलग्गू राष्ट्र नहीं, बल्कि ग्लोबल पावर बन रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की आवाज-फिर एक बार-मोदी सरकार, ह्यअबकी बार-400 पार के संकल्प के साथ हम सब जुड़ें। सीएम ने आह्वान किया कि चुनाव के दिन पहले तीन घंटे के अंदर खुद भी मतदान करें, साथ ही मतदाताओं को ले जाकर अवश्य मतदान कराएं। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा, राज्य सरकार के मंत्री राकेश सचान, बलदेव सिंह औलख, संजय सिंह गंगवार, बरेली के सांसद संतोष गंगवार, पीलीभीत से प्रतशी जितिन प्रसाद, बरेली से प्रत्याशी छत्रपाल सिंह गंगवार, पूर्व मंत्री सुरेश राणा आदि मौजूद रहे।

अखिलेश यादव की जनसभा को लेकर तैयारी का जायजा लिया

लोकसभा प्रत्याशी दीपक सैनी के लिए सभा को संबोधित करेंगे पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव

शाहनवाज सोनू

पब्लिक एशिया, मीरापुर । सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की 13 अप्रैल को मीरापुर में होने वाली जनसभा को लेकर तैयारी आरंभ हो गई है। सपा के पदाधिकारी, पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने सभा स्थल के अलावा हेलीपैड का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम में जुटे कार्यकताओं को विशेष दिशा निर्देश दिए। आगामी लोकसभा चुनाव मे सपा से दीपक सैनी के लिए प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव मीरापुर कस्बे में 13 अप्रैल को चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ता जोशखरोश से जुटे हैं। कार्यक्रम को लेकर नेताओं ने अपने होर्डिंग लगाने लगे हैं। सभा स्थल पर व्यवस्थाओं को लेकर जिलाध्यक्ष जिया चौधरी ने मंगलवार को कार्यकताओं के साथ बैठक ली। इस दौरान उन्होंने गांव-गांव जाकर ग्रामीणों से संपर्क करने वाली टीमों से वार्ता की। उन्होंने कार्यकताओं को विभिन्न जिम्मेदारियां भी सौंपी। उन्होंने जनसभा के दौरान स्थल पर कार्य करने वाले कार्यकताओं की सूची भी बनाई। इस दौरान मौके पर पहुंचे एसपी देहात आदित्य बंसल के साथ इंस्पेक्टर दिनेश चंद बघेल,जिलाध्यक्ष जिया चौधरी ने सभा स्थल का निरीक्षण किया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बेरिकेड्स व पार्किंग के लिए स्थलों का चयन किया। वाहनों पर सभास्थल पर आने से रोक लगाने की बात करते हुए बताया गया कि कस्बे के चारों ओर पार्किंग स्थल के अंदर वाहन का प्रवेश पर पाबंदी रहेगी। इस मौके पर जिला अध्यक्ष जिया चौधर, पूर्व जिला अध्यक्ष श्यामलाल बच्ची सैनी, जिला उपाध्यक्ष सुशील शर्मा, नगर अध्यक्ष ऐश मोहम्मद मेवाती,हकीम समीम अब्बासी,इरशाद मेवाती,आदि मौजूद रहे।

रोड़ नहीं तो वोट नहीं

सभा में जुटे सैंकड़ों ग्रामीणों ने किया चुनाव के पूर्ण बहिष्कार का ऐलान

मरगूब नवाज

पब्लिक एशिया, ककरौली। रोड़ नहीं तो वोट नहीं के नारे के साथ सैंकड़ों ग्रामीणों ने सभा में इकट्ठा होकर आगामी लोकसभा चुनाव के पूर्ण बहिष्कार का ऐलान किया। सैंकड़ों ग्रामीणों ने एकसुर में कहा कि बिना मार्ग बने किसी भी सूरत में आगामी लोकसभा चुनाव में गांव से वोटिंग नहीं होगी। थाना ककरौली क्षेत्र के गांव टंढेड़ा के प्रधानपति खुर्रम अजीज ने बताया कि देश की आजादी के बाद से आज तक बेहड़ा सादात-टंढेड़ा मार्ग का निर्माण नहीं हुआ है। किसी भी चुनाव के समय विभिन्न पार्टियों के नेता वोट मांगने आते हैं और वादे करके चले जाते हैं। किसी भी नेता को ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों का दर्द दिखाई नहीं देता। सभा को सम्बोधित करते हुए एडवोकेट दीपक चौधरी ने कहा कि ग्रामवासियों ने चुनाव के पूर्ण बहिष्कार करने का फैसला किया है। यदि इस मार्ग का निर्माण नहीं होता है तो लोकसभा चुनाव में गांव में आई सभी ईवीएम मशीनें बिना वोटिंग के वापिस जायेंगी। यह कांवड़ मार्ग भी है। साल में दो बार बुलंदशहर व गढ़मुक्तेश्वर तक के कांवड़िए इस मार्ग से गुजरते हैं। पूर्व प्रधान पवन सिंह ने कहा कि गांव टंढेड़ा के निवासी इसी मार्ग से मोरना के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, थाना ककरौली, सीओ ऑफिस मोरना, तीर्थनगरी शुकतीर्थ व जिला मुख्यालय आदि जाते हैं। इस मार्ग की हालत बड़ी खस्ताहाल है, जिससे टंढेड़ा, जड़वड़, कटिया, सिकंदरपुर, बबरा आदि गांवों के लोगों को इस मार्ग से गुजरने में बड़ी परेशानी हो रही है। यह मुहिम तब तक जारी रहेगी, जब तक रह मार्ग बन नहीं जाता। गांव टंढेड़ा के ग्रामीणों के साथ साथ पास के अन्य गांवों के ग्रामीण भी जल्द ही इस मुहिम से जुड़ेंगे। सभा की अध्यक्षता मोहम्मद अली अंसारी ने तथा संचालन प्रधानपति खुर्रम अजीज ने की। इस मौके पर पूर्व प्रधान पवन सिंह, धर्मेंद्र प्रधान, ब्रह्मपाल, मास्टर विजयपाल सिंह, सलेक चंद, बालिस्टर गुर्जर, शोभाराम उपाध्याय, पूर्व प्रधान जहूर मेहंदी, राजेश, यासीन, रहमत इलाही, अब्दुस्सलाम, आस मौ० आदि सैंकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय सेवा योजना में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर भगवन्त इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन

शाहनवाज सोनू

पब्लिक एशिया, मीरापुर। आज की व्यस्त जीवन शैली में में स्वास्थ्य के प्रति रहे सचेत डॉक्टर अनिल सिंह चैयरमैन भगवन्त ग्रुप। भगवन्त ग्रुप में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में जान जागरूकता के लिए विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर संस्थान में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता हेतु अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया इस अवसर पर संस्थान के चैयरमैन डॉक्टर अनिल सिंह, उपनिदेशक डॉक्टर अजय गुप्ता, सह निदेशक डॉक्टर पुष्पनील वर्मा,एजीएम फाइनेंस ऑफिसर दुष्यंत कुमार नर्सिंग की प्रधानाचार्या डॉक्टर ड़ी विजया, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर आदित्य कुमार शर्मा,आयुर्वेदिक कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर अजय कुमार शर्मा,ने माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित किया। विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जनजागरूकता हेतु रंगोली, स्किट,पोस्टर, हैंडवाशिंग डांस, डिस्पोजेबल ऑफ बायोमेडीकल वेस्ट थ्रू डांसिंग जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमे रंगोली में प्रथम स्थान निखिल,हेवेन्द्र,खुशी, द्वितीय स्थान राधिका, अंशु, बीएससी नर्सिंग तृतीय स्थान वर्षा ने प्राप्त किया। पोस्टर में प्रथम स्थान राशिका,द्वितीय स्थान तनीषा, तृतीय स्थान वर्षा ने प्राप्त किया। हैंडवाशिंग डांस में सरल संध्या,श्रेया,अंजली, गीत में आदित्य,रोहित,बायो डिस्पोजेबल डांस में संजना, प्रज्ञा,राशिका, वंशिका, ने अपनी प्रस्तुति देकर सभी को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में नर्सिंग विभाग से उर्वशी राजपूत,शालिनी कपूर, शिवनारायण गोस्वामी, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ कावेन्द्र कुमार, विशाखा,मनीष,विनय,विजेंद्र, नितिन शोभा,कपिल शर्मा, वैभव आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

गिरफ्तारी | पीड़ित की तहरीर के आधार पर थानाभवन पुलिस ने सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत किया था...

चोरी की घटना में वांछित को भवन पुलिस ने अवैध शराब बरामद कर भेजा जेल

पंकज उपाध्याय

थानाभवन। थानाभवन पुलिस द्वारा चोरी की घटना में फरार चल रहे वांछित अभियुक्त अवैध देसी शराब हरियाणा मार्का सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा।

थानाभवन निवासी राजू सैनी पुत्र नकली सैनी निवासी मौहल्ला रौगनग्रान ने 3 अप्रैल को अज्ञात मोटरसाइकिल सवार चोर द्वारा गैस सिलेण्डर चोरी करने के सम्बन्ध में थानाभवन थाने में तहरीर देकर कारवाई की मांग की थी। पीड़ित की तहरीर के आधार पर थानाभवन पुलिस ने सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत किया था। घटना में लिप्त अभियुक्त आशीष पुत्र पप्पन निवासी ग्राम खेडागदाई थाना थानाभवन को 3 अप्रैल 2024 को ही चोरी किये हुए गैस सिलेण्डर, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया था तथा थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार द्वारा चोरी की घटना में वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु लगातार प्रयास किये जा रहे थे। मंगलवार 9 अप्रैल को पुलिस अधीक्षक शामली अभिषेक के आदेशानुसार आगामी लोकसभा चुनाव-2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु चलाये जा रहे संदिग्ध वाहन,व्यक्ति की चैकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी थानाभवन और थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार के कुशल नेतृत्व में पुलिस द्वारा चोरी की घटना में वांछित अभियुक्त अंकित पुत्र मदन निवासी ग्राम खेड़ागदाई को 12 बोतल देसी अवैध शराब हरियाणा मार्का सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना थानाभवन पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक सुशील कुमार, हेड कॉस्टेबल भगत सिंह,कॉस्टेबल पंकज कुमार थाना थानाभवन जनपद शामली शामिल रहे।

पब्लिक एशिया
नई दिल्ली, बुधवार, 10 अप्रैल, 2024

काग्रेस, देश में बिखराव, टकराव, बंटवारे की गुनाहगार मुस्लिम लीग, के गुप्त एजेंडे की साझेदार बन गई है जो साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण की आफत से समावेशी सशक्तीकरण की ताकत का अपहरण करना चाहती है। उनका कहना था कि मोदी सरकार का 10 साल समाज के सभी वर्गों के लिए सुरक्षा, समृद्धि, समावेशी सशक्तीकरण का स्वर्णिम समय साबित हुआ है।

-पूर्व केंद्रीय मंत्री (भाजपा) के वरिष्ठ नेता मुख्तार अब्बास नकवी

संक्षिप्त समाचार

मोजाम्बिक में जहाज दुर्घटना में मृतकों की संख्या बढ़कर 97 हुई

मापुटो। मोजाम्बिक के उत्तरी प्रांत नामपुला में मोजाम्बिक द्वीप के पास रविवार को हुई जहाज दुर्घटना में मृतकों की संख्या बढ़कर 97 हो गई। हादसे में अब तक 12 लोग जीवित बचे हैं। स्थानीय अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। मोजाम्बिक द्वीप के प्रशासक सिल्वरियो नौएटो ने द्वीप पर स्थानीय मीडिया को बताया कि सोमवार सुबह तीन पीड़ितों का पता चला। उन्होंने बताया कि 17 बच्चों समेत 30 लोगों को पहले ही दफनाया जा चुका है। उन्होंने बताया कि क्षतिग्रस्त जहाज एक अस्थायी नौका थी जिसमें 130 लोग सवार थे। ये लोग हैजा के प्रकोप के बारे में गलत सूचना के कारण फैली दहशत के कारण मोसुरिल छोड़ रहे थे। श्री नौएटो ने कहा कि अधिकारी लापता लोगों का पता लगाने के लिए मोजाम्बिक द्वीप और मोसुरिल जिले में लुंगो प्रशासनिक चौकी के बीच पानी में तलाश जारी रखे हुए हैं।

तंजानिया में बाढ़, 15 लोगों की मौत

डोडोमा। तंजानिया के विभिन्न हिस्सों में पिछले सात दिनों से जारी मूसलाधार बारिश के कारण अचानक आयी बाढ़ में करीब 12 बच्चों और तीन वयस्कों सहित कुल 15 लोगों की मौत हो गयी है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। तंजानिया पुलिस बल के प्रवक्ता डेविड मिसिमे ने माता-पिता और अभिभावकों से अपने बच्चों को बारिश से बचाने का आग्रह किया है।

ईरान ने दश्मिक में इजरायली हमले के बाद नया वाणिज्य दूतावास खोला

दमिश्क। ईरान के विदेश मंत्री होसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन ने सीरिया की राजधानी दमिश्क में पिछले हफ्ते इजरायली हमले के बाद सोमवार को नये वाणिज्य दूतावास भवन का उद्घाटन किया। श्री अब्दुल्लाहियन, सीरिया के विदेश मंत्री फैसल मेकदाद के साथ नए वाणिज्य दूतावास के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए। यह भवन पिछली इमारत के बगल में स्थित है जिसे कुछ दिन पहले इजरायली मिसाइल हमले द्वारा ध्वस्त कर दिया गया। श्री अब्दुल्लाहियन एक अप्रैल को ईरानी वाणिज्य दूतावास पर इजरायली हमले के बाद देश की अपनी पहली यात्रा के लिए सोमवार दोपहर दमिश्क पहुंचे। हमले में इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के वरिष्ठ नेता मारे गए, जिनमें एक अनुभवी कमांडर मोहम्मद रजा जाहेदी भी शामिल थे। जिन्होंने सीरिया और लेबनान में आईआरजीसी विदेशी ऑपरेशन विंग, कुद्स फोर्स का नेतृत्व किया। उन्होंने दमिश्क की अपनी यात्रा के दौरान सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल-असद, विदेश मंत्री फैसल मेकदाद और सीरियाई राष्ट्रीय सुरक्षा के अधिकारियों के साथ बैठकें कीं। विदेश मंत्री ने अपने सीरियाई समकक्ष के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में बोलते हुए पुष्टि की कि इजरायल को वाणिज्य दूतावास पर हमले के लिए आवश्यक प्रतिक्रिया मिलेगी, साथ ही इस घटना के लिए अमेरिका को भी दोषी ठहराया।

आग लगने से पांच लोगों की मौत

नाननिंग। दक्षिण चीन के गुआंग्शी जुआंग स्वायत्त क्षेत्र में एक किराने की दुकान में आग लगने से पांच लोगों की मौत हो गई है। स्थानीय अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। काउंटी के आपातकालीन प्रबंधन ब्यूरो के अनुसार, वुझोउ शहर के कांगवु काउंटी में सोमवार सुबह करीब तीन बजे आग लग गई और लगभग तीन घंटे बाद उस पर काबू पा लिया गया। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

पाकिस्तान के बलूचिस्तान में हुए दो बम विस्फोट, तीन लोगों की मौत और 20 घायल

कराची। पाकिस्तान के अशांत क्षेत्र बलूचिस्तान प्रांत में दो अलग-अलग बम विस्फोट हुए, जिसमें एक पुलिसकर्मी सहित तीन लोगों की मृत्यु हो गई तथा 20 अन्य लोग घायल हो गये। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पहली घटना के दौरान, सोमवार को प्रांत के क्वेटा जिले के कुचलक इलाके में एक मस्जिद में विस्फोट हुआ, जिसमें एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई और 15 अन्य लोग घायल हो गये। एक पुलिस अधिकारी ने बताया, जब मस्जिद में विस्फोट हुआ, उस समय लोग मगरिब की नमाज पढ़ रहे थे। दूसरी घटना के दौरान, बलूचिस्तान के खुजदार शहर में उमर फारूक चौक के पास एक बाजार में सोमवार को हुए बम विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि यह विस्फोट उस समय हुआ जब बाजार में ईद की खरीददारी करने के लिए महिलाओं और बच्चों की भीड़ थी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, इस विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। उन्होंने कहा कि सूचना मिलते ही पुलिस और अन्य कानून प्रवर्तन बल घटनास्थल पर पहुंचे। घायल व्यक्तियों और शवों को खुजदार टीचिंग अस्पताल ले जाया गया। बम निरोधक दस्ते के अधिकारी दोनों स्थानों की जांच कर रहे हैं। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि उमर फारूक चौक और मस्जिद के पास खड़ी की गई मोटरबाइक में इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) लगाए गए थे।

पाकिस्तान में पत्नी को चरित्रहीन बताने वाले को 80 कोड़े की सजा

कराची। पाकिस्तान के सिंध प्रांत में पूर्व पत्नी पर चरित्रहीन होने का झूठा आरोप लगाने और उससे जन्म लेने वाली बेटी का पिता होने से इनकार करने वाले व्यक्ति को कराची सत्र न्यायालय ने 80 कोड़े मारने की सजा सुनाई है। महिला की वकील सायरा बानो ने कहा कि कई दशक बाद पहली बार ऐसी सजा सुनाई गई है। जियाउल हक के शासनकाल के बाद पाकिस्तान में ऐसी सजा नहीं सुनाई गई। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश मलीर शहनाज बोहयो ने आरोपित फरीद कादिर को सजा सुनाई। यह फैसला कजफ अपराध (हद का प्रवर्तन) अध्यादेश 1979 की धारा सात (एक) के तहत सुनाया गया। इस धारा में कहा गया है ह्यजो कोई भी कजफ के लिए उत्तरदायी होगा, उसे 80 कोड़े मारने की सजा दी जाएगी। अपील कोर्ट से दोषी और सजा की पुष्टि के बाद सत्र अदालत कोड़े मारने के लिए समय और स्थान निर्धारित करेगी। सजा भुगतने के लिए निर्धारित समय और स्थान पर उपस्थित होने की सहमति देने के बाद फरीद जमानत पर रह सकता है। उसे एक लाख रुपये पाकिस्तानी का जमानती बांड सौंपने को कहा गया है।

उत्तर अमेरिका महाद्वीप में हुआ पूर्ण सूर्यग्रहण

मेस्काइट (अमेरिका)। समूचे उत्तर अमेरिका महाद्वीप में पूर्ण सूर्य ग्रहण की वजह से सोमवार को दिन में कुछ देर के लिए अंधेरा छा गया। यह अंधेरा चार मिनट 28 सेकंड रहा जो सात साल पहले अमेरिकी में सूर्य ग्रहण के दौरान हुए अंधेरे के समय की तुलना में लगभग दोगुना था क्योंकि चंद्रमा पृथ्वी के करीब था। चंद्रमा की छाया को पूरे महाद्वीप में 6,500 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करने में केवल एक घंटे 40 मिनट का समय लगा। यह अमेरिका के कई अहम शहरों से होकर गुजरा। उत्तरी अमेरिका में लगभग हर कोई कम से कम आंशिक ग्रहण देख सका। सूर्य ग्रहण को महाद्वीप में रिकॉर्ड संख्या में लोगों ने देखा। सूर्य ग्रहण मेक्सिको के प्रशांत तट से शुरू हुआ और अमेरिका के टेक्सास और 14 अन्य राज्यों से गुजरता हुआ न्यूफ़ाउंडलैंड के पास उत्तरी अटलांटिक में खत्म हो गया। जब सूर्य ग्रहण शुरू हुआ तो टेक्सास के अधिकांश हिस्सों में आसमान में बादल छा गए। टेक्सास के जॉर्ज टाउन में आसमान साफ था, जहां लोगों ने स्पष्ट सूर्यग्रहण देखा। जॉर्ज हाउस निवासी सुजैन रॉबर्टसन ने कहा कि वह अपने आपको भाग्यवान मानती हैं कि वह इस ग्रहण को देख सकीं।

राम मंदिर के निर्माण से इंडी गठबंधन को नफरत : नरेन्द्र मोदी

कांग्रेस व सपा के राज में गन्ना किसानों को पैसे के लिए तरसाया जाता था

पीलीभीत,एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को पीलीभीत से भाजपा उम्मीदवार जितिन प्रसाद के समर्थन में राजकीय इंटर कालेज में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित किया। जनता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सपा कांग्रेस के इंडी गठबंधन को भारत के विरासत की परवाह नहीं है। राम मंदिर के निर्माण से इंडी गठबंधन को पहले भी नफरत थी और आज भी नफरत है। भाजपा के स्व. कल्याण सिंह ने राम मंदिर के लिए सत्ता त्यागी, जबकि इंडी गठबंधन ने राम मंदिर का निमंत्रण ठुकराकर अपमान किया है।

उन्होंने कहा कि मोदी की गांरटी याने गारंटी पूरा होने की गारंटी। इंडी गठबंधन ने शक्ति को खत्म करने की सौगंध खाई है। जिस शक्ति की आज देशभर में पूजा हो रही है उस शक्ति का कांग्रेस ने घोर अपमान किया है। शक्ति को कोई उपासक इंडी गठबंधन को इस अपमान के लिए माफ नहीं करेगा।

कहा कि कांग्रेस व सपा के राज में गन्ना किसानों को अपने ही पैसे के लिए तरसाया जाता था। भाजपा सरकार में गन्ना किसानों की परेशानी कम करने के लिए पूरी ताकत से काम किया और योगी जी तो पहले दिन से गन्ना किसानों की परेशानी दूर करने के लिए कई कदम उठाये। यह काम लगातार किया जा रहा है। सपा बसपा कांग्रेस के 14 साल में जितने रुपए गन्ना किसानों को मिले थे, उससे ज्यादा पैसे योगी सरकार ने गन्ना किसानों को दे दिये हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हम लोग विकसित भारत के संकल्प को लेकर काम कर रहे हैं। भारत के लिए कुछ भी असंभव नहीं है। जनता से सवालिया लहजे में मोदी ने पूछा दुनिया में भारत तेजी से बढ़ती आर्थिक ताकत बना तो आपको गर्व हुआ कि नहीं? हमारे चन्द्रयान ने जब चाँद पर तिरंगा फहराया,भारत में हुए भव्य जी—20 सम्मेलन की पूरी दुनिया में वाहवाही हुई आपको गर्व हुआ कि नहीं? नरेन्द्र मोदी ने कहा कि कोरोना संकट में भारत ने पूरी दुनिया में दवाईयां भेजी व वैक्सीन भेजी। दुनिया में कहीं भी युद्ध का संकट आया हो। हम एक-एक भारतीय को सुरक्षित वापस लाये। देश जब मजबूत होता है तो दुनिया उसकी सुनती है। अब आप बताओ दुनिया में भारत का डंका बज रहा है कि नहीं। यह सब मोदी ने नहीं आपके एक वोट ने किया है। यह आपके वोट की ताकत है। आपके एक वोट से मजबूत निर्णायक व सशक्त सरकार बनी। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब नियत सही होती है, हौंसले बुलंद होते हैं तो नतीजे भी सही मिलते हैं। चारों तरफ विकसित भारत का निर्माण होते हम देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि बांसुरी की सुरीली आवाज है तो दूसरी ओर टाईगर की दहाड़ भी है। यहां के नौजवानों के लिए रोजगार व स्वरोजगार के अवसर बन रहे हैं। पीलीभीत का पूरा क्षेत्र खेती किसानी के लिए जाना जाता है। 10 वर्ष पहले तक किसानों की क्या स्थिति थी। यूरिया की कालाबाजारी होती थी। किसानों को लाठियां खानी पड़ती थी। मोदी ने कहा पीलीभीत में आशीर्वाद देने आए परिवारजनों को आश्वस्त करता हूं कि आपके जीवन को आसान बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोडूंगा। मेरे जीवन का हर पल, हर क्षण जनसेवा और राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित है।

ग्लोबल पावर बनने की ओर अग्रसर भारत : मुख्यमंत्री योगी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत एक ग्लोबल पावर बनने की ओर अग्रसर है। भारत बदल रहा है। बदलते भारत में सुरक्षा व समृद्धि भी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गन्ना किसानों के गन्ना मूल्य का भुगतान समय पर हो रहा है। कोई सोचता था कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर बन पायेगा। यह संभव हो पाया है प्रधनमंत्री नरेन्द्र मोदी के कारण। विकसित भारत की संकल्पना को लेकर मोदी जी आपके बीच आये हैं। 2014 में 2019 में देश के मतदाताओं ने मोदी के नेतृत्व पर विश्वास किया और आज बदलते हुए भारत को सब देख रहे हैं। उल्लेखनीय है कि पीलीभीत से भाजपा सांसद वरूण गांधी का टिकट काटकर उत्तर प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद को उम्मीदवार बनाया गया है। जनसभा को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने भी संबोधित किया। पीलीभीत पहुंचने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने प्रधानमंत्री को बांसुरी भेंटकर स्वागत किया। मंच पर केन्द्रीय मंत्री बीएल वर्मा,बरेली लोकसभा उम्मीदवार छत्रपाल गंगवार,पीलीभीत से भाजपा उम्मीदवार जितिन प्रसाद,पूर्व केन्द्रीय मंत्री संतोष गंगवार,प्रदेश सरकार के मंत्री राकेश सचान व बलदेव सिंह ओलख,पूर्व मंत्री सुरेश राणा व प्रदेश महामंत्री संतोष सिंह समेत पार्टी के कई नेता मौजूद रहे।

टीएमसी नेताओं ने दिल्ली के मंदिर मार्ग पुलिस थाने में रात में धरना जारी रखा

नई दिल्ली, एजेंसी

निर्वाचन आयोग के कार्यालय के बाहर धरने के दौरान दिल्ली पुलिस द्वारा हिरासत में लिये गये तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेताओं ने अपना प्रदर्शन मंगलवार की सुबह भी मंदिर मार्ग पुलिस थाने में जारी रखा। दस सदस्यीय टीएमसी प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को निर्वाचन आयोग की पूर्ण पीठ से मुलाकात की और मांग की कि प्रवर्तन निदेशालय, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो, राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण और आयकर विभाग के प्रमुखों को बदला जाए क्योंकि वे सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कथित इशारे पर काम कर रहे हैं। टीएमसी नेताओं ने बाद में घोषणा की कि वे निर्वाचन आयोग कार्यालय के बाहर 24 घंटे के धरने पर बैठे हैं। प्रतिनिधिमंडल में राज्यसभा सांसद डेरेक ओह्लब्रायन, मोहम्मद नदीमुल हक, डोला सेन, साकेत गोखले, सागरिका घोष, विधायक विवेक गुप्ता, पूर्व सांसद अर्पिता घोष, शांतनु सेन और अबीर रंजन विश्वास और टीएमसी की पश्चिम बंगाल छात्र इकाई के उपाध्यक्ष सुदीप राहा शामिल थे। बाद में नेताओं को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में ले लिया और वहां से बलपूर्वक हटा दिया। पुलिस ने कहा कि उसने टीएमसी नेताओं को सोमवार रात रिहा कर दिया। हालांकि, नेता रातभर थाने में ही डटे रहे और अपना धरना जारी रखा। ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली टीएमसी आरोप लगाती रही है कि केंद्रीय जांच एजेंसियां भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के इशारे पर लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी दलों को निशाना बना रही हैं।

ईडी ने द्रमुक के पूर्व पदाधिकारी जाफर सादिक एवं अन्य के परिसरों पर छापे मारे

चेन्नई, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के पूर्व पदाधिकारी जाफर सादिक और अन्य के खिलाफ मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के तहत तमिलनाडु के कई शहरों में मंगलवार को छापेमारी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि निदेशालय के अधिकारी केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के साथ मिलकर धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत राज्य की राजधानी चेन्नई, मदुरै और तिरुचिरापल्ली में 25 परिसरों की तलाशी ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि सादिक, फिल्म निर्देशक अमीर और कुछ अन्य लोगों के परिसरों पर छापे मारे जा रहे हैं। सादिक तमिल फिल्मों के निमार्ता भी हैं। स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्करी गिरोह की जांच के सिलसिले में सादिक को पिछले महीने गिरफ्तार किया था। उन्हें 3,500 किलोग्राम स्यूडोएफेड्राइन की तस्करी में संलिप्तता के आरोप में गिरफ्तार किया गया था जिसकी बाजार में कीमत दो हजार करोड़ रुपये से अधिक है। स्यूडोएफेड्राइन मादक पदार्थ बनाने में इस्तेमाल होने वाला रसायन है। प्रवर्तन निदेशालय ने एनसीबी के इस मामले और कुछ अन्य प्राथमिकियों का संज्ञान लेने के बाद सादिक और अन्य के खिलाफ धनशोधन का मामला दर्ज किया था। एनसीबी ने बताया कि सादिक के तार तमिल और हिंदी फिल्म जगत से जुड़े हुए हैं। उन्होंने बताया कि कुछ हाई प्रोफाइल लोगों के साथ-साथ राजनीतिक वित्तपोषण के कुछ मामले एजेंसी की जांच के दायरे में हैं। सादिक को सत्तारूढ़ द्रमुक से फरवरी में निष्कासित किया गया था।

उत्तर प्रदेश में डबल इंजन सरकार ने युवाओं के साथ धोखा किया: कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश के पीलीभीत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनसभा से पहले मंगलवार को आरोप लगाया कि देश की सबसे ज्यादा आबादी वाले राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की डबल इंजन सरकार ने युवाओं के साथ धोखा किया है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह सवाल भी किया कि नई नौकरियों के सृजन और पेपर लीक की समस्या को लेकर प्रधानमंत्री मोदी के पास क्या दृष्टिकोण है? प्रधानमंत्री मोदी आज पीलीभीत में जनसभा को संबोधित करेंगे। रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, आज, प्रधानमंत्री उत्तर प्रदेश में हैं। यह एक ऐसा राज्य है जहां युवाओं को भाजपा की डबल इंजन सरकार ने धोखा ही धोखा दिया है। शायद आज प्रधानमंत्री अपने दिखावटी भाषणों के बीच राज्य के युवाओं की इन समस्याओं पर बात करें। उन्होंने कहा ह्यपिछले साल मुख्यमंत्री योगी ने वादा किया था कि वह अगले 3-4 वर्षों में राज्य में दो करोड़ नई नौकरियों के अवसर पैदा करेंगे।

गोवा में काजू बागान में विस्फोट के बाद व्यवसायी गिरफ्तार

पणजी, एजेंसी

उत्तरी गोवा जिले के एक गांव में एक स्थानीय व्यवसायी के काजू बागान में हुए भीषण विस्फोट के बाद उसे मंगलवार को सुबह गिरफ्तार कर लिया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि सोमवार शाम अंसोलेम गांव में हुई घटना के बाद पूरे इलाके को सील कर दिया गया। उन्होंने बताया कि विस्फोटक विशेषज्ञों के साथ एक फोरेंसिक टीम मंगलवार को सुबह घटनास्थल पर पहुंची।

पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच के अनुसार, अंसोलेम गांव में निजी काजू बागान के एक गोदाम में रखी जिलेटिन की छड़ में सोमवार रात करीब आठ बजे विस्फोट हो गया। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ लेकिन विस्फोट के कारण बागान के आसपास के कई मकानों में दरारें आ गईं और जहां विस्फोटक रखा गया था, वह ढांचा ढह गया। उन्होंने बताया कि विस्फोट की आवाज करीब चार किलोमीटर दूर स्थित वालपोई शहर तक भी सुनी गई। उन्होंने कहा कि घटना के समय वालपोई शहर में शिम परेड में बड़ी संख्या में लोग भाग ले रहे थे।

अधिकारी ने कहा कि वालपोई पुलिस ने उत्तरी गोवा के सत्तारी तालुका के भिरौंडा पंचायत के अंसोलेम गांव में नसीर हुसैन जामदार के स्वामित्व वाले काजू बागान में विस्फोट के बाद सोमवार रात उसे गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 436, 427 और 286 और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के प्रावधान के तहत मामला दर्ज किया गया है।

अधिकारी ने कहा, जिस ढांचे में विस्फोटक रखे गए थे, वह पूरी तरह से ढह गया। विस्फोट का प्रभाव इतना जबर्दस्त था कि दो-तीन किलोमीटर दूर स्थित मकानों में दरारें आ गईं। पुलिस ने बताया कि इसकी जांच की जा रही है कि इतनी बड़ी मात्रा में विस्फोटक कैसे खरीदा गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आसपास के इलाकों में स्थित स्टोन क्रशर संयंत्रों में जिलेटिन विस्फोटकों का इस्तेमाल किया जा रहा था। स्थानीय विधायक देविया राणे ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि दोषियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। राणे ने सोमवार रात पोस्ट में कहा, ह्यलोगों को सूचित किया जाता है कि हमें भिरौंडा पंचायत के अंसोलेम गांव में विस्फोट की सूचना मिली है। घटनास्थल पर किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। उन्होंने कहा, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की जाएगी और गहन जांच की जा रही है। जांच पूरी होने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

उत्तराखंड में अनियंत्रित वाहन खाई में गिरा, आठ लोगों की मौत

देहरादून/नैनीताल। उत्तराखंड के नैनीताल जनपद से पड़ोसी देश नेपाल जा रहा एक वाहन अनियंत्रित होकर मंगलवार सुबह गहरी खाई में जा गिरा। हादसे में चालक सहित कुल आठ लोगों की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई, जबकि दो यात्री घायल हैं। मृतकों में चालक के अलावा, सभी नेपाल के निवासी हैं। राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा ने बताया कि आज आपदा कंट्रोल रूम, नैनीताल द्वारा एसडीआरएफ टीम को सूचित किया गया कि बेतालघाट के पास एक वाहन खाई में दुर्घटनाग्रस्त हो गया है, जिसमें बचाव हेतु टीम की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि सूचना पर एसडीआरएफ टीम उप निरीक्षक राम सिंह बोरा के नेतृत्व में आवश्यक बचाव उपकरणों के साथ तत्काल घटनास्थल पहुंची। जहां ऊँचाकोट से महेंद्रनगर, नेपाल की ओर जा रहा वाहन दुर्घटना ग्रस्त हो गया था। वाहन में कुल 10 लोग सवार थे। श्री मिश्र ने बताया कि बचाव टीम द्वारा घटनास्थल में लगभग 150 मीटर नीचे गहरी खाई में उतरकर राहत एवं बचाव अभियान चलाया गया। स्थानीय लोगों एवं पुलिस के साथ मिलकर संयुक्त बचाव अभियान में एसडीआरएफ टीम द्वारा घटना में मृत 08 लोगों के शवों को बाहर निकाला गया एवं 02 अन्य घायलों को निकालकर अस्पताल भिजवाया गया। उन्होंने बताया कि विशराम चौधरी, (50), अंतराम चौधरी (40), गोपाल बसनियत, (60) उदयराम चौधरी, (55) विनोद चौधरी, (30), तिलक चौधरी, (45) धीरज चौधरी (45) सभी निवासी महेंद्रनगर (नेपाल) और वाहन चालक राजेन्द्र कुमार पुत्र हरिराम, निवासी- बासकोट, बेतालघाट, नैनीताल (उत्तराखंड) की मौके पर ही मृत्यु हो गई है। जबकि छोटू चौधरी उर्फ जनल और शांति चौधरी पुत्र धीरज चौधरी, निवासी महेन्द्रनगर, नेपाल को उपचारार्थ अस्पताल भेजा गया है।

गोवा में काजू बागान में विस्फोट के बाद व्यवसायी को हिरासत में लिया गया

पणजी, एजेंसी

उत्तरी गोवा जिले के एक गांव में एक स्थानीय व्यवसायी के काजू बागान में हुए भीषण विस्फोट के बाद उसे हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच के अनुसार, अंसोलेम गांव में निजी काजू बागान के एक गोदाम में रखी जिलेटिन की छड़ें सोमवार रात करीब आठ बजे फट गईं। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ लेकिन विस्फोट के कारण बागान के आसपास के कई मकानों में दरारें आ गईं और जहां विस्फोटक रखा गया था वह ढांचा ढह गया।

उन्होंने बताया कि विस्फोट की आवाज विस्फोट स्थल से चार किलोमीटर दूर स्थित वालपोई शहर तक भी सुनी गई। उन्होंने कहा कि घटना के समय वालपोई शहर में शिम्मो परेड में बड़ी संख्या में लोग भाग ले रहे थे। अधिकारी ने कहा कि वालपोई पुलिस ने उत्तरी गोवा के सत्तारी तालुका के भिरौंडा पंचायत के अंसोलेम गांव में नसीर हुसैन जामदार के स्वामित्व वाले काजू बागान में विस्फोट के बाद सोमवार रात उसे हिरासत में ले लिया।

अधिकारी ने कहा, जिस ढांचे में विस्फोटक रखे गए थे, वह पूरी तरह से ढह गया। विस्फोट का प्रभाव इतना जबर्दस्त था कि दो-तीन किलोमीटर दूर स्थित मकानों में दरारें आ गईं। पुलिस ने बताया कि इसकी जांच की जा रही है कि इतनी बड़ी मात्रा में विस्फोटक कैसे खरीदा गया। पुलिस ने बताया कि शुरूआती जानकारी से पता चला है कि आसपास के इलाकों में स्थित स्टोन क्रशर संयंत्रों में जिलेटिन विस्फोटकों का इस्तेमाल किया जा रहा था। पुलिस ने कहा कि पूरे इलाके को सील कर दिया गया है और जांच के लिए फोरेंसिक टीम को बुलाया जाएगा और घटना की गहन जांच की जाएगी। स्थानीय विधायक देविया राणे ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि दोषियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। राणे ने सोमवार रात पोस्ट में कहा, ह्यलोगों को सूचित किया जाता है कि हमें भिरौंडा पंचायत के अंसोलेम गांव में विस्फोट की सूचना मिली है, घटनास्थल पर किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। उन्होंने कहा, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की जाएगी और गहन जांच की जा रही है। जांच पूरी होने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

सम्मान राजू वाघमारे ने बताया कि कांग्रेस पार्टी इस समय दबाव के दौर से गुजर रही है और खुद कोई भी निर्णय नहीं ले पा रही है...

कांग्रेस प्रवक्ता राजू वाघमारे शिंदे की शिवसेना में शामिल

मुंबई, एजेंसी

कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता राजू वाघमारे ने मंगलवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता सहित सभी पदों से इस्तीफा दे दिया और शिंदे समूह की शिवसेना में शामिल हो गए हैं। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने राजू वाघमारे को पार्टी में उचित सम्मान देने की बात कही है। दरअसल, राजू वाघमारे के कांग्रेस पार्टी से पिछले कई महीनों से नाराज चलने की खबरें आ रही थीं। मंगलवार को वाघमारे ने कांग्रेस के सभी पदों का इस्तीफा दिया और शिंदे समूह में शामिल हो गए। राजू वाघमारे ने बताया कि कांग्रेस पार्टी इस समय दबाव के दौर से गुजर रही है और खुद कोई भी निर्णय नहीं ले पा रही है। शिवसेना यूबीटी ने मुंबई उत्तर पश्चिम संसदीय सीट और सांगली संसदीय सीट पर समझौता से पहले ही अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया। इसी तरह राकांपा ने बिना समझौता भिवंडी संसदीय सीट पर अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया है। इससे पार्टी में कार्यकताओं में भारी असंतोष है और कार्यकताओं को लगने लगा है कि महाराष्ट्र में कांग्रेस पार्टी उद्धव ठाकरे चला रहे हैं। इसी वजह से उन्होंने कांग्रेस पार्टी छोड का निर्णय लिया है और शिंदे समूह में शामिल हो गए हैं। उल्लेखनीय है कि इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण, पूर्व सांसद मिलिंद देवड़ा, बाबा सिद्दीकी सहित कई नेता कांग्रेस पार्टी छोड़ चुके हैं। इससे कांग्रेस पार्टी को करारा झटका लगा है।

बंगाल में पहले चरण के चुनाव में 37 उम्मीदवार, 10 हैं करोड़पति

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में तीन लोकसभा सीट जलपाईगुड़ी (एससी), कूचबिहार (एससी) और अलीपुरद्वार (एसटी) से चुनाव लड़ रहे 37 उम्मीदवार में से 10 करोड़पति हैं। इन उम्मीदवारों के हलफनामे की समीक्षा में यह बात सामने आई है। जलपाईगुड़ी, कूचबिहार और अलीपुरद्वार लोकसभा क्षेत्रों में पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होगा। द वेस्ट बंगाल इलेक्शन वॉच एंड एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने कहा कि 10 करोड़पति उम्मीदवारों में तीन निर्दलीय उम्मीदवार, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) एवं तृणमूल कांग्रेस के दो-दो और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा), कांग्रेस एवं रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी (आरएसपी) के एक-एक उम्मीदवार शामिल हैं। जलपाईगुड़ी (सुरक्षित) लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे माकपा के देबराज बर्मन के पास सबसे अधिक 3,89,89,468 रुपये की संपत्ति है। सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (एसयूसीआई) के चंदन उरांव 12,117 रुपये की संपत्ति के साथ सबसे कम पूंजी वाले उम्मीदवार हैं। वह अलीपुरद्वार (एसटी) से चुनाव लड़ रहे हैं। एडीआर के मुताबिक, पांच उम्मीदवारों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं, जिनमें से चार के खिलाफ गंभीर मामले दर्ज हैं। उम्मीदवारों के शिक्षा संबंधी विवरण के विश्लेषण से पता चला कि इनमें से 16 ने आठवीं से 12वीं तक की पढ़ाई की है जबकि 20 स्नातक हैं या उनके पास उच्च शिक्षा की डिग्री है।